


ऑपरेशन सिंदूर

# जागरूक टाइम्स


मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-283 ▶ मुंबई, रविवार, 11 मई 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



## सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन से चल रहा संघर्ष थम गया है। पाकिस्तान की ओर से घुटने टेके जाने के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ है। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा। विपाकिस्तान की ओर से भारत से संपर्क करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बन गई है। इसमें कोई पूर्व-शर्त या बाद की शर्तें नहीं हैं। सिंधु जल संधि स्थगित है। अन्य सभी उपाय स्थगित हैं।



**नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को संघर्ष विराम हो गया। भारतीय सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट पर आए पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की है। विदेश सचिव की यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा था कि भारत और पाकिस्तान अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता के बाद "पूर्ण और तत्काल" युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं।**

**भारत और पाकिस्तान में संघर्ष विराम लागू** | **पाकिस्तान ने लगाई गुहार, फिर माना भारत** | **अमेरिका की मध्यस्थता, ट्रंप ने की घोषणा**

भारतीय सेना का बड़ा बयान

## पाकिस्तान के एयरबेस तबाह

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हवाई हमले की कई कोशिशें कीं, लेकिन भारत ने उसकी हर कोशिश को नाकाम कर दिया। जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला कर उसे भयंकर नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण एयरबेसों स्कार्दू, जैकोबाबाद और भोलारी को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारत ने पाकिस्तानी सेना के स्कार्दू, सरगोधा सैन्य ठिकानों को भी काफी नुकसान पहुंचाया।

# सीजफायर

### भारत और पाकिस्तान सीजफायर पर राजी



"अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि रात में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई लंबी बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं! इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!"

### भारत का रुख अडिग : जयशंकर



"संघर्ष विराम की पुष्टि करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। वह ऐसा करना जारी रखेगा। भारत के आगामी निर्णय अडिगता के साथ रहेंगे।

### कल फिर भारत-पाक करेंगे बात



"विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, 'पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने शनिवार दोपहर 3:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार 8 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। बाद में दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए।

## अमेरिका ने पहले की थी पेशकश



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के साथ अलग-अलग बात की थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शनिवार सवेरे एक बयान में यह जानकारी दी थी। 7 मई को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों में तनाव काफी बढ़ गया था। ऐसे में रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने और सीधा संवाद फिर से स्थापित करने के तरीकों को तलाशने की कोशिश करें। रुबियो ने चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिकी समर्थन का प्रस्ताव दिया था।

### मुनीर और शहबाज से की बात

पाकिस्तान के विदेश मंत्री से बात करने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से भी बात की थी। रुबियो ने शहबाज शरीफ से भी बात की। इससे पहले शुक्रवार को व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को जितनी जल्दी हो सके, कम होते देखना चाहते हैं।

### पाकिस्तान ने डाले हथियार

विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि युद्ध विराम किसी बातचीत के जरिए या किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी के जरिए नहीं हुआ, बल्कि पाकिस्तान द्वारा खुद को आगे की कार्रवाई को सहन करने में असमर्थ पाए जाने के बाद हुआ।

## पाक ने तोड़ा सीजफायर

**जम्मू/जैसलमेर।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी औकात दिखा दी है। सीजफायर के एलान के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान ने उल्लंघन कर दिया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनी गई है। अखनूर और जोगवां में फिर से गोलीबारी शुरू की गई है। कुछ चौकियों पर भी फायरिंग की गई है। मोर्टार व अन्य हथियारों से गोलाबारी की जा रही है। केरी बट्टल के अलावा कुछ स्थानों पर फायरिंग हुई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के ताबड़तोड़ हमलों से बैकफुट पर आए पाकिस्तान ने युद्ध विराम की घोषणा के बाद एक बार फिर से अपनी नापक चाल चल दी है।



- ▶▶ राजौरी में ब्लैकआउट, उधमपुर में धमाका
- ▶▶ बारामूला-छंब में गोलीबारी, दिखे ड्रोन
- ▶▶ श्रीनगर में सुनाई दी धमाकों की आवाज
- ▶▶ बाड़मेर में ड्रोन हमला, फिर ब्लैकआउट
- ▶▶ पोकरण और जैसलमेर में दिखी हलचल

### राजौरी में ब्लैकआउट

▪ पाकिस्तान अपनी बात पर चार घंटे भी नहीं टिक पाया। सीजफायर का ऐलान होने के कुछ देर बाद ही उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के हिस्सों में भारी गोलाबारी शुरू कर दी। अखनूर, सुंदरबनी, राजौरी और सांबा सेक्टर में पाकिस्तानी सेना ने शेलिंग करना जारी रखा है। राजौरी में तो हालात को देखते हुए पावर सप्लाई को तुरंत रोक दिया गया, जिससे वहां अंधेरा छा गया। पाकिस्तान ने उधमपुर में भी ड्रोन और मिसाइल दागे। जिसके बाद वहां सायरन बजने लगे। यहां तक कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर और पठानकोट से भी तेज धमाकों की आवाज आ रही है, जिसके बाद दोनों स्थानों पर ब्लैकआउट कर दिया गया।

### सख्ती से निपट रही सेना

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि संघर्ष विराम लागू करने को लेकर DGMO स्तर पर बनी सहमति का उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारत मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। सरकार ने ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दे दिए हैं।

### तुम आंख दिखाओगे, हम घुसकर मारेंगे

▪ जम्मू-कश्मीर में सीजफायर का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान ने एक के बाद एक कर कई ड्रोन हमले किए हैं। पठानकोट, उधमपुर और लाल चौक सहित कई इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन दिखे हैं। वहीं भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब देना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के पेशावर और पीओके में स्थित भिंबर में ड्रोन से हमला किया गया है। पेशावर में तो जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी है। पेशावर में भारी गोलीबारी भी हुई है।

भारत का फैसला



## कोई भी आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा

### आतंकी गतिविधि बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद केन्द्र की मोदी सरकार ने शनिवार को आतंकवाद के खिलाफ सख्त रवैया दिखाने का फैसला किया है कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी कार्रवाई को भारत के विरुद्ध युद्ध कार्रवाई माना जाएगा और जवाब भी उसी तरह दिया जाएगा। भारत सरकार का कहना है कि उसकी ओर से जो कार्रवाई की जा रही है, वो पाकिस्तान के हमले के बदले की जा रही है। भारत ने तय कर लिया है कि अब आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पीएम मोदी ने की बैठक

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक शनिवार सवेरे भारतीय हमले के बाद हुई।


### भारत हर सामना करने को तैयार

▪ भारतीय सेना ने बताया कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में तैनात कर रहा है, जो स्थिति को और तनावपूर्ण करने के उसके आक्रामक इरादे का संकेत देते हैं। भारत स्पष्ट संकेत दे चुका है कि वह किसी भी आक्रामक गतिविधि का सामना करने को तैयार है।

### भारत ने किया पाक का पर्दाफाश

▪ पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों ने हास्यास्पद दावा किया है कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान पर हमला किया है। इसकी प्रतिक्रिया देते हुए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शनिवार को दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत द्वारा अमृतसर की ओर मिसाइल दागने की झूठी खबर भी फैलाई। विदेश सचिव ने अफगान लड़ाकों पर पाकिस्तान के हमलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है। मैं केवल यह बताना चाहता हूं कि अफगान लोगों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि यह कौन सा देश है, जिसने पिछले डेढ़ साल में कई मौकों पर अफगानिस्तान में नागरिक बुनियादी ढांचे और आबादी को निशाना बनाया है।




## न्यूज BRIEF

### पाक के नौ सुरक्षा जवानों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवादियों से लड़ते हुए नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शनिवार को आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शाकाई तहसील में डांडा चौकी पर हमला किया था। हालांकि सेना की मीडिया शाखा की ओर से हमले के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

### जोधपुर में चार ब्लास्ट, बाजार बंद

**जोधपुर।** भारत-पाक में तनाव के बीच राजस्थान के जोधपुर जिले के दो गांव ढढू व उग्रास में एक साथ चार धमाके हुए हैं। इंडियन एयर डिफेंस सिस्टम ने संदिग्ध वस्तु को मार गिराया है और इस घटना में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। जोधपुर के जिला कलेक्टर ने अब लोगों से घरों में रहने अपील की है और कई दिशा निर्देश दिए हैं।

### रूस-यूक्रेन युद्ध विराम को तैयार


**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने के आसार नजर आ रहे हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिनों के पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। इससे पहले पुतिन ने विक्ट्री डे परेड के चलते एकतरफा 72 घंटे के युद्ध विराम की घोषणा की थी।

### सोशल मीडिया से पांच हजार पोस्ट हटाए

**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरें और गलत सूचना वाले 5000 पोस्ट हटा दिए हैं, एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर सेना की गतिविधियों, रणनीतिक अभियानों या पड़ोसी देशों की जवाबी कार्रवाई के बारे में फर्जी खबरें पाई गईं। साइबर अपराध का पता लगाने वाली एजेंसी ने सैन्य संघर्ष से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के प्रसार पर एक एडवाइजरी भी जारी की है। अधिकारी ने बताया, 'इस तरह की असत्यापित और भ्रामक सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है और संघर्ष को बढ़ाने में योगदान दे सकती है।'

स्कर्दू से भोलारी तक तबाही

## पाक की रीढ़ तोड़ गया ऑपरेशन सिंदूर



नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस कांफ्रेंस में पाकिस्तानी सेना की गलतबयानी की पोल खोल कर रख दी है। कमोडोर रघु नायर, कर्नल सोफिया और कुरैशी विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया के सामने पाकिस्तान की सेना के खोखले दावों की हवा निकाल दी। सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना का ये दावा कि भारत के हथियार भंडारों को नुकसान पहुंचाया गया है, पूरी तरह गलत है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि सेना की ओर से पाकिस्तान में किसी भी धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया गया।

▪ कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार के दावे के बारे में बताते हुए कि पाकिस्तान ने दावा किया कि S400 एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त हो गया, जो पूरी तरह गलत है। हमने पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया है। एलओसी पर पाकिस्तान की मिलिट्री को बहुत नुकसान हुआ है। पाकिस्तान का ADR और रडार सिस्टम ध्वस्त हुआ है। सेना ने पाकिस्तान की आर्मी और एयर फोर्स को नुकसान पहुंचाया है। जिनमें कई एयरबेस भी शामिल हैं। स्कर्दू और सरगोधा में पाकिस्तानी सेना को नुकसान पहुंचा है।

▪ भारतीय सेना ने कहा कि चंडीगढ़ और व्यास में भारत के फॉरवर्ड बेस के गोला बारूद भंडार पूरी तरह सेफ हैं। इसके साथ ही भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ 23 अप्रैल को लिए गए फैसले जारी रहेंगे। भारत ने सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए किसी का सहयोग नहीं मांगा है। दोनों देशों के DGMO की बातचीत फिर कायम हो गई है। संघर्ष विराम के लिए किसी तरह की पूर्व शर्त नहीं है। सरकार ने साफ किया कि करतारपुर के निलंबन का फैसला अभी जारी रहेगा।

## चीन के फैलाए झूठ का पर्दाफाश



**एस-400 पूरी तरह सुरक्षित**

**नई दिल्ली।** भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 पर चीन ने दुनिया में जो झूठ फैलाया था, उस पर भारत की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई है। भारत के एक रक्षा अधिकारी ने साफ किया है कि एस-400 पूरी तरह सुरक्षित है। 'एस-400 प्रणाली के नष्ट होने या किसी भी तरह के नुकसान की खबरें निराधार और फर्जी हैं।' चीन के मुख पत्र ग्लोबल टाइम्स समेत कुछ न्यूज रिपोर्ट्स में ये कहा गया था कि भारत के एस-400 सिस्टम को नुकसान पहुंचा है। रूस ने इस एयर डिफेंस सिस्टम को विकसित किया था और भारत ने 5.4 अरब डॉलर खर्च करके यह प्रणाली खरीदी थी। इसे दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम में से एक माना जाता है। इसके रडार की रेंज 600 किलोमीटर है। यानी 600 किलोमीटर के दायरे में आ रही मिसाइल की ये पहचान कर सकता है। भारत का ये एयर डिफेंस सिस्टम ड्रोन, लड़ाकू विमान, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ एडवांस फाइटर जेट को भी आसानी से ध्वस्त कर सकता है। इसमें चार मिसाइलें लगी हैं, जिनकी रेंज अलग-अलग है।

पाक रक्षा मंत्री का इंटरव्यू

## परमाणु हथियारों के विकल्प पर विचार नहीं



**इस्लामाबाद।** भारत-पाकिस्तान में पिछले तीन दिन से तनाव के हालात बने रहे। अब पाकिस्तान चाहता है कि कोई देश उनके बीच मध्यस्थता के लिए आए, ताकि उसे बचाया जा सके। शनिवार को उन्होंने कहा कि फिलहाल परमाणु विकल्प पर विचार नहीं किया जा रहा है। अगर ऐसी स्थिति आती है तो निरीक्षकों पर भी इसका असर पड़ेगा। ख्वाजा आसिफ अपनी आदत से मजबूर है। उन्हें मालूम है कि वे बैकफुट पर हैं, इसके बाद भी गीदड़ भभकी देने से नहीं चूक रहे हैं। वह दुनिया को बता रहे हैं कि यह केवल इस क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रहेगा, यह बहुत व्यापक हो सकता है।

## सोशल मीडिया पर झूठ फैला रहा पाक

### ▶▶ शिवानी सिंह को पकड़े जाने की खबर झूठी

### ▶▶ भारतीय ग्रिड पर कोई 'साइबर हमला' नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की जो छिछालेदर हो रही है, उससे वह हताश, निराश और जिल्लत महसूस कर रहा है। अब उसने भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सोशल मीडिया के जरिए अपनी आवाम को झूठी तसल्ली देने के लिए भारतीय महिला पायलट को पकड़े जाने की झूठी खबर को फैलाया है, जिसमें कई पाक समर्थकों की तरफ से दावा किया जा रहा है कि भारतीय एयरफोर्स की महिला पायलट शिवानी सिंह को पकड़ लिया गया है, जो पूरी तरह से झूठी खबर है और इस दावा भी पूरी तरह से गलत है। भारतीय महिला पायलट को पकड़े जाने की झूठी खबर के अलावा पाकिस्तान की तरफ से भारतीय ग्रिड पर भी साइबर हमले की झूठी खबर फैलाई जा रही है।

### विमान दुर्घटनाग्रस्त का वीडियो भी झूठा

सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की तरफ से एक वीडियो को काफी तेजी से वायरल किया जा रहा है, भारतीय वायुसेना का विमान का दुर्घटना दिखाई गई है। वहीं पीआईबी (प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो) ने अपने फैक्ट चेक में इस वीडियो को पूरी तरह से गलत बताया। पीआईबी ने जानकारी दी कि ये वीडियो आईएएफ के एक जगुआर विमान को दिखाता है, जो मार्च 2025 में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसका भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालात के संदर्भ में किसी तरह का कोई संबंध नहीं है।

### मारे गए आतंकियों की सूची

सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में लश्कर का आतंकी अबु जुंदाल, खालिद उर्फ अबू अकाशा मारा गया है। इस कार्रवाई में जैश का आतंकी हाफिज मोहम्मद जमील, मोहम्मद यूसुफ अजहर और मोहम्मद हसन खान भी ढेर हो चुका है।

# सिक्किम में नई रेलवे लाइन के सर्वेक्षण को मंजूरी

**मालीगांव।** रेल मंत्रालय ने सिक्किम राज्य में मेली से डेंटम तक वाया जोरेथांग और लेगशिप एक नई रेलवे लाइन के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) करने की मंजूरी दे दी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) द्वारा इस स्वीकृत सर्वेक्षण को निष्पादित किया जाएगा, जिसे लगभग 2.25 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। यह कदम सिक्किम के दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रस्तावित मार्ग का उद्देश्य एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की कमी को पूरा करना है, जो चिवाभंजयांग में भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित डेंटम जैसे दूरदराज के शहरों को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगा। सर्वेक्षण का निर्देश माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दिया गया है, जो सिक्किम के माननीय सांसद (लोकसभा) डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा की मांग के अनुरूप प्रस्तावित है। प्रारंभिक संभावित सर्वेक्षण के दौरान अनुमानित 75 कि.मी. लंबी नई लाइन की परिकल्पना निर्माणाधीन सेवक-रंगपो रेलवे लाइन के रणनीतिक विस्तार के रूप में की गई है, जिसके 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। दक्षिणी और पश्चिमी सिक्किम का एक प्रमुख प्रवेश बिंदु मेली प्रस्तावित विस्तार के लिए एक जंक्शन के रूप में काम कर सकता है, जिससे इस क्षेत्र के राष्ट्रीय परिवहन प्रणाली में निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित होगा। एफएलएस (फाइनल लोकेशन सर्वेक्षण) इस परियोजना के लिए अंतिम संरेखण, इंजीनयरी डिजाइन और अनुमानित लागत का तय करने के लिए आवश्यक विस्तृत तकनीकी और संभावित अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। इस नई कनेक्टिविटी परियोजना से क्षेत्र में आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की उम्मीद है, विशेष रूप से ग्यालशिंग और आसपास के क्षेत्रों में पहुंच, पर्यटन, व्यापार को बढ़ावा देकर और रोजगार के अवसर पैदा करके। एक बार पूरा हो जाने पर, यह रेलवे लिंक कनेक्टिविटी में काफी सुधार करेगा, जिससे माल और लोगों का आवागमन सुलभ होगा और पश्चिम सिक्किम के लोगों के लिए एक परिवर्तनकारी जीवन रेखा के रूप में कार्य करेगी। सर्वेक्षण के निष्पादन से संबंधित कार्य निविदाएं जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**▸▸ मेली से डेंटम तक वाया जोरेथांग और लेगशिप रेल ट्रैक फाइनल**
**▸▸ 2.25 करोड़ रुपए की आएगी लागत**



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

## बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच बढ़ाई सतर्कता

**मालीगांव।** देश भर में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के जवाब में, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने स्टेशनों, ट्रेनों और रेल परिसरों में अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल को काफी सुदृढ़ किया है। वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य में यात्री सुरक्षा पर अधिक जोर देने के साथ, ये उपाय बाल तस्करी, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों की तस्करी, पत्थरबाजी और अन्य अप्रिय घटनाओं जैसे खतरों से निपटने के लिए किए गए हैं। रेल अधिकारियों के साथ घनिष्ठ सहयोग में आरपीएफ पूरे नेटवर्क में सुरक्षा और निगरानी को सक्रिय रूप से बढ़ा रहा है। इसमें रेलवे स्टेशनों और ट्रैक रूटों पर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वित संयुक्त गश्त शामिल है। अपने गहन सुरक्षा प्रयासों के तहत, पू.सी. रेलवे ने जिला प्रशासन के सहयोग से महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर सफलतापूर्वक समन्वित मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इन अभ्यासों में, एयर सायरन अलर्ट और ब्लैकआउट प्रोटोकॉल शामिल थे, जिनका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में तैयारियों का परीक्षण और उसे बेहतर करना था। यात्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पू. सी. रेलवे ने मजबूत एंटी-क्राइम पेट्रोल (एसीपी) इकाइयों और समर्पित महिला सुरक्षा टीमों को तैनात करके महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत किया है। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सभी यात्रियों की गरिमा तथा सुरक्षा के लिए तस्करी विरोधी अभियान भी तेज कर दिए गए हैं। हाल की एक घटना में, 8 मई 2025 को, ट्रेन संख्या 14620 अप (त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस) में नियमित ड्यूटी करते समय पू. सी. रेलवे की आरपीएफ ने असाधारण सतर्कता दिखाई। खाली जनरल कोच के निरीक्षण के दौरान, उनलोगों को अपर बर्थ पर दो लावारिस बैग मिले। जांच करने पर बैग में 8 पिस्तौल और 16 मैगजीन दिखे। आरपीएफ टीम ने तुरंत आग्नेयास्त्रों को सुरक्षित कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उसे अगरतला आरपीएफ पोस्ट लाया। इसके बाद, त्रिपुरा के महानिदेशक (खुफिया) ने घटना और सफल जब्ती की समीक्षा करने के लिए अगरतला रेलवे स्टेशन का दौरा किया। निरीक्षण के समय, महानिदेशक ने रेलवे सुरक्षा सुनिश्चित करने में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए आरपीएफ जवान अंजन पाल और अशिम ऐच की व्यक्तिगत रूप से सराहना की। एनएफआर यात्रियों और रेल संपत्तियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। उभरती चुनौतियों के जवाब में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। आरपीएफ अटूट परिश्रम और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गहरी प्रतिबद्धता के साथ, सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं विश्वसनीय रेल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सक्रिय कदम उठा रहा है।

- आठ मई को मिले कोच में दो लावारिस बैग
- बैग में आठ पिस्तौल और 16 मैगजीन बरामद

## स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/04/2025-26 तारीख: 09-05-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्ननिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं।

**क्रमिक संख्या 1. निविदा संख्या. 10/25/3804/ओटी/28/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 12-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** एलिमेंट फ़िल्टर फाइवरग्लास/डैक्रॉन-6 इंच आईडी x 8 इंच ओडी x 12 इंच लंबाई से ईएमडी पार्ट संख्या- 840206बी [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] (1) परिमाण- न्यू गुवाहाटी डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 450.00 संख्यक, ii) परिमाण: सिलीगुड़ी जंक्शन डीजल डिपो, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1500.00 संख्यक। पीएल संख्या- 17453057।

**क्रमिक संख्या 2. निविदा संख्या. 60/24/5112/ओटी/29/2025-26 बंद/खुलने की तारीख: 19-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** 1) रोटरी स्क्रू विद्युतचालित एयर कंप्रेसर कैप: 500 सीएफएम की आपूर्ति स्थापन और कमिशनिंग, सहवर्ती सामान सहित 10 किलोग्राम / सेमी वर्ग, मशीन को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक किसी भी अन्य साजो-सामान की लागत, वारंटी अवधि के 1 और 2 के दौरान निवारक रखरखाव की लागत (सभी स्पेयर्स और कनज्यूमेबल्स सहित)। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हां, स्टेजेस: 4) [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाण- एसएसई/डेमु/आईसी/सिलीगुड़ी जंक्शन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1 सेट, पीएल. संख्या.- 650502550035। 2) दफा 17 के अनुसार वारंटी के बाद पांच साल के लिए विस्तृत एएमसी की लागत (यदि आवश्यक हो तो वारंटी अवधि पूरी होने के बाद परेषिती एएमसी शुरू करेगा) (वाणिज्यिक मूल्यांकन का हिस्सा नहीं होगा) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद महीने, एएमसी अवधि: 5 साल, छूट की दर: 2 वर्ष के बाद 10% प्रारंभ) [निरीक्षण संस्था: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागू नहीं, स्टेजेस 0], परिमाणः एसएसई/डेमु/आईसी/सिलीगुड़ी ज., एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1 सेट। पीएल संख्या. 65050257। (3) रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर कंप्रेसर कैपः 500 सीएफएम की आपूर्ति, स्थापन और कमिशनिंग, 10 किग्रा / सेमी वर्ग सहवर्ती सामान सहित, मशीन को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक किसी भी अन्य साजो-सामान की लागत, वारंटी अवधि के 1 और 2 के दौरान निवारक रखरखाव की लागत (सभी स्पेयर्स और कनज्यूमेबल्स सहित) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने) (निरीक्षण एजेंसी टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हां, स्टेजेस: 4] (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), परिमाण- एसएसई/एमडब्ल्यूएस/एफडीबीडब्ल्यूएस, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट, पीएल संख्या.-650506290019। (4) दफा 17 के अनुसार वारंटी के बाद पांच साल के लिए व्यापक एएमसी की लागत (यदि आवश्यक हो तो वारंटी अवधि पूरी होने के बाद परेषिती एएमसी शुरू करेगा) (वाणिज्यिक मूल्यांकन का हिस्सा नहीं होगा) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद महीने), एएमसी अवधि: 5 साल, छूट की दर: वर्ष 2 के बाद 10% प्रारंभ) [निरीक्षण एजेंसी सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागू नहीं, स्टेजेस- 0] आईटम टाइपः एएमसी, परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशाप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल संख्या. 65050633। 5) रोटरी स्क्रू विद्युतचालित एयर कंप्रेसर कैप 500 सीएफएम 10 kg की आपूर्ति, स्थापन और कमीशनिंग। सहवर्ती सामान सहित, मशीन को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक साजो-सामान की लागत, वारंटी अवधि के 1 "और 2 के दौरान निवारक रखरखाव की लागत (सभी स्पेयर्स और कनज्यूमेबल्स सहित) [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हां, स्टेजेस: 4] (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति)। परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/न्यू बोंगाईगांव एनएफआर (असम) के लिए 1 संख्यक। पीएल संख्या.-650508060017। 6) दफा 17 के अनुसार वारंटी के बाद पांच साल के लिए व्यापक एएमसी की लागत (यदि आवश्यक हो तो वारंटी अवधि पूरी होने के बाद परेषिती एएमसी शुरू करेगा) (वाणिज्यिक मूल्यांकन का हिस्सा नहीं होगा) [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद महीने, एएमसी अवधि: 5 वर्ष, छूट की दर: वर्ष 2 के बाद 10% प्रारंभ) [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागु नहीं, स्टेजेस: 0] आइटम टाइपः एएमसी, परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/न्यू बोंगाईगांव एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल संख्या. 60508083। (7) रोटरी स्क्रू विद्युतचालित एयर कंप्रेसर कैपः 500 सीएफएम की आपूर्ति, स्थापन और कमिशनिंग, 10 किग्रा/सेमी वर्ग सहवर्ती साजो-सामान सहित, मशीन को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक किसी भी अन्य साजो-सामान की लागत, वारंटी अवधि के 1 और 2 के दौरान निवारक रखरखाव की लागत (सभी स्पेयर्स और कनज्यूमेबल्स सहित) [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद] [निरीक्षण एजेंसी टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हां, स्टेजेस: 4] (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति)। परिमाणः एसएसई/डी/न्यू गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल नंबर 650500072377।

**क्रमिक संख्या 3. निविदा संख्या. 30/24/1112/ओटी/30/2025-26 बंद/खुलने की तारीख: 19-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** आरसीएफ डीआरजी नंबर -एलडब्ल्यू 56350 के लिए एड वॉल डोर कमप्लिट, एएलटी-एच एमएटी एसपीईसी.-एमडीटीएस 082 (आरईवी -4), वारंटी: आपूर्ति की तारीख से 84 महीने के भीतर या कोचों के चालू होने की तारीख से 72 महीने, जो भी पहले हो और अपनी लागत और जोखिम पर इसे प्रतिस्थापन करना होगा। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 84 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0] (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटमः 2400002, एलएचबी कोचों के लिए स्लाइडिंग डोर सव आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति) (1) परिमाणः न्यू बोंगाईगांव/वर्कशप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 45 संख्यक, 2) परिमाणः डिब्रूगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए-45 संख्यक, (3) परिमाणः पांडु/जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए-6 संख्यक। पीएल नंबर 33566331।

**क्रमिक संख्या 4. निविदा संख्या. 10/25/3798/ओटी/31/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 23-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** एलिमेंट फिल्टर और डीएलडब्ल्यू पार्ट संख्या- 17452168 से ईएमडी पार्ट संख्या- 8470903, एमपी. टीपी-50, आरईवी. 0.01, जुलाई -2013 [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेस: 0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम: 2201070, ईएमडी लोकोमोटिव के लिए एलिमेंट फ़िल्टर आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति) (1) परिमाणः सिलीगुड़ी जं./डीजल/डिपो एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 2400 संख्यक, 2) परिमाणः न्यू गुवाहाटी/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 1500 संख्यक। पीएल. संख्या 17452168।

**क्रमिक संख्या 5. निविदा संख्या. 61/25/5113ए/ओटी/32/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 26-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** (1) कर्व स्लीपर टी-8981 [वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपीः लागु नहीं, स्टेजेसः 0] [यूवीएएम लिंकिंग]आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), परिमाणः एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 1500 संख्यक। पी.एल संख्या. -600301570018। 2) कर्व स्लीपर टी-8982 (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसीः आईएनएसपीः, स्टेज आईएनएसपीः लागु नहीं, स्टेजेसः 0] [यूवीएएम लिंकिंग] आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), परिमाण- एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 4500 संख्यक, पीएल. संख्या.-600301580012। 3) 60 किलो कर्वड वाईडर स्लीपर, टी -8980 (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसीः सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपीः लागु नहीं, स्टेजेसः 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), परिमाणः एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए-1500 संख्यक, पीएल नंबर-600400740080। 4) कर्व के लिए पीएससी स्लीपर, आरडीएसओ डीआरजी नंबर टी -8979 [वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसीः सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी-लागु नहीं, स्टेजेसः 0] [यूवीएएम लिंकिंग:], आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), परिमाणः एसएसई/सीएस/एचक्यू एनएफआर (असम) के लिए 1500 संख्यक। पीएल. नं 60111008।

**क्रमिक संख्या 6. निविदा संख्या. 61/25/5176/ओटी/33/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 30-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** पीएससी स्लीपर 8.5 में 1 पर और आरडीएसओ डीआरजी नंबर टी-4967 से बीजी 60 किग्रा (यूआईसी) के लिए सीएमएस क्रॉसिंग का विनिर्माण और आपूर्ति, ई-निविदा के समापन की तारीख से 10 दिन पहले तक संशोधन के साथ एएलटी 7/और आईआरएस विनिर्देश संख्या टी-29/2016 के अनुरूप हेतु सीएमएस क्रॉसिंग और सीआई डिस्टेंस ब्लॉक, पैकिंग पीसेस, एम.एस. टेपर्ड वाशर, चेक ब्लॉक और बोल्ट और नट्स, ड्राइंग में उल्लिखित अन्य आइटम को छोड़कर ड्राइंग में सूचीबद्ध विभिन्न आकार के साथ संपूर्ण। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हां, स्टेजेस: 1) [यूवीएएम लिंकिंग] आइटम: 3100048, कास्ट मैंगनीज स्टील क्रॉसिंगस और वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील क्रॉसिंगस सब आइटम: कास्ट मैंगनीज स्टील क्रॉसिंगस आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) परिमाण: एसएसई / पी.वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) 167 सेट, पीएल नंबर 60060086।

**क्रमिक संख्या 7. निविदा संख्या. 50/25/5124/ओटी/34/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 23-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** (1) 04 साल की ऑनसाइट वारंटी सहित स्टेशनों पर टीएस के अनुसार आरएफआईडी कार्ड रीडर की ऑनसाइट आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और कमिशनिंग। [वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 48 महीने] [निरीक्षण एजेंसी टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी- नहीं, स्टेजेस 0] [यूवीएएम लिंकिंग]: आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाणः डीसीएम/तिनसुकिया, एनएफआर (असम) के लिए 13 संख्यक, 2) वरिष्ठ डीसीएम/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 9 संख्यक। (3) परिमाणः वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/अलीपुरद्वार जंक्शन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 16 संख्यक। (4) परिमाणः वरिष्ठ डीसीएम/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 19 संख्यक। (5) परिमाणः वरिष्ठ डीसीएम/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 17 संख्यक। पी एल नं: 570160730010। 2) 04 साल की ऑनसाइट वारंटी सहित स्टेशनों पर टीएस के अनुसार प्रत्येक एटीवीएम मशीन के विपरीत 500 आरएफआईडी कार्ड के साथ एटीवीएम की ऑनसाइट आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और कमीशनिंग। [वारंटी की अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 48 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज एनएसपी- नहीं, स्टेजेस: 0] (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाणः वरिष्ठ डीसीएम/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए-19 संख्यक, ii) परिमाणः डीसीएम/तिनसुकिया, एनएफआर (असम) के लिए-19 संख्यक, iii) परिमाण: वरिष्ठ डीसीएम/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 27 संख्यक) iv) वरिष्ठ डीसीएम/कटिहार एनएफआर (बिहार) के लिए 59 संख्यक, v) परिमाणः वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/अलीपुरद्वार जंक्शन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 21 संख्यक। पीएल नंबर -539818221065 (3) 04 साल की ऑनसाइट वारंटी के साथ स्टेशनों पर टीएस के अनुसार एसएमसी की ऑनसाइट आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और कमीशनिंग। [वारंटी अवधि · डिलीवरी की तारीख के बाद 48 महीने) [निरीक्षण एजेंसी- टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी- नहीं, स्टेजेस: 0] [आईयूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) 1) वरिष्ठ डीसीएम/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 19 संख्यक। पीएल नंबर-650101330050।

**क्रमिक संख्या 8. निविदा संख्या. 62/25/5007ए/ओटी/35/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 28-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** हैंड हेल्ड लाइट वेट बैटरी माउंटेड ऑफ ट्रैक टैम्पर सेट (गुड्स-लाइट वेट लिथियम बैटरी माउंटेड टैम्पिंग मशीन आवश्यक टैम्पिंग टूल्स और उपकरणों के साथ। एक सेट ऑफ-ट्रैक टैम्पर जिसमें आरडीएसओ के अनुसार टैंपिंग टोट्स के साथ 2 टैम्पर्स निहित हैं)। [वारंटी अवधि- डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेस- 0] (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) i) परिमाणः वरिष्ठ खंड अभियंता/पी.वे/स्मॉल ट्रैक मशीन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 3 सेट, पीएल नंबर 802000028715।

**क्रमिक संख्या 9. निविदा संख्या. 37/25/0778ए/ओटी/36/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 26-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** व्हील सी एंड डब्ल्यू एनजी (पार्ट फिनिश्ड) डीआरजी नं. एनएफआर, डीएसआर/सी/010, एएलटी-5 एमएटी स्पेसिफिकेशन आईआरएस-19/93 पीटी-II (आरईवी-4) अगस्त 2015 की संख्या संशोधनी-01[वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) i) परिमाणः न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 200 संख्यक। (ii) तिनधरिया स्टोर्स डिपो एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए-200 संख्यक। पीएल. नं.-39060056।

**क्रमिक संख्या 10. निविदा संख्या. 40/25/0396/ओटी/37/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 20-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** 25 किलोवाट क्षमता का ब्रशलेस अल्टरनेटर, 110/130 वोल्ट डीसी, वी-बेल्ट दोनों प्रांतों पर संचालित डीप ग्रुव 'वी बेल्ट अल्टरनेटर पुली, एक्सल पुली, पॉली क्लोरोप्रीन रबर पैड, सुरक्षा चेन, 110 वी पर उपयोग के लिए उपयुक्त बेल्ट टेंशनिंग एरेन्जसमेंट, आरडीएसओ स्पेसीफिकेशन नं. आरडीएसओ/पीई/एसपीइसी/एसी/0056-2004 (आरईवी 0) संशोधन संख्या 1 के साथ और रेक्टिफायर कम रेगुलेटर यूनिट को छोड़कर संपुर्ण[वारंटी अवधि· डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) ( क्वांटीटी टलारेंस (+/-): 5% एज, आइटम श्रेणीः सामान्य, कुल पीओ वेल्यु का अनुमोदित वेरियेसनः अधिकतम 8 लाख) 1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशाप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए संख्या 8.00 संख्यक, 2) परिमाणः- कटिहार/जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए 1.00 संख्यक, 3) परिमाणः न्यू बंगाईगाँव/वर्कशाप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 9.00 संख्यक, 4) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 2.00 संख्यक, पीएल संख्या.- 45030870।

**क्रमिक संख्या 11. निविदा संख्या. 40/25/0306/ओटी/38/2025-26 बंद/खुलने की तारीखः 19-05-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी-0013-2011 (आरईवी 2) के अनुरूप 4.5 केडब्ल्यू अल्टरनेटर के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम रेगुलेटर यूनिट (ईआरआरयू)। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख बाद के 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, पर्याय आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाण पांडु/जीएसडी एनएफआर (असम) के लिए 12 संख्यक (2) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 2 संख्यक, 3) परिमाणः डिब्रूगढ़ टाउन/वर्कशप/डिपो एनएफआर (असम) के लिए 8 संख्यक, 4) परिमाणः कटिहार/जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए- 2 संख्यक, पीएल संख्या 45124887।

**नोटः** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

पीसीएमएम, मालीगॉव

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*

# पार्सल ग्राहकों के साथ पीसीसीएम की बैठक

**▸▸ पार्सल व्यवसाय और राजस्व को बढ़ावा देने पर की चर्चा**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट स्थित अपने मुख्यालय में तरुण जैन, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) के नेतृत्व में पार्सल ग्राहकों के साथ एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में पार्सल सेवाओं को बढ़ाने और राजस्व बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए वाणिज्यिक और परिचालन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न डिवीजनों के 20 से अधिक प्रमुख पार्सल लीजधारकों और एग्रीगेटर्स को एक साथ लाया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, बैठक ने नए वित्तीय वर्ष के लिए आगामी पहलों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें विशेष ट्रेनें, वंदे भारत पार्सल ट्रेनें, डीम्ड वीपी और संयुक्त पार्सल उत्पाद सेवाएं शुरू करना शामिल है। इन नवाचारों का उद्देश्य रेलवे की रसद पेशकशों को मजबूत करना और पार्सल आवाजाही में दक्षता में सुधार करना है।

### हितधारकों को पार्सल व्यवसाय का समर्थन

हितधारकों को पार्सल व्यवसाय का समर्थन और विस्तार करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सक्रिय उपायों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने संवाद में सक्रिय रूप से भाग लिया, अपने जमीनी अनुभव साझा किए और परिचालन को बढ़ाने के लिए रचनात्मक सुझाव दिए। हितधारक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, रेलवे प्रशासन ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को और अधिक सहायक और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबोधित किया जाएगा। बदले में, पार्सल लीज़होल्डर्स ने राजस्व वृद्धि और सेवा सुधारों को आगे बढ़ाने में अपनी निरंतर भागीदारी का वचन दिया। पश्चिम रेलवे ग्राहकों और अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए अपनी पार्सल सेवाओं को मजबूत करने के लिए मजबूत हितधारक संबंधों को बढ़ावा देने और नवाचार का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बांग्लादेशी महिला को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक बांग्लादेशी महिला को जमानत दे दिया, जिसे भारत में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करने के बाद 24 घंटे के अंदर अदालत में पेश नहीं किया, जो कि कानून और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। पुलिस ने शबनम सुलैमान अंसारी नाम की बांग्लादेशी महिला को उसके डेढ़ साल के बच्चे के साथ जनवरी 2025 में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे 24 घंटे के भीतर कोर्ट में पेश नहीं किया था। महिला के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई से पंजाब-जम्मू-कश्मीर जाने वाली पांच ट्रेनें रद्द

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव का असर अब रेल सेवाओं पर भी साफ दिखाई दे रहा है। उत्तर भारत के विशेष रूप से पंजाब और जम्मू-कश्मीर की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। रेलवे ने इसकी जानकारी दी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होने वाले कुल आठ ट्रेनें प्रभावित हुई है। जिसमें पांच को रद्द किया गया है और तीन ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से रवाना होने वाली कुल पांच ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

ये ट्रेनें मुख्य रूप से अमृतसर, पठानकोट, जम्मू तवी और श्रीनगर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की ओर जाती थीं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त इनपुट के आधार पर लिया गया है।

**पांच ट्रेनें रद्द**

- सीएसएमटी-पठानकोट मेल
- एलटीटी-श्रीनगर विशेष सेवा
- सीएसएमटी-जम्मू सुपरफास्ट

**समय में बदलाव**

- पंजाब मेल,जम्मू मेल,श्री शक्ति एक्सप्रेस।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 25/19 दिनांक : 09.05.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ०म०रे०, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20251314A | ब्रेक शू (50 एम एम ) | 16872 नग | 11.06.2025 |
| 2 | 64255106 | स्क्यूजिंग सिलेण्डर (मेल/फिमेल) | 575 नग | 09.06.2025 |
| 3 | 64255107 | कर्बाइड बिट कटिंग चेन एसेम्बली सेट फॉर बीसीएम मशीन | 13 सेट | 09.06.2025 |
| 4 | 64255112 | क्यूमिन्स डिजल इंजन | 01 नग | 09.06.2025 |
| 5 | 10251417 | स्नबर असेम्बली कम्पलीट | 445 नग | 06.06.2025 |
| 6 | 80251066 | कम्प्रेस्ड ऑक्सिजन गैस | 296792 क्यूबिक मीटर | 17.06.2025 |

**नोट :** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **799/25 (D)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

No. DYCE-II-GSU-PRYJ-01-2025 | दिनांक: 09.05.2025

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियन्ता-।।/जी.एस.यू./प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे** के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा-एकल पैकेट प्रणाली) समाप्ति की तिथि/समय **02.06.2025, 15.00** बजे तक। बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा।

**कार्य का विवरण:** उप मुख्य अभियन्ता-।। / जी.एस.यू./प्रयागराज के अन्तर्गत प्रयागराज मंडल के अथसराय स्टेशन पर गुड्स शेड लाइन के प्रावधान के संबंध में पी-वे कार्य।

**अनुमानित लागतः ₹ 1.45 करोड़, धरोहर धनराशिः ₹ 2,22,500/-, निविदा फार्म का मूल्यः** 0.00, **खुलने की तिथिः 02.06.2025, 15.00** बजे। **कार्य समापन अवधिः 06** महीने। **पात्रता मानदंड के लिए कार्य की समान प्रकृति की परिभाषाः** पी.वे. कार्य।

**नोटः** पूर्ण विवरण और निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की **https:/ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। **नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) **https://www. ireps.gov.in** वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक **15.00** बजे तक उपलब्ध रहेगा।। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **5.** किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन नं. से सम्पर्क किया जा सकता है। **800/25 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**मध्य रेलवे सोलापुर मंडल**

# जीएम मीना ने किया निरीक्षण

**▸▸ आषाढ़ी तीर्थयात्रा तैयारियों का लिया जायजा**

**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने नौ मई को सोलापुर मंडल का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें आगामी आषाढ़ी तीर्थयात्रा के लिए संरक्षा, सुरक्षा और तत्परता पर ध्यान केंद्रित किया गया। पंढरपुर मंदिर परिसर में राज्य अधिकारियों और मंडल रेलवे अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आषाढ़ी यात्रा की तैयारियों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें रेलवे ट्रैक पर पालकी की सुरक्षित आवाजाही, होल्डिंग एरिया का प्रावधान, शौचालय की सुविधा, यात्री सूचना प्रणाली में वृद्धि, सीसीटीवी निगरानी, मंदिर परिसर के माध्यम से भक्तों की सुव्यवस्थित आवाजाही और रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के बीच संपर्क शामिल है। पिछले वर्ष की तुलना में सेवा संवर्द्धन की योजनाओं के साथ-साथ प्रत्येक गतिविधि के लिए समयसीमा पर विचार-विमर्श किया गया। अपनी तरह की पहली अभिनव पहल में, महाप्रबंधक ने क्षेत्र में शाखा अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए टिकेकरवाड़ी गैंग हट में यातायात सुविधा कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टिकेकरवाड़ी में भूमि के रणनीतिक महत्व की जांच की, सोलापुर से इसकी निकटता और सोलापुर स्टेशन पर भीड़भाड़ कम करने के लिए सुविधाओं के विकास की इसकी क्षमता पर जोर दिया। इस विजन में ट्रेनसेट को समायोजित करने और मंडल से अधिक ट्रेनों को शुरू करने की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है।





सदाशिव ज्योतिष केंद्र
8080769503
(मुफ्त सलाह) 21 वर्षों के अनुभवी) शत्रुनाश, सौतनत्राश, मनचाहा प्यार, शादी- विवाह मे रुकावट, लवमैरिज, फिल्म/ मॉडलिंग, विदेशयोग, घरेलू झगडा, लवप्राब्लम/ तलाक, महामोहिनी, वशीकरण स्पेशलिस्ट . अंधेरी (वेस्ट)

सीएम की महत्वपूर्ण योजना शुरू

# ‘गादमुक्त बांध, गादयुक्त खेत’

## ▶▶ जल संरक्षण और किसानों की समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दूरदृष्टिपूर्ण सोच से प्रेरित ‘गादमुक्त बांध, गादयुक्त खेत’ योजना महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन और कृषि उत्पादकता बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बांधों और जलाशयों में जमा गाद का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन कर उसका पुनः उपयोग खेतों में करना है। इससे जहां जलसंग्रहण क्षमता बढ़ती है, वहीं पोषक तत्वों से भरपूर गाद के उपयोग से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में भी वृद्धि होती है। यह योजना विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।



### ▶▶ गाद निकालने का लक्ष्य तय

1 अप्रैल 2024 से 7 अप्रैल 2025 के बीच राज्य में कुल 1274 स्थानों पर 66.91 करोड़ घनमीटर गाद निकालने का लक्ष्य तय किया गया था, जिसमें से अब तक 42.29 करोड़ घनमीटर गाद निकाली जा चुकी है – जो लक्ष्य का 63% है। यह सफलता प्रशासन की प्रभावी कार्यवाही और किसानों की सक्रिय भागीदारी से संभव हो सकी है।

### 2,781.8 करोड़ की निधि को दी गई मंजूरी

राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 2,781.8 करोड़ की निधि का प्रावधान किया है, जिसमें से अब तक 1,549.9 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं। पंजीकृत 35,205 किसानों में से 31,719 किसान अनुदान के लिए पात्र पाए गए हैं और उन्होंने 34.17 करोड़ घनमीटर गाद निकाली है। इसके लिए अनुमानित 1,221.6 करोड़ का अनुदान तय किया गया है।

### छोटे किसानों के लिए लाभकारी योजना

यह योजना छोटे भूधारक किसानों के हित में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके तहत बांधों, बंधारों और तालाबों से गाद निकालकर आसपास के खेतों में डाली जाती है, जिसके लिए सरकार वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इससे खेतों की उपजाऊ क्षमता और जल धारण शक्ति दोनों में सुधार होता है।

### किसानों की समृद्धि की कहानी

2016 में इस योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था, “यह योजना केवल गाद निकालने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जल संरक्षण, भूमि उर्वरता और किसानों की समृद्धि की कहानी है।

# दिसंबर में दहिसर-काशीगांव तक दौड़ेगी मेट्रो : सरनाईक

**भायंदर।** मेट्रो नौ का कार्य अपने अंतिम चरण में है, जिसके चलते दहिसर से काशीगांव तक दिसंबर में मेट्रो दौड़ने लगेगी। यह कहना है परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का। सरनाईक के अनुसार मेट्रो नौ के संचालन से मीरा भायंदर के यात्रियों को सहूलियत होगी। वह शनिवार को मेट्रो निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



▶▶ मेट्रो नौ का कार्य अपने अंतिम चरण में

▶▶ परिवहन मंत्री ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

### 2009 से प्रयासरत थे परिवहन मंत्री

- सरनाईक ने कहा कि ओवला माजीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें 2009 में विधायक बनाया तब से वो परिसर में विकास कार्यों को प्रधानता मिले इसके लिए प्रयासरत थे। महायुति सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और तत्कालीन नगरविकास मंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयत्न से शहर को मेट्रो मिली जो जल्द ही जनता की सेवा के लिए चलने वाली है। दहिसर से काशीगांव तक का कार्य छह महीने में पूर्ण कर लिए जाने की पुष्टि सरनाईक ने की।

### सीएम को दी विकास कार्यों की जानकारी

- मेट्रो 9 के अंतर्गत आनेवाली दहिसर काशीगांव मार्ग के ट्रायल रन की जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित अन्य अधिकारियोंको दी गई। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि ट्रायल रन अवसर पर उपस्थित रहे। गौरतलब है कि मेट्रो की वजह से सड़कों पर ट्रैफिक जाम समस्या से निजाम मिलने की संभावना अधिकारी कर रहे है तो वहीं दूसरी ओर आम जनता ट्रायल रन को लेकर उत्सुक है।

ऑपरेशन सिंदूर

# लोढ़ा फाउंडेशन जवानों के साथ

## ▶▶ शहीदों के बच्चों के शिक्षा का खर्च उठाएगी संस्था



(बाएं से दाएं) -: सुश्री विनती लोढ़ा, सुश्री मंजू लोढ़ा, लोढ़ा फाउंडेशन के ट्रस्टी अभिषेक लोढ़ा, मेजर मानवेंद्र सोलंकी, और मेजर आसिफ सईद।

**मुंबई।** मुंबई का लोढ़ा फाउंडेशन ‘ऑपरेशन सिंदूर’ में शहीद जवानों के परिजनों की मदद करने को तैयार है। संस्था ने कहा कि हमारे वीर सशस्त्र बल 140 करोड़ भारतीयों की आज़ादी और गरिमा की रक्षा कर रहे हैं, जिनका देश हमेशा ऋणी रहेगा। उनकी वीरता और बलिदान को सम्मानपूर्वक नमन करते हुए, लोढ़ा फाउंडेशन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए हमारे सैनिकों के परिवारों को निम्नलिखित प्रकार से समर्थन देगा। लोढ़ा फाउंडेशन शहीदों के बच्चों की कॉलेज स्नातक तक की शिक्षा का सम्पूर्ण खर्च वहन करेगा। इसमें फीस, किताबें और हॉस्टल की सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, लोढ़ा जीनियस प्रोग्राम के तहत इन्हें उन्नत शिक्षा और मेंटरशिप भी प्रदान की जाएगी। शहीदों की पत्नी/पति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किलिंग और उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) का समर्थन दिया जाएगा। यदि वे इच्छुक हों, तो लोढ़ा ग्रुप और लोढ़ा फाउंडेशन में उन्हें रोजगार के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। शहीदों के माता-पिता के लिए अगले 20 वर्षों के लिए स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, देश के वीर सैनिकों और नागरिकों के परिवारों की सहायता के लिए, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने प्राण गँवाए या स्थायी रूप से अपंग हुए, लोढ़ा फाउंडेशन ने ‘ऑपरेशन सिंदूर/पैट्रियट्स फंड’ की स्थापना की है। इस फंड में प्राप्त सभी दान राशि का उपयोग इन परिवारों के कल्याण हेतु किया जाएगा।

# पालघर तट पर बढ़ाई गई तटीय सुरक्षा

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने पालघर तट पर काम करने वाले मछुआरों को “सुरक्षा निर्देश” जारी किए हैं। जिसके अनुसार उन्हें भारत-पाक संघर्ष के बीच देश की समुद्री सीमा को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहने को कहा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि तटीय निगरानी बढ़ाने के संबंध में भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह निर्देश जारी किए गए। राज्य सरकार यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि अधिकांश मछली पकड़ने वाली नौकाओं में ट्रांसपोंडर लगे हों, ताकि उनके स्थानों को ट्रैक किया जा सके। अधिकारियों ने पालघर तट के पास दो स्थानों की पहचान की है। इन दो स्थानों पर मछुआरे नियमित रूप से इकट्ठा होते हैं।

# मेट्रो लाइन फेज-3 के दूसरे चरण की शुरुआत

- जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बीकेसी से आचार्य अत्रे चौक तक मुंबई मेट्रो फेज-3 के चरण 2ए का उद्घाटन किया है। इस दौरान डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आचार्य अत्रे चौक तक मेट्रो के उद्घाटन के दौरान फडणवीस ने कहा, ‘बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) से आचार्य अत्रे चौक (वर्ली नाका) तक फैली मुंबई मेट्रो लाइन 3 का फेज-2ए शनिवार से जनता के लिए खोल दिया गया है, जो शहर के महत्वाकांक्षी भूमिगत मेट्रो नेटवर्क में एक और मील का पत्थर साबित होगा।’



## ▶▶ फेज-3 बीकेसी से आचार्य अत्रे चौक तक

### 13 लाख यात्री कर सकेंगें सफर

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज कॉरिडोर (लाइन 3) मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए लागू की जा रही पहली और एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत मेट्रो लाइन है। कोलाबा में कफ परेड स्टेशन और सीप्ज के पास आरे जेवीएलआर स्टेशन कॉरिडोर के दोनों छोर पर स्थित स्टेशन हैं। एक बार पूरी तरह से चालू होने के बाद, लाइन 3 प्रतिदिन लगभग 13 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करेगी। प्रत्येक ट्रेन (8 कोच वाली ट्रेन) लगभग 2,500 यात्रियों को ले जाएगी।

### यात्रा का समय 15 मिनट

सीएम ने कहा कि इस पर अभी कुल 8 ट्रेनें चलेंगी। वे हर दिन 244 चक्कर लगाएंगी। बीकेसी से आचार्य अत्रे चौक तक की यात्रा में 15 मिनट 20 सेकंड का समय लगेगा। कुल मिलाकर, यह 33 किलोमीटर लंबा रूट है।

### नए रूट में 6 नए अंडरग्राउंड स्टेशन

इस नए रूट में 6 अंडरग्राउंड स्टेशन शामिल हैं। ये स्टेशन धारावी, शीतलादेवी, दादर, सिद्धिविनायक, वर्ली और आचार्य अत्रे चौक है। ये पूरा रूट सिद्धिविनायक मंदिर जैसे धार्मिक केंद्रों सहित मुंबई के कुछ क्षेत्रों को महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी देता है।

# हाइब्रिड ईंधन पर जल्द दौड़ेंगी एसटी की बसें : परिवहन मंत्री

## ▶▶ पांच वर्षों में 25,000 बसें खरीदेगा एसटी महामंडल
## ▶▶ 90 स्थानों पर एलएनजी पंप स्थापित किए जाएंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एसटी) की बसें अब पर्यावरण अनुकूल दिशा में एक और कदम बढ़ाने जा रही हैं। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने घोषणा की है कि वर्ष 2025-26 से एसटी की नई बसें हाइब्रिड ईंधन (सीएनजी/एलएनजी + डीज़ल) पर चलेंगी, जिसमें डीज़ल का उपयोग केवल आपातकालीन स्थिति में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसटी महामंडल अगले पांच वर्षों में कुल 25,000 बसें खरीदेगा, जिनमें हर वर्ष 5,000 बसें शामिल होंगी। इनमें से शेष 20,000 बसें हाइब्रिड तकनीक पर आधारित होंगी। सरकार ने किंग्ज गैस प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए करार के तहत एलएनजी ईंधन को डीज़ल की तुलना में 20% कम कीमत पर खरीदने की योजना बनाई है। इससे हर साल 235 करोड़ रुपये की बचत होगी। 20 स्थानों पर सीएनजी पंप महानगर गैस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगाए जा रहे हैं। 90 स्थानों पर एलएनजी पंप स्थापित किए जाएंगे।



### ईंधन लागत में भारी कटौती का प्रयास

परिवहन मंत्री सरनाईक ने बताया कि वर्तमान में एसटी की अधिकांश बसें डीज़ल पर चलती हैं, और इसका 34% खर्च केवल ईंधन पर होता है। हर दिन करीब 10.7 लाख लीटर डीज़ल की खपत होती है, जिससे सालाना लगभग 34,000 करोड़ रुपये का खर्च होता है। डीज़ल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति की अनिश्चितता को देखते हुए सीएनजी और एलएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग अनिवार्य हो गया है। ये ईंधन सस्ते, प्रदूषण मुक्त और किफायती हैं।

यह कदम एसटी बसों को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन साबित होगा।

# ‘महिला की ना का मतलब ना होता है : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपनी एक साथी के साथ दुष्कर्म के मामले में तीन व्यक्तियों को मिली सजा को बरकरार रखते हुए कहा है कि जब कोई महिला ‘ना’ कहती है, तो इसका मतलब ‘ना’ होता है। उसकी पिछली गतिविधियों के आधार पर सहमति का कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मामले में दोषियों को निचली अदालत से मिली आजीवन कारावास की सजा को कम करके 20 वर्ष कर दिया है। न्यायमूर्ति नितिन सूर्यवंशी और न्यायमूर्ति एम.डब्ल्यू. चंदवानी की पीठ ने छह मई के अपने फैसले में कहा कि ‘नहीं का मतलब नहीं है’। पीठ ने दोषियों द्वारा पीड़िता की नैतिकता पर सवाल उठाने के प्रयास को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने कहा कि महिला की सहमति के बिना किया गया यौन संबंध उसके शरीर, मन और निजता पर हमला है। अदालत ने दुष्कर्म को समाज में नैतिक और शारीरिक रूप से सबसे निंदनीय अपराध बताते हुए कहा कि अगर कोई महिला ‘नहीं’ कहती है तो उसका मतलब ‘नहीं’ होता है। इसमें कोई अस्पष्टता नहीं है और किसी महिला की तथाकथित अनैतिक गतिविधियों के आधार पर सहमति का कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।



- तीन व्यक्तियों को सजा को रखा कोर्ट ने बरकरार

# अबू सलेम की समय पूर्व रिहाई का प्रस्ताव विचाराधीन

## ▶▶ महाराष्ट्र सरकार ने दी मुंबई हाईकोर्ट को जानकारी
## ▶▶ पहले ही 25 वर्ष की सजा काट चुका गैंगस्टर

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई उच्चन्यायालय को सूचित किया है कि प्रत्यर्पित गैंगस्टर अबू सलेम की समयपूर्व रिहाई का प्रस्ताव विचाराधीन है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। सरकार ने दोषी गैंगस्टर की जेल से रिहाई की याचिका के जवाब में अपने हलफनामे में कहा है कि नवंबर 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद से सलेम ने जेल में केवल 19 साल बिताए हैं। राज्य सरकार ने बुधवार को न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ के समक्ष सलेम की याचिका के जवाब में दो हलफनामे पेश किए। वकील फरहाना शाह के माध्यम से दायर अपनी याचिका में सलेम ने दावा किया कि यदि अच्छे आचरण के लिए छूट को शामिल किया जाए तो वह पहले ही 25 वर्ष के कारावास की सजा काट चुका है। याचिका में कहा गया है कि जब सलेम को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था, तो भारत सरकार ने आश्वासन दिया था कि उसे किसी भी मामले में मृत्युदंड नहीं दिया जाएगा और उसे 25 वर्ष से अधिक की सजा नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार ने गृह विभाग के संयुक्त सचिव सुग्रीव धपटे के माध्यम से दायर अपने हलफनामे में कहा कि सलेम की समयपूर्व रिहाई का प्रस्ताव विचाराधीन है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। सरकारी हलफनामे के अनुसार, सलेम को नवंबर 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था, और 28 फरवरी 2025 तक उसकी वास्तविक कारावास अवधि 19 वर्ष, तीन महीने और 20 दिन थी।



# अस्पताल को आया धमकी भरा ईमेल

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। ऐसे में पूरे देश में दहशत का माहौल है। इस बीच मुंबई में टाटा मेमोरियल अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। मुंबई पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि टाटा मेमोरियल अस्पताल को शुक्रवार सुबह परिसर में बम होने की सूचना मिली थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद यह अफवाह निकली। भोईवाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए ईमेल में कहा गया था कि परिसर में बम है और मरीजों को बचाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में है और आगे की जांच जारी है। वहीं अभी दो दिन पहले दूसरी ओर चंडीगढ़ से मुंबई जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी मिली है। बताया गया है कि सहार एयरपोर्ट की हॉटलाइन पर एक धमकी भरा कॉल आया, जिसमें कहा गया कि चंडीगढ़ से मुंबई आने वाली इंडिगो फ्लाइट में बम रखा गया है। इसके बाद फ्लाइट को देर रात मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया, हालांकि इस मामले में किसी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

- अस्पताल परिसर में नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

# पुणे में छात्रा पर एफआईआर

## ▶▶ इंस्टा पर पोस्ट किया ‘पाकिस्तान जिंदाबाद’
## ▶▶ छात्रा गिरफ्तार, कॉलेज से निष्कासित भी

**पुणे।** पुणे में एक छात्रा को कॉलेज से निकाल दिया गया। क्योंकि उसने पाकिस्तान जिंदाबाद की पोस्ट शेयर की थी। इसके बाद छात्रा के खिलाफ एक्शन लिया गया। दरअसल, छात्रा की पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया। सिंहगड कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा खदिजा शेख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से ‘पाकिस्तान जिंदाबाद’ की पोस्ट शेयर की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उसका भारी विरोध देखने को मिला। यह पोस्ट वायरल होते ही सकल हिंदू समाज ने इसे एक्स पर शेयर करते हुए खदिजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद कोंढवा पुलिस स्टेशन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खदिजा शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और उसे गिरफ्तार कर लिया।



कोंढवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक विनायक पाटणकर ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है और कानूनी प्रक्रिया के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं कॉलेज प्रशासन ने भी सख्त रुख अपनाते हुए खदिजा शेख को कॉलेज से निकाल दिया है। कॉलेज मैनेजमेंट का कहना है कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी छात्र के लिए संस्था में कोई जगह नहीं है।

# ज्योतिष योगेश्वरानंद की भविष्यवाणी सच निकली

**मुंबई।** देश के नामचीन ज्योतिष स्वामी योगेश्वरानंद गिरि ने कहा कि 30 मई के बाद भारत का भविष्य बदल जाएगा। भारत का पिछला एक हजार साल बहुत कठिनाई में बीते है। उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्होंने भारत-पाक के बीच युद्ध को लेकर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि भारत अपने ‘स्वर्णिम काल’ में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ज्योतिषित गिरी ने यह इंटरव्यू रणवीर इलाहाबादिया को दिया था। उन्होंने ये भी कहा था कि सितारे इस तरह से संरेखित हो रहे हैं जैसे महाभारत का समय हो। यह संरेखण भारत के लिए सुनहरा है। युद्ध होना तय है। भारत हावी होगा। वो मई 2025 के महीने में ‘युद्ध’ की भविष्यवाणी करते हुए नज़र आ रहे हैं। यह भविष्यवाणी रणवीर द्वारा पूछे गए एक सीधे सवाल के जवाब में आई, जिसमें उन्होंने हाल के दिनों में दुनिया के एक और युद्ध की संभावना के बारे में पूछा था। स्वामी योगेश्वर नंदा गिरी ज्योतिष की दुनिया में स्वामीयो के नाम से जाने जाते हैं। इंडियन योगा एसोसिएशन के मुताबिक उनकी संस्था का ऑफिस मुंबई के सांताक्रूज ईस्ट में है। स्वामी के जन्म महाराष्ट्र के उल्लास नगर में हुआ। वो ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वो परिवार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। वह साइटिंस्ट बनना चाहते थे लेकिन बाद में वो अध्यात्म की ओर बढ़ गए। परिवार की हालत ठीक नहीं होने के कारण उसे इसमें थोड़ा समय लगा। उन्हें काम के सिलसिले में दुबई जाना पड़ा। दुबई से लौटने के बाद वो सन्यास की ओर बढ़ गए।



- 30 के बाद बदल जाएगा भारत का भविष्य
- भारत-पाक के बीच युद्ध को लेकर की थी भविष्यवाणी

# 11 बांग्लादेशी महिलाओं सहित दो वेटर गिरफ्तार

- जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** डीसीपी क्राइम ब्रांच अविनाश अम्बुरे के नेतृत्व में देर रात की गई कार्रवाई में मीरा रोड स्थित दिव्या पैलेस होटल में एक संदिग्ध सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 11 महिलाओं और कई वेटरों को हिरासत में लिया गया, जो कथित तौर पर दलाल के रूप में काम कर रहे थे। सभी बंदियों को आगे की पूछताछ के लिए काशीगांव पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सभी 11 महिलाओं के पास पश्चिम बंगाल के आधार कार्ड पाए गए, लेकिन अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या वे वास्तव में बांग्लादेशी नागरिक हैं जो अवैध रूप से देश में प्रवेश कर गई थीं। यह छापेमारी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीस की सूचना के बाद की गई, जिन्होंने एमबीवीवी अपराध शाखा को उस स्थान पर संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सचेत किया था।

# नवी मुंबई मनपा ने जारी किया शुद्धिपत्र

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका की पदभरती हेतु विज्ञापन क्रमांक आस्था/01/2025, 27 मार्च को दैनिक समाचारपत्रों में प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में नवी मुंबई मनपा की ओर से एक शुद्धिपत्र जारी किया जा रहा है। महाराष्ट्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, शासन निर्णय . 20 मई 2011 के अनुसार, वे उम्मीदवार जो कक्षा 10वीं / 12वीं (माध्यमिक / उच्च माध्यमिक परीक्षा) उत्तीर्ण नहीं हुए हैं, परंतु यशवंतराव चव्हाण मुक्त विश्वविद्यालय तथा अन्य मुक्त विश्वविद्यालय, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की मान्यता प्राप्त है, से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें लिपिक-टंकलेखक एवं लेखा लिपिक पदों के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई है। उक्त प्रावधान के अनुसार, लिपिक-टंकलेखक और लेखा लिपिक पदों के साथ-साथ विज्ञापन में दर्शाए गए अन्य सभी पदों हेतु ऑनलाइन पद्धति से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19 मई को रात 11.55 बजे तक बढ़ाई गई है, नवी मुंबई मनपा ने सभी से अपील की है कि वे इस जानकारी को ध्यान में लें।

- आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 तक

# मुंबई में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध

- जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुबई।** देश में बने टेंशन के माहौल को देखते हुए बड़े-बड़े राज्य अलर्ट मोड पर हैं। ऐसे में मुंबई पुलिस भी पूरी तैयारी के साथ मोर्चा संभाले हुए हैं। मुंबई पुलिस के डीसीपी ऑपरेशन ने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। पुलिस ने 11 मई से 9 जून तक पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

12वीं (HSC) परीक्षा में सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई।


- आप सभी विद्यार्थियों की सफलता को यादगार बनाने के लिए जागरूक टाइम्स ने आप विद्यार्थियों की सफलता को लोगों तक पुहंचाने का संकल्प लिया है।
- समाचार पत्र के अगले अंक में प्रकाशानार्थ आप अपनी पासपोर्ट साइज फोटो एवं अपेक्षित विवरण jagruktimes@gmail.com मेल अथवा 9930850102 पर व्हाट्सएप्प करें। धन्यवाद।

# इमरजेंसी को पांच करोड़ रुपए जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** भारत-पाक के बीच उपजे तनाव के तीसरे दिन बाड़मेर में 12 घंटे का ब्लैकआउट रहा। शाम के जैसे ही पांच बजे तो बाजार में व्यापारी दुकानें बंद कर व आमजन घर की ओर जाने लगे। इस वजह से पांच से 5.30 बजे तक शहर में सड़कें जाम रही। शुक्रवार शाम छह बजे से शनिवार सुबह छह बजे तक जिले में ब्लैकआउट रहा। अंधेरे में डूबे शहर में कर्फ्यू जैसे हालात रहे। सड़कों पर पसरा सन्नाटा और हर तरफ अंधेरा नजर आया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राज्य सरकारों को निर्देश दिए है कि वे इमरजेंसी पॉवर इस्तेमाल कर सकती है। ऐसे में बाड़मेर कलेक्टर की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से शुक्रवार को कई कड़े कदम उठाए। ब्लैकआउट के दौरान रातभर सायरन की आवाज गूंजती रही। शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। शाम छह बजे के बाद शहर में सड़कें खाली हो गई, दुकानें बंद और सर्किलों पर पुलिस के अलावा कोई नजर नहीं आया। रात को बार-बार सायरन की आवाज बजने की वजह से लोग अलर्ट रहे और घरों की लाइटें बंद कर पूर्ण ब्लैकआउट में सहयोग किया।

### ▶▶ डिफेंस एरिया पांच किमी तक प्रतिबंधित



### ▶▶ बालोतरा जिले को पांच दमकल वाहन

**बालोतरा।** बालोतरा उपखंड अधिकारी अशोक कुमार के निर्देशानुसार फायर ब्रिगेड वाहनों को उपखंड सिणधरी, बायतु, सिवाना तथा कल्याणपुर में तैनात किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र राहत कार्य सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा एक वाहन को बालोतरा के फैक्ट्री एरिया तथा एक को शहरी क्षेत्र को दिया है।

### ▶▶ ब्लैकआउट के दौरान क्या करें-क्या नहीं

बाड़मेर रेट अलर्ट जोन में है, क्योंकि बॉर्डर के नजदीक होने के साथ ही पाकिस्तान की ओर से निशाने पर है। ऐसी स्थिति में यहां ब्लैकआउट के आदेश है। दरअसल ब्लैकआउट यानि युद्ध जैसी स्थिति में शहर की बिजली काट दी जाएं तो हम अंधेरे में कैसे सुरक्षित रहें। इसके लिए पहले से गहरे रंग के पर्दे लगाएं, खिड़कियों पर काला कपड़ा या कार्डबोर्ड लगाकर रोशनी बाहर जाने से रोकें। ड्रिल के समय सभी लाइट्स, टीवी, मोबाइल की स्क्रीन तक को ढक दें। मोमबत्ती या टॉर्च को खिड़की से दूर रखें। परिवार के साथ बिना रोशनी में रहने का अभ्यास करें।

### बाड़मेर को पांच करोड़ का फंड

युद्ध जैसे हालात के बीच राज्य सरकार ने बॉर्डर जिलों को इमरजेंसी सेवाओं के लिए पांच करोड़ रुपए का फंड जारी किया है। इसके लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर को अधिकृत किया गया है, वे जरूरत के हिसाब से इस फंड का इस्तेमाल कर सकते है। बॉर्डर से सटे गांवों में नागरिकों की शिफ्टिंग, राशन-पानी के इंतजाम और अन्य जरूरी खरीद भी की जा सकती है। कलेक्टर टीना डाबी ने आदेश जारी कर स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों को आगामी आदेश तक बंद कर दिया है। किसी तरह के समारोह पर भी रोक रहेगी। इसके अलावा कलेक्टर ने सभी तरह के ड्रोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाते हुए नजदीक के थानों में जमा करने के निर्देश दिए है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

### ▶▶ खेत के बाड़े से 40 कार्टन बरामद
### ▶▶ अणदाणियों की ढाणी में दबिश

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की धोरीमन्ना पुलिस ने पंजाब निर्मित 40 कार्टन अवैध शराब जब्त की है। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शराब खेत में छिपाकर रखी थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध शराब को लेकर पूछताछ कर रही है।

### 40 कार्टन में 360 लीटर शराब

■ पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि अणदाणियों की ढाणी माणकी गांव में बड़ी मात्रा में अवैध शराब मिल सकती है। पुलिस ने सूचना के अधार पर पपुराम पुत्र लाधुराम निवासी अणदाणियों की ढाणी में दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके खेत में बने बाड़े में



तिरपाल के नीचे अवैध शराब के 40 कार्टन मिले। जिसमें करीब 360 लीटर पंजाब निर्मित अवैध शराब थी। उन पर शिल्ड फोर सेल इन पंजाब लिखा हुआ था। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा। 40 कार्टन में से 25 कार्टन रॉयल चलैंजर विहस्की, 12 कार्टन मैजिक मूवमेंट व्हिसकी बोतलें भरी हैं। धोरीमन्ना थानाधिकारी बगड़ूराम ने बताया कि आरोपी पप्पूराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से अवैध शराब को लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल मोहनलाल, सांगाराम और चंद्रप्रकाश शामिल रहे।

# जसोल के श्री राणी भटियाणी मंदिर की पहल

■ केएनके नेचुरोपैथी कॉलेज से किया समझौता
■ स्टूडेंट्स को मिलेगी 10 फीसदी की छूट



**बालोतरा।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान ने दिल्ली स्थित केएनके कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्रों को फीस में 10% की छूट मिलेगी। यह छूट विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेगी। श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान केवल धार्मिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है। संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्थान ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा का प्रसार कर रहा है। छात्रवृत्तियां वितरित कर रहा है। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रहा है। साथ ही नैतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार भी कर रहा है। 12वीं कक्षा में पीसीबी विषयों के साथ न्यूनतम 45 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र भी इस कोर्स में प्रवेश के पात्र हैं, जिससे अधिक से अधिक छात्रों को अवसर मिल सके। इस कोर्स के लिए आप अधिकृत मेल admission@knkcnys.com अथवा मोबाइल 8130772801 पर संपर्क कर सकते है। इस बारे में श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिश्चंद्र सिंह जसोल ने कहा, "संस्थान का यह प्रयास इस सोच से प्रेरित है कि कोई भी छात्र केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रह जाए। डाक्टर बनने का सपना अब सिर्फ बड़े शहरों का विशेषाधिकार नहीं रहना चाहिए, बल्कि गांव-कस्बों के छात्रों को भी इस दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। हम चाहते हैं कि शिक्षा, सेवा और संस्कार के मूल्यों से प्रेरित होकर हर युवा सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दे।" संस्थान ने स्पष्ट किया है कि यह पहल सिर्फ एक छात्रवृत्ति योजना नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसमें शिक्षा को समाज की रीढ़ माना गया है। इसका उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसा मानवीय डाक्टर तैयार करना है जो समाज की सेवा को अपने कर्तव्य का हिस्सा समझे।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का जैसलमेर दौरा



■ रामदेवरा में समाधि के दर्शन
■ बॉर्डर क्षेत्र का लेंगे जायजा

**रामदेवरा।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्रसिंह शेखावत ने शनिवार सुबह सात बजे रामदेवरा का दौरा किया। उन्होंने लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। मुख्य पुजारी ने उन्हें विधिवत पूजा करवाई और बाबा की समाधि का पवित्र जल का आचमन करवाया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने पोकरण डिप्टी भवानी सिंह और एसडीएम लाखाराम से क्षेत्र के हालात की जानकारी ली। शेखावत का आज जैसलमेर में दौरा निर्धारित है। वे तनोट माता के दर्शन करेंगे और बॉर्डर क्षेत्र का जायजा लेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री जैसलमेर में अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

# जैसलमेर में बढ़ी गर्मी ने किया परेशान

**जैसलमेर।** जैसलमेर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गुरुवार रात को बदले मौसम के बाद हुई तेज बरसात के बाद शुक्रवार को उमस बढ़ गई थी। वहीं शनिवार को तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। शनिवार को अलसुबह से तेज गर्मी रही। वहीं दोपहर होते ही गर्मी का असर तेज हो गया। लोगों को भीषण गर्मी और उमस ने परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार जैसलमेर जिले में अंधड़ व बारिश होने की संभावना है। कल से मौसम के साफ़ रहने की संभावना जताई गई है। आने वाले



■ उमस और तेज धूप, आंधी-बारिश के आसार

दिनों में गर्मी के बढ़ने की आशंका है। गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकल रहे हैं। शहर के हनुमान चौराहे पर पसरा सन्नाटा। गौरतलब है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से गुरुवार रात अचानक मौसम बदल गया था। तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। जैसलमेर शहर व पोकरण समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं अच्छी बारिश हुई। जैसलमेर शहर में शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक 11.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश से तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को उमस का असर बढ़ गया। हालांकि हल्के बादल दिनभर छाए रहे। दोपहर बाद हवाएं चलने लगीं। जैसलमेर जिले में गुरुवार रात हुई कई इलाकों में बारिश के बाद रात को तेज हवाएं चलने लगी जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। शुक्रवार को मौसम साफ रहा। वहीं शनिवार को भी मौसम साफ़ रहा और गर्मी का आलम बरकरार रहा। शनिवार को जिले में अंधड़ व बारिश होने की संभावना है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया की जिले में शनिवार को मौसम में बदलाव होगा जिससे जिले में तेज हवाओं के चलने व बरसात होने की संभावना है। जिले में रविवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। और आने वाले दिनों में गर्मी का असर बढ़ने की आशंका है।

# गांधीधाम-जोधपुर के साथ अन्य तीन जोड़ी ट्रेनें रद्द

### ▶▶ बाड़मेर-मुनाबाव सहित कुल 11 गाड़ियां प्रभावित

**जोधपुर।** रेलवे ने मौजूदा परिस्थितियों, ब्लैकआउट और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर जोधपुर से बाड़मेर व जैसलमेर स्टेशनों के बीच चलने वाली ट्रेनों को कैंसल करने का फैसला किया है। इसके तहत शनिवार को जहां सात ट्रेनों को रद्द किया गया, वहीं चार प्रमुख ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि विशेष



परिस्थितियों, ब्लैकआउट और यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा जोधपुर मंडल से चलने वाली ट्रेनों को रद्द, आंशिक रद्द व रीशेड्यूल किया जा रहा है। ट्रेन संख्या 04879 बाड़मेर-मुनाबाव और ट्रेन संख्या 74839 भगत की कोठी-बाड़मेर शनिवार को रद्द रही। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04880 मुनाबाव-बाड़मेर, ट्रेन संख्या 054881/054882 मुनाबाव-मुनाबाव-बाड़मेर, ट्रेन संख्या 74840 बाड़मेर-भगत की कोठी और ट्रेन संख्या 74843 जैसलमेर-भगत की कोठी शनिवार को रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 22484 गांधीधाम-जोधपुर भी 10 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 12467 जैसलमेर-जयपुर लीलण एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 14088 जैसलमेर-दिल्ली जंक्शन 10 मई को तथा ट्रेन संख्या 14661 बाड़मेर-जोधपुर 11 मई को आंशिक रूप से रद्द रहेगी। इस संबंध में यात्रियों से आग्रह है कि रेलवे की अधिकृत वेबसाइट पर तात्कालिक जानकारी ले सकते हैं।

# तेज धमाके के साथ बम को किया डिस्पोज

■ सेना ने किया निष्क्रिय, जैसलमेर में हाई अलर्ट



**जैसलमेर।** जैसलमेर के किशनघाट इलाके के पास शुक्रवार को मिले एक जिंदा बम को भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने तेज धमाके के साथ निष्क्रिय किया। बम के डिस्पोजल के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह किशनघाट इलाके के पास स्थित नर्सरी के सामने जोगियों की बस्ती में लोगों को जमीन में आधा धंसा एक बम मिला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और सेना ने इसको अपने कब्जे में लिया। देर शाम मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने रिमोट और वायर की मदद से मौके से ही निष्क्रिय किया। प्रत्यक्षदर्शी अर्जुननाथ ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे किशनघाट इलाके में जोगियों की बस्ती में जमीन में धंसा एक बम जैसा कुछ नजर आया। हमने सरपंच के रिश्तेदार कल्याणराम को जानकारी दी। कल्याण राम ने कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। जानकारी देने के सतह ही सेना और पुलिस दोनों ही मौके पर पहुंचे और इलाके को सील किया। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात हुए पाकिस्तानी ड्रोन अटैक के बाद से सभी हाई अलर्ट पर है। हमले के दौरान देर रात आकर गिरा होगा। बाद में सेना के बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर इस इलाके को कब्जे में ले लिया। सेना ने दिन भर इलाके को सील किया और देर शाम भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते के साथ मिलकर डिस्पोज किया।

# स्लीपर बस में मादक पदार्थ की तस्करी

**जोधपुर।** जोधपुर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई में जुटी हुई है इसी को लेकर टीम ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खास बात यह है कि एनसीबी की टीम ने महज 24 घंटे में मादक पदार्थ को बेचने वाले से लेकर पूरी सप्लाई गैंग का खुलासा किया और पूरी टीम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कीहै। जानकारी देते हुए एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने शुक्रवार को जोधपुर से




जैसलमेर जाने वाली स्लीपर बस में आठ किलो 400 ग्राम अफीम बरामद किया। इसमें एक युवक को पकड़ा गया। उससे पूछताछ में माल बेचने वाले और खरीदने वाले का पता चला।

इस पर टीम ने जैसलमेर जाकर मुख्य सप्लायर, माल रिसीवर और उसके चार सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। जबकि चितौड़गढ़ के सादड़ी में दबिश देकर टीम ने शनिवार सुबह मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। इसमें जोधपुर वेस्ट के डीसीपी राजर्षि राज वर्मा, जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी की टीम का भी सहयोग रहा।

## व्यापार जगत

# जंग की आग में जलेगा पाकिस्तान, अरबों रुपए कमाएगा चीन

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने चीन की डिफेंस इंडस्ट्री को शेयर बाज़ार में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद चीनी रक्षा कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। Avic Chengdu Aircraft Co. Ltd, जो पाकिस्तानी वायुसेना के लिए JF-17 थंडर और J-10 विगरस ड्रैगन फाइटर जेट बनाती है, उसके शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। गुरुवार को यह स्टॉक 20 फीसदी के अपर सर्किट पर पहुंच गया और CNY 83.20 पर बंद हुआ। जबकि सिर्फ पांच ट्रेडिंग सेशन्स में 43 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। इस तेजी के पीछे बड़ा कारण यही है कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ इन्हीं चीनी फाइटर जेट्स का इस्तेमाल कर रहा है।



### चीन-पाक डिफेंस कनेक्शन

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच चीन के 60 फीसदी डिफेंस एक्सपोर्ट पाकिस्तान को गए हैं। इसका मतलब ये है कि बीजिंग, इस्लामाबाद का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन चुका है और भारत से तनाव बढ़ते ही चीन की हथियार बनाने वाली कंपनियों को भारी मुनाफा हो रहा है।

### फाइटर जेट बनाने वाली कंपनियों ने मारी छलांग

पाहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव और गहराया, तब एविक चेंगदू के स्टॉक्स ने अचानक रफ्तार पकड़ ली। शुक्रवार को शेयर में 6.73 फीसदी की तेजी आई और यह 88.80 युआन तक पहुंच गया। जबकि गुरुवार को शेयर में 20.01 फीसदी और बुधवार को 17.05 फीसदी की तेजी दर्ज की गई थी।

### भारत की स्ट्राइक और चीन की मुनाफा कमाई

भारत सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि उसने नौ आतंकवादी लॉन्चपैड्स पर सटीक हमले किए हैं, ये ठिकाने पाकिस्तान और पीओके में स्थित थे। यह हमला पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

भारत की इस कार्रवाई के बाद चीनी डिफेंस इंडस्ट्री में शेयर मार्केट में हलचल तेज हो गई। चीन की कई रक्षा कंपनियों के स्टॉक्स तेजी से चढ़े।

# अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे

### ▶▶ 210 रुपए में हर महीने मिलती पांच हजार की पेंशन




**नई दिल्ली।** अटल पेंशन योजना को 10 साल पूरे हो गए हैं। इस योजना की शुरुआत नौ मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए की पेंशन मिलती है। रिटायरमेंट के बाद अपने लिए पेंशन इंतजाम करना चाहते हैं तो अटल पेंशन योजना आपके लिए सही ऑप्शन साबित हो सकता है। इस योजना के जरिए आप अपने बुढ़ापे को आर्थिक सुरक्षा दे सकते हैं। अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल का होने पर हर महीने 1000 से लेकर 5000 रुपए की पेंशन मिलती है। इसमें 18 साल से 40 साल तक का व्यक्ति इसमें निवेश कर सकता है। कोई शख्स इस स्कीम को लेता है तो उसे कम से कम 20 साल निवेश करना होगा। इस योजना में निवेश के लिए आपके अमाउंट से कितना कटेगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप रिटायरमेंट के बाद कितनी पेंशन चाहते हैं। एक से पांच हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए सब्स्क्राइबर को 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा। यह 18 साल की उम्र में स्कीम लेने पर होगा। यदि कोई सब्स्क्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा। सब्स्क्राइबर जितना ज्यादा कॉन्ट्रीब्यूशन करेगा, उसे रिटायरमेंट के बाद उतनी ही ज्यादा पेंशन मिलेगी।

# आप का राशिफल 11 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# इस हफ्ते सोने-चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार तीन मई को सोना 93,954 रुपए पर था, जो अब (10 मई) को 96,416 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,462 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 94,125 रुपए पर थी, जो अब 95,726 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,601 रुपए बढ़ी है।



### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,830 रुपए है।
- **मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,680 रुपए है।
- **कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,450 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,680 रुपए है।
- **चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,680 रुपए है।

इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# पैनासोनिक ने किया छंटनी का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत-पाक टेंशन की बीच टेस्ला को बैटरी सप्लाई करने वाली जापानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज पैनासोनिक ने बड़ा ऐलान कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को दुनिया भर में 10,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की। यह कंपनी में काम करने वाले लगभग 230,000 कर्मचारियों का चार परसेंट है। कंपनी ने प्रॉफिट को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। पैनासोनिक ने कहा कि सभी ग्रुप कंपनियों का रिव्यू किया जाएगा, खासकर सेल्स और इनडायरेक्ट डिपार्टमेंट्स की। इसके अलावा, ऑर्गेनाइजेशन और स्टाफ की संख्या का भी रीवैल्यूएशन किया जाएगा। कंपनी का मकसद जापान में 5000 कर्मचारियों और बाकी दूसरे देशों से 5000 कर्मचारियों की नौकरी में कटौती करना है। हालांकि, इस दौरान कंपनी हर देश में लागू श्रम संबंधी नियम-कानूनों का पालन करेगी। कुकर से लेकर टीवी और फ्रीज जैसे तमाम इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी आज घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम है। ओसाका बेस्ड यह कंपनी एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी टेस्ला के लिए बैटरी का प्रमुख सप्लायर है। कंपनी हाउसिंग, एनर्जी और ऑटो सेक्टर्स से भी जुड़ी हुई है। पैनासोनिक ने फरवरी में कंपनी में कई स्ट्रक्चरल इश्यूज को हल करने के लिए एक मैनेजमेंट रीफॉर्म प्रोग्राम का आउटलाइन तैयार किया है। शुक्रवार को कंपनी ने कहा, इस रीफॉर्म प्रोग्राम के जरिए कंपनी का लक्ष्य कम से कम 150 बिलियन येन (एक बिलियन डॉलर) तक अपना मुनाफा बढ़ाना है। शुक्रवार को जारी अपनी पूरे साल की इनकम रिपोर्ट में पैनासोनिक ने इस साल प्रॉफिट में 15 परसेंट की गिरावट और बिक्री में आठ परसेंट की गिरावट का अनुमान लगाया है। पैनासोनिक होल्डिंग्स के सीईओ युकी कुसुमी ने जापान के निक्केई न्यूजपेपर को अप्रैल में दिए एक इंटरव्यू में कहा था, "दूसरी कंपनियों के मुकाबले बेहतर परफॉर्मेंस करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी जरूरी है।"




■ 10000 लोगों की चली जाएगी नौकरी

# फेस पेंटिंग, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



## >> अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के तहत हुआ आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों के मध्य फेस पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान फेस पेंटिंग से चेहरे पर रंगों के माध्यम से सुंदर संदेश दिया गया। स्टूडेंट्स की प्रतिभा को उजागर करने के लिए सामाजिक संदेश पर आधारित ऐक्टिविटीज करवाई गई।



फेस पेंटिंग कॉम्पीटिशन में प्रतिभागियों की अनूठी सोच... चेहरा नहीं-मैसेज देखिए... के अंतर्गत भारतीय सेना के शौर्य को सलाम ऑपरेशन सिंदूर, नारी सशक्तिकरण, उत्पीड़न के खिलाफ खामोशी तोड़ने एवं देशभक्ति आजादी के साथ, लैंगिक समानता और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया गया। उनकी ये ि एटिविटी बताती हैं कि अपने आस पास की घटनाओं और परिस्थितियों को लेकर युवा कितने सजग और चिंतित हैं। विद्यार्थियों को अपना विजन, कल्पना और सोच दिखाने का मौका मिला। इस दौरान आर्टिस्ट ने सर्ि यता से अपना हुनर चेहरे पर बिखेर दिया। प्रतिभागियों ने एक डेढ़ घंटे आंखें बंद कर बैठने से पहले आर्टिस्ट के साथ थीम पर चर्चा कर कलर प्लानिंग तय की। आर्टिस्ट की सोच जब चेहरे पर उतरी तो जजेज, विजिटर्स और विद्यार्थी सभी हैरान रह गए। एक्टिविटीज प्रभारी नर्सिंग फैकल्टी डिम्पल गर्ग ने बताया कि मेहंदी और रंगोली के माध्यम से सेव गर्ल्स का मैसेज देने के साथ अरेबीक, ब्राइडल, बूटे सहित कई आर्ट बनाई। फेस कम्पीटीशन में दस प्रतिभागियों की पांच टीमे शामिल थी। हर टीम ने ि एटिविटी और कलर डिजाइन से मैसेज देकर अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। इस दौरान नर्सिंग फैकल्टी मोहनसिंह गुर्जर, यशवंत पुंसल, सुरेश गर्ग, भूपेन्द्रकुमार सहित समस्त फैकल्टी और प्रशिक्षणार्थियों का सहयोग रहा।

# जिला कलक्टर ने किया चितलवाना क्षेत्र का निरीक्षण

## ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों की ली बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर/सांचौर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शनिवार को चितलवाना क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने उपखंड कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आपातकालीन स्थिति में मुस्तैदी के साथ कार्य कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री की उपलब्धता एवं सुचारू पेयजल व्यवस्था तथा आपातकाल की स्थिति में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था यथा-टैंकर आदि के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी सहित डिस्कॉम, पीएचइडी, पंचायतराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएचसी का निरीक्षण किया

जिला कलक्टर डॉ. गावंडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितलवाना का निरीक्षण कर आपातकालीन स्थितियों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने, पर्याप्त मात्रा में जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चिकित्साधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

# चिकित्सक से मारपीट पर किया कार्य का बहिष्कार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** सरकारी अस्पताल में शनिवार सवेरे एक युवक ने उसकी दादी की दवा लिखवाने की बात को लेकर सरकारी चिकित्सक के साथ मारपीट कर ली। पुलिस के अनुसार युवक उसके दादी की दवा लिखवाने आया था। इस पर डॉ शंकरलाल रोलानिया ने मरीज को साथ लाने को कहा। युवक ने सिर्फ पर्ची पर दवा लिखने की जिद की। इस पर चिकित्सक ने मना कर दिया। इससे आवेश में आकर युवक ने चिकित्सक का गला पकड़ लिया और मारपीट की। चिकित्सक के गले और सिर पर नाखूनों के निशान भी पड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। थानाधिकारी दीपसिंह चौहान ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उधर घटना के विरोध में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने काम बंद कर थाने का रुख किया। इससे अस्पताल में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में इस तरह का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अस्पताल में मरीजों के परिजनों और स्टाफ के बीच झड़प हो चुकी है। अस्पताल में सुरक्षा गार्ड नहीं होने से स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। बीसीएमओ डॉ. गणपतलाल चौधरी ने कहा कि अस्पताल में वार्ड बॉय मौजूद रहते हैं। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

# फर्स्ट एड और सीपीआर का दिया प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** पुलिस थाने में शनिवार को विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीएम डॉ. गणपतलाल चौधरी, डॉ. शंकरलाल रोलानिया और डॉ. जितेंद्रकुमार मीणा ने पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड और सीपीआर की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी। बीसीएमओ डॉ. गणपतलाल ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राथमिक चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य चोट या बीमारी की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करना है। यह चिकित्सा सहायता पहुंचने तक मरीज की स्थिति को स्थिर रखने में मदद करती है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत फर्स्ट एड बॉक्स एवं सीपीआर के बारे में जानकारी दी। वहीं आपातकाल स्थिती किसी भी मरीज की जान कैसे बचाई जाए जिसमें सीपीआर, सांस, आक्सीजन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। थानाधिकारी दीपसिंह चौहान ने भी सभी को उचित प्रबंधन की बात कही।



**रामसीन।** भारत-पाक के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अर्लट मोड पर है। शनिवार को थाना परिसर में प्रशासन, स्काउट, स्कूली बच्चों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष सार्वजनिक बैठक और बचाव डेमो का आयोजन किया गया। बैठक में आपातकाल की स्थिति में बचाव और प्राथमिक उपचार के तरीके विस्तार से बताए गए। तहसीलदार नीरजा कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में हर नागरिक को देशहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही कोई भ्रामक जानकारी साझा करें। थानाधिकारी तेजूसिंह ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, सामग्री या गतिविधि की जानकारी तुरंत थाना या बीट प्रभारी को दें। ड्रोन कैमरों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और उनके संचालन पर रोक की सख्ती से पालना जरूरी है। उन्‍ डेमो के माध्यम से घावों की पट्टी, जलने की स्थिति में फस्टएड, रक्तस्राव रोकने के उपाय, बेहोशी की स्थिति में सीपीआर देने की तकनीक और फ्रैक्चर की स्थिति में अस्थाई स्प्लिंट लगाने जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं समझाई गई। इस दौरान इएमटी अभिषेक सोलंकी और 108 एंबुलेंस के पायलट रविसिंह भी मौजूद रहे। जिन्होंने आपात स्थिति में 108 की सहायता प्रक्रिया की जानकारी साझा की।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की धरती सदैव पूजनीय, सरकार जन कल्याण को कटिबद्ध : दिलावर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**





**राजसमंद।** शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कंकुबाई-सोहनलाल धाकड़ की स्मृति में मंगल चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिशोदा के नवीन, भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबनेट मंत्री महेंद्र सिंह, नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक सहित विद्यालय निर्माण के सूत्रधार धाकड़ परिवार के सोहनलाल, मेघराज, अजित, हार्दिक, आरव धाकड़, भाविका, डीइओ राजेन्द्र गग्गड़, डीइओ माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी, एडीपीसी घनश्याम गौड़ सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, शिक्षक आदि भी मौजूद रहे।

शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वे इस विद्यालय का नाम कंकुबाई-सोहनलाल धाकड़ राउमावि शिशोदा करने की घोषणा करते हैं। उन्होंने इससे भव्यतम भवन पहले नहीं देखा। यहां विज्ञान, गणित, कृषि विज्ञान सहित आधुनिक विषय पढ़ने की सुविधा होगी, सरकार यहां अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगी जिससे यहां के बच्चे पढ़-लिख कर खूब आगे बढ़ें। न सिर्फ अध्ययन, बल्कि यहां खेल क्षेत्र के उत्थान को लेकर भी हम प्रतिबद्ध रहेंगे। महाराणा प्रताप की यह धरती सदैव पूजनीय है, सरकार यहां सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद महिमा कुमारी ने कहा कि मेघराज धाकड़ अपनी जड़ों को नहीं भूले, मुंबई जाने के बावजूद अपने गांव से जुड़े रहे और आज यहां इतना भव्य विद्यालय बनाया। चारों धाम से भी बड़ा माता-पिता का सम्मान है। जिस परिवार ने यह विद्यालय बनाया है वह हमारे लिए बेहद सम्मानीय है। मेवाड़ की यह भूमि संघर्ष और त्याग की भूमि है। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि मेवाड़ की जनता के सेवा का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि वे बाणमाता और एकलिंगजी से प्रार्थना करती हैं कि इस विद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर निकलने वाले बच्चे देश का विश्वभर में नाम रोशन करें। सांसद ने अपील करते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में हम सरकार द्वारा जारी गाइड-लाइन का पालन करें तथा मिलजुल कर रहें। राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रभु के जयकारों के साथ अपने उदभोदन की शुरुआत करते हुए कहा कि शिशोदा ग्राम में आज त्यौहार का माहौल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतम विकास हेतु प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि मेघराज धाकड़ और उनके परिवार ने 'लीड बाय एग्जाम्पल' प्रस्तुत किया है। नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि ग्राम शिशोदा में निर्मित ऐसा विद्यालय शायद ही प्रदेश में कहीं होगा। मेघराज धाकड़ और उनके परिवार ने साबित किया है कि ठान लें तो कुछ असंभव नहीं। सरकार का शिक्षा पर पूरा जोर है। विधायक ने बताया कि डीएमएफटी फंड के माध्यम से खमनोर ब्लॉक के 40 विद्यालयों में गणित प्रयोगशाला की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्हें यह बताते हुए खुशी है कि इनमें से एक गणित प्रयोगशाला इस विद्यालय में भी बनेगी। नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ नैतिकता सिखाना भी जरूरी है।

### संस्कृत विद्यालय का लोकार्पण

इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ने पीपरड़ा पंचायत के शंकरपुरा में 37.68 लाख की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय का लोकार्पण भी किया। इस दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी मौजूद रही। यहां भी शिक्षा मंत्री ने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतम उत्थान का अपना संकल्प दोहाराया। उन्होंने गरिमामय आतिथ्य के लिए जिले का आभार व्यक्त किया।

# आशापुरा माता मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** वलदरा के चौहान प्रजापत समाज की ओर से आशापुरा माता मंदिर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। विपुल प्रजापत व जितेन्द्र प्रजापत ने बताया कि रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। दूसरे दिन दिनभर धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान मंदिर को आकर्षक फूल मालाओं और रोशनी से सजाया गया। इस दौरान पूराराम प्रजापत, छोगालाल, चुन्नीलाल, हसमुख, नटवरलाल, दौलाराम, जयंतीलाल, अमृतलाल, दिनेशकुमार, जयेश डॉ कुणाल, नगाराम, मंछालाल, हीरालाल, मोहनलाल, निलेश, प्रकाश, मगनलाल, गीमाराम, दुर्गेशकुमार, बाबूलाल, गणेशराम एवं लक्ष्मणराम आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में हुआ वैवाहिक और मोटर दुर्घटना समेत कई मामलों का निपटारा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश पर शनिवार को बाली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत में दो बेंच का गठन किया गया। पहली बैंच की अध्यक्षता अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सत्येंद्र प्रकाश चोटिया ने एवं दूसरी बेंच की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार बाकोलिया ने की। दोनों बेंच ने बाली तालुका के विभिन्न न्यायालयों के प्रकरणों में पक्षकारों के बीच समझौता कराया। सत्येंद्र प्रकाश चोटिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने वैवाहिक विवाद और मोटर दुर्घटना से जुड़े मामलों का निपटारा किया। सभी मामलों में पक्षकारों के बीच सफल समझौता हुआ। लोक अदालत को सफल बनाने में तहसीलदार जितेंद्रसिंह, पैनल अधिवक्ता धीरजकुमार और कैलाशकुमार समेत बाली तालुका के कई अधिवक्ताओं ने योगदान दिया।

# हर्षोल्लास से मनाई खीमावत की 13वीं पुण्यतिथि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**रानी।** राज राजेन्द्र बसंतीदेवी किशोरमल वी खीमावत चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व पर्यावरण प्रेमी किशोरमल खीमावत की 13वीं पुण्यतिथि रानी सहित आस पास के क्षेत्र में श्रद्धा के साथ मनाई गई। ट्रस्ट के व्यवस्थापक रंजीत ढालावत ने बताया कि पुण्यतिथि पर खीमावत सर्किल पर किशोर खीमावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। रानी, खिमेल, फालना, नाडोल देसूरी, स्थित गोशालाओं में गौवंश के लिए गुड़ व हरे चारे का वितरण किया गया। हरीश भाटी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# खिवांदी में घांची समाज की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सताविया पारा क्षत्रिय घांची समाज सेवा संस्थान बांकली की जनरल बैठक 11 मई को घांची समाज भवन खिवांदी में आयोजित की जाएगी। सुबह 10 बजे शुरू होने वाली बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष भंवरलाल परमार करेंगे। बैठक में समाज सुधार और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। जरूरी निर्णय लिए जाएंगे। सताविया पारा के सभी पंचगण और समाज के लोग बैठक में शामिल होंगे।

# भजन संध्या आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** स्थानीय क्षेमंकरी माता मंदिर मार्ग स्थित आशापुरी माता व खेतलाजी मंदिर में रविवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। घांची वगताराम प्रतापाराम परिवार द्वारा आयोजित भजन संध्या में ख्यातिनाम कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# वार्षिकोत्सव का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कुम्हारवाडा में शनिवार को श्रीयादे माता मंदिर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। हवन एवं सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। समारोह में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने भाग लिया। दोपहर में भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। इसके बाद सत्यनारायण महिला मंडली एवं सरिया देवी महिला मंडली के बीच भजन की प्रतिस्पर्धा रखी गई। शाम को महाआरती का आयोजन किया गया।


# आइलाइनर लगाने के स्टाइलिश तरीके क्या आपने भी कभी ट्राय किए!

आंखों को क्लासिक ब्लैक लाइनर से हाइलाइट करने का ट्रेंड हमेशा फैशन में रहता है. लेकिन बदलाव आता है तो इसके लगाने के तरीके और कलर्स में. हर फैशन वीक के मेकप आर्टिस्ट, रनवे के कलेक्शन के साथ तालमेल बिठाते हुए मॉडल्स की आंखों को आइलाइनर से और भी खूबसूरत बनाते हैं और इन्हीं से मिले हमें कुछ शानदार आइलाइनर लगाने के तरीके, जो आपकी आंखों को बनाएंगे खूबसूरत और अटैक्टिव. यहां जानिए हमारे सबसे पसंदीदा 5 बेहतरीन आइलाइनर ट्रेंड.



## सिल्की कैलीग्राफी

अपने पुराने और महंगे आइलाइनर को भूल जाइए और इन गर्मियों में ट्राय कीजिए एक बोल्ड लुक-इंकी ब्लैक आइलाइनर के साथ। इसके लिए स्ट्रोक को आंखों के किनारों के बाहर की तरफ निकालिए और फिर फूल की पत्ती की तरह एक दूसरी लाइन बनाइए। थोड़े ब्लैक आइ शैडो को अंदर की तरफ लगाएं और बनिए सबके लिए स्टाइल स्टेटमेंट।



## व्हाइट से करें कमाल

व्हाइट आइलाइनर, 2015 का कूलेस्ट आइवेयर ट्रेंड है। व्हाइट आइलाइनर की खूबी होती कि वो डल और थकी आंखों में भी एक चमक ला देती है। ये गॉथिक ट्रेंड वाकई में एक कमाल का ट्रेंड है और जल्द ही ये सभी जगह छा जाएगा। अगर आप इसे लगाने में असहज महसूस कर रहीं है तो इसे थोड़-थोड़ा करके लगाएं। बाहर की पलकों की लाइन्स पर ब्लैक लाइनर लगाएं।




## ऐसे करें रॉक

जहां हमें व्हाइट काफी पसंद है, वहीं हम इसके साथ थोड़े ब्लू लाइनर से कुछ रॉकिंग करने की सलाह देंगे। इस ट्रेंड के साथ अपने लुक को बनाएं सिंपल लेकिन स्टाइलिश। इसके साथ आप ज़्यादा कुछ न करते हुए अपने लुक को सिंपल ही रखें। बस याद रखें कि इसे एक प्रोफेशनल की तरह कलर करें और भरें।



## दो का वार

इस लुक को पाने के लिए अपनी ऊपर की पलकों पर आइलाइनर लगाएं (जैसे आप हमेशा नॉर्मली आइलाइनर लगाती हैं)। निचली पलकों पर काजल से, ऊपर की लाइन के जितना बड़ा ही स्ट्रोक बनाएं। ये पैरलल लाइन्स बेहद कमाल लगती हैं क्योंकि मिनिमालिस्टिक होने के बावजूद भी इतनी बोल्ड लगती है कि ये एक स्टेटमेंट बना सकती हैं। अपने रेट्रो चार्म की वजह से ये आपके हर आउटफिट के साथ परफेक्ट लगेगी।



## स्मोकी आइलाइनर को कहें हैलो

अपने विंग आइलाइनर को भूल जाइए क्योंकि अब स्मोकी आइलाइनर बन गई हमारी पसंदीदा। एक जेल लाइनर, जो अच्छी तरह से फैलकर दे बेहतरीन स्मोकी आइ, को हम भी ढूंढ रहे थें। स्पॉन्च और ब्रश का इस्तेमाल करके किनारों को हल्का कर दें। जैसा पसंद हो वैसा मस्कारा लगाएं और आप तैयार है सबकी नज़रों में छाने के लिए।



# ड्राय शैम्पू? इसे कैसे करें इस्तेमाल?

कभी-कभी बालों को मैंटेन करना काफी मुश्किल भरा काम हो जाता है, क्योंकि पूरे दिन आप पॉल्यूशन, ब्यूटी और समय इन तीनों के बीच पिसती रहती हैं। है ना! और बेशक, इन तीनों के बीच में समय की ही जीत होती (अपना कीमती समय उन कामों को ज़्यादा देती जो ज़रूरी होते हैं) है और समय के अभाव में आप बालों से जुड़े केयर को भी नज़रअंदाज कर देती हैं। लेकिन आपकी इस परेशानी का एक लाजवाब सॉल्यूशन है - ड्राय शैम्पू। अपने बालों पर इसका इस्तेमाल आप उन दिनों में कर सकती है जब आपको अपने बालों को धोने के लिए समय नहीं मिलता। कई बार समय के अभाव में बालों को धोए बिना इनसे एक्स्ट्रा ऑयल हटाने के लिए सर पर पाउडर का इस्तेमाल तो आपने किया ही होगा। ड्राय शैम्पू भी इसी टेक्नीक पर बेस्ड होकर तैयार हुआ है। ये स्प्रे या पाउडर की तरह होता है, जो आपके बालों से ऑयल, गंदगी और पॉल्यूशन को सोख लेता है। सिर्फ इतना ही नहीं, इससे आपके बालों को वॉल्यूम देकर उन्हे बनाता है शाइनी।

## कैसे करें इसे इस्तेमाल?

हर हेयर स्प्रे की तरह इसके भी इस्तेमाल से पहले ये सुनिश्चित कर लें कि बालों में कोई गांठ न हो। इसे हेयर वॉश के दूसरे या तीसरे दिन अपने बालों के स्कैल्प के आस-पास स्प्रे करें। इसके लिए अपने बालों को दो हिस्सों में बांट लें और फिर आधे मीटर की दूरी से ड्राय शैम्पू स्प्रे करें। अगर आप पाउडर वाले ड्राय शैम्पू का इस्तेमाल कर रही हैं तो इसमे दिए ब्रश का इस्तेमाल करके, बाल के उन हिस्सों में लगाएं (उन दो हिस्सों में)। इसके इस्तेमाल के बाद हो सकता है कि थोड़े पाउडर या स्प्रे आपके स्कैल्प में जम जाए, अगर ऐसा हो तो उन्हें उंगुलियों से हिलाकर ठीक कर लें। बालों को वॉल्यूम देने के लिए चौड़े दांतों वाली कंघी इस्तेमाल करके बालों को अच्छी तरह झाड़ लें और फिर इसे कोई भी मनचाहा स्टाइल दें।

# लड़के भी रंगें अपने वॉर्डरोब को पेस्टल्स में

**जहां औरतें रनवे ट्रेंड्स को अपने क्लॉजेट्स में शामिल करने में काफी तेज़ होती हैं, आदमी इस मामले में काफी संकोची होते हैं और कुछ भी नया ट्राय करने को लेकर काफी एहतियात बरतते हैं। जहां आपके पति या बॉयफ्रेंड अपने डेनिम्स और टीज़ से बेइंतेहा प्यार करते हैं। यहां जानिए कि कैसे आप उन्हें पेस्टल्स के हॉट ट्रेंड को फॉलो करवा सकती हैं। चिंता मत कीजिए ये हर स्किन कलर को सूट करते हैं सच में!**





### पोलोज

अपने silhouette में पेस्टल्स शामिल करने का सबसे आसान और सेफ तरीका है इन्हें पोलोज़ के रूप में पहनना। ये आपकी पसंदीदा डेनिम्स और ट्राउज़र्स के साथ बहुत अच्छे लगेंगे। एक आराम पसंद दिन पर, ड्रेस डाउन करें इन्हें टीम करें शॉर्ट्स के साथ।

### शर्ट्स

पेस्टल्स पहनने का एक और आसान तरीका है इन रंगों में शर्ट्स पहनना। ये आपके लुक को ना सिर्फ एक फ्रेशनेस देंगे बल्कि आपको बाकी लोगों से अलग भी दिखाएगा। अगर आप थोड़ा ड्रेस्ड अप दिखना चाहते हैं, तो अपने लुक की कैज़ुअलनेस बढ़ाइए ट्राउज़र्स को पेस्टल शर्ट्स के साथ पेयर कर के। पेस्टल शर्ट्स के ले सबसे बेहतरीन फैब्रिक हैं कॉटन और लिनेन।

### ट्राउज़र्स

पेस्टल ट्राउज़र्स ब्रीज़ी और ट्रेंडी दोनों ही है। स्टाइलिश पर सिंपल और बेहद कैज़ुअल, पेस्टल ट्राउज़र्स को स्टाइल करने के कई तरीके हैं। पर फिर भी इनके साथ गलती करने की काफी गुंजाइश है। इन्हें गहरे रंग की टी-शर्ट्स और शर्ट्स के साथ पेयर करना भी बहुत अच्छा ऑप्शन है। इन्हें एक जैसे रंगों के साथ पेयर करने की गलती ना करें, ये पूरा लुक खराब कर सकते हैं।

### सूट्स

सूट्स हमेशा फॉर्मल ड्रेसिंग का हिस्सा हों, ऐसा ज़रूरी नहीं है। अगर वो ड्रेस्ड अप दिखना चाहते हैं पर एक कैज़ुअल फील के साथ, तो एक पेस्टल कलर्ड सूट बहुत अच्छा ऑप्शन है। सूट को पुराने घिस-पिटे तरीकों से स्टाइल ना करें। पेस्टल रंगों के कुर्ते बेहद अच्छा ऑप्शन है। पेस्टल शेड्स के कुर्ते हमेशा से बेहद ताजगी भरे और एलिगेंट लगते हैं।

# दीवार सजाने के इन तरीकों से घर को मिलेगा अलग लुक

**घर को अलग लुक देने के लिए क्रिएटिविटी का इस्तेमाल जरूरी है। ये न सिर्फ पुरानी चीजों से घर के डेकोरेशन के लिए बेस्ट होता है बल्कि मेहमानों के लिए भी ये आकर्षण का केंद्र होता है। आज दीवारों को सजाने के ऐसे ही कुछ आइडिजाज के बारे में जानेंगे....**

वुडन स्लैब को वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल तरीके से सेट कर दें। यह आइडिया कमरे के किसी कोने को सजाने के लिए परफेक्ट साबित होगा। बीच-बीच में बनी स्लैब पर सजावट का सामान रख सकते हैं और हॉरिजॉन्टल स्लैब पर फोटोग्राफ पिनअप किया जा सकता है।घर में कोई ऐसा दरवाजा है, जिस पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो उसके साथ थोड़ा प्रयोग करिए। इसका एक तरीका है कि दरवाजे पर ग्लास पेंट के साथ पेंटिंग करिए। आपके इस तरह करने से जब सूर्य की किरणें दरवाजे पर गिरेंगी तो कुछ ऐसा नजारा देखने को मिलेगा। यादगार तस्वीरों के साथ घर सजाना हर व्यक्ति का पसंदीदा तरीका होता है।

आप भी ऐसा ही कुछ करने के बारे में सोच रही हैं तो थोड़ा क्रिएटिव बनिए। दीवार पर वुडन ब्लॉक बनाकर, उन पर हुक्स लगाएं और इनमें फोटोफ्रेम हैंग कर लें। यह सुंदर दिखेगा। घर के किसी कोने को सजाने का यह तरीका जितना सिंपल है, उतना ही अट्रैक्टिव भी। इसके लिए करना कुछ ज्यादा नहीं है। लकड़ी का पुराना पीस लीजिए और इस पर कोई पैटर्न बनाइए। चाहे तो मछलियां बना सकते हैं। इनकी कार्विंग करिए और दीवार को सजाएं। यह तरीका बिलकुल साधारण है,



लेकिन लड़कियों के कमरे में कुछ अलग ही नजर आएगा। आपको पेंटिंग का शौक है तो लिप की पेंटिंग बनाकर, उसे फेम करा लीजिए। इसे ड्रेसिंग टेबल के आस-पास कहीं या बेड बैक पर लगाई जा सकती है। निश्चित ही यह आइडिया कमरे में आने वालों को सरप्राइज देगा, लेकिन इन आइडिया को ड्राइंगरूम या लॉबी में आजमाने से बचिए।

# गर्मी में बढ़ती आंखों से जुड़ी समस्याएं

**गर्मियों में गर्म हवाएं और चुभती धूप के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ हो जाती हैं। तेज धूप और पसीने के चलते आंखों में जलन, खुजली और लालिमा जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। कई लोग इस समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन एक्सपर्ट के मुताबिक आंखों की जलन कभी-कभी बड़ी बीमारी का संकेत भी हो सकती है। वैसे तो बाजार में कई आई ड्रॉप्स मौजूद हैं, जो इससे राहत दिलाते हैं। इसके अलावा कुछ नेचुरल होम रेमेडीज भी इसमें बेहद मददगार हैं।**



### सवाल- गर्मियों में आंखों में जलन की मुख्य वजह क्या है?

**जवाब**- इसकी प्रमुख वजह तेज धूप, गर्म हवाएं, पसीना और हवा में मौजूद धूल, प्रदूषण व परागकण हैं। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) और लंबे समय तक मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन देखने से भी आंखें ड्राई हो जाती हैं, जिससे जलन बढ़ सकती है।

### सवाल- हीटवेव आंखों के लिए क्यों नुकसानदायक है?

**जवाब**- गर्मी और नम वातावरण आंखों की सतह को हाइड्रेट रखने वाली आंसू की परत को तेजी से सूखा देता है, जिससे ड्राई आई की समस्या बढ़ सकती है। इससे जलन, खुजली और आंखे लाल पड़ सकती हैं। इसके अलावा इस मौसम में सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणें ज्यादा तेज होती हैं, जो सीधे कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### सवाल- क्या पसीना आंखों में जाना नुकसानदायक होता है?

**जवाब**- आमतौर पर आंखों में पसीना जाना नुकसानदायक नहीं होता, लेकिन यह अस्थायी जलन और चुभन का कारण बन सकता है। पसीने में पानी के साथ नमक, क्लोराइड और अन्य सूक्ष्म तत्व होते हैं, जो आंखों की सतह (कॉर्निया और कंजंक्टिवा) से संपर्क करते हैं और परेशानी बढ़ा सकते हैं।



### सवाल- गर्मी में किस तरह का खानपान आंखों को ड्राई होने से बचा सकता है?

**जवाब-** आंखों को ड्राई होने से बचाने के लिए पर्याप्त पानी पीना और ताजे फलों का जूस पीना फायदेमंद है। इसके अलावा, ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर फूड आइटम्स जैसे अखरोट और चिया सीड्स भी बहुत फायदेमंद होते हैं। विटामिन, और ष्ट से भरपूर गाजर, शकरकंद, संतरा और अमरूद जैसी चीजें भी आंखों के लिए अच्छी होती हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और मेथी में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन होते हैं, जो आंखों की नमी बनाए रखने में मदद करते हैं।

### सवाल- क्या हीटवेव में महिलाओं को आंखों को लेकर एक्स्ट्रा केयर की जरूरत है?

**जवाब-** हां, हीटवेव के दौरान महिलाओं को अपनी आंखों का खास ध्यान रखना चाहिए। खासकर उन महिलाओं को, जो मेकअप करती हैं। मेकअप में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट जैसे मस्कारा, आईलाइनर और काजल भी आंखों को अधिक प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए आंखों को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना, आंखों को धूल और धूप से बचाना, और मेकअप हटाने से पहले अच्छी तरह से साफ करना जरूरी है। इसके अलावा आंखों के लिए सुरक्षित और लाइट मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।

### सवाल- घर पर आंखों की जलन को कम करने के लिए किन बातों का ध्यान रखें?

**ठंडी पट्टियां:** ठंडी पट्टियां आंखों की सूजन, जलन या थकावट को कम करने में मदद करती हैं। ठंडे पानी से भिगोई गई रुई या साफ कपड़े को आंखों पर लगाने से ब्लड वेसल्स की सूजन कम होती है।

**खीरे के स्लाइस:** फ्रिज में ठंडे किए हुए खीरे के पतले स्लाइस आंखों पर रखें और 10-15 मिनट तक छोड़ दें। खीरे में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और हाइड्रेटिंग गुण आंखों को ठंडक देते हैं और जलन कम करते हैं।

**गुलाब जल:** ऑर्गेनिक गुलाब जल की 1-2 बूंदें आंखों में डालें या एक कॉटन पैड में गुलाब जल भिगोकर उसे पलकों पर सावधानी से रखें। गुलाब जल में नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जलन और खुजली को कम करते हैं।

**एलोवेरा जेल:** एलोवेरा जेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। आंखों के आसपास हल्का-सा ठंडा एलोवेरा जेल लगाने से ठंडक मिलती है और जलन में राहत मिलती है। ध्यान रखें कि एलोवेरा जेल शुद्ध होना चाहिए।

**आंखों को बार-बार धोना:** आंखों को धोने से जलन और थकान में राहत मिलती है। दिन में दो-तीन बार ठंडे पानी से आंखें धोने से गंदगी बाहर निकल जाती है और आंखों को ताजगी मिलती है।

### सवाल- आंखों की सफाई करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**जवाब**- हमेशा आंखों को साफ करने से पहले हाथ अच्छे से धोएं ताकि गंदगी या बैक्टीरिया आंखों में न जाने पाए। साथ ही आंखों को धोने के बाद मुलायम तौलिए या कपड़े से हल्के हाथों से पोंछ लें। ध्यान रहे कि आंखों को हल्के हाथों से धोएं, दबाव डालने से उसमें जलन या चोट लग सकती है।

### सवाल- क्या आंखों में जलन होने पर आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल करना सही है?

**जवाब**- अगर जलन हल्की है और बार-बार नहीं हो रही तो ओवर द काउंटर आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इनका लंबे समय तक उपयोग करना सही नहीं है। अगर जलन के साथ लालिमा और सूजन भी दिखाई दे रही है तो बिना डॉक्टर की सलाह के आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे के माध्यम से हुआ कुल 6572 प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरणों का निस्तारण

## लोक अदालत के माध्यम से शादीशुदा जोड़े का पुनर्मिलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**धौलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर अरुण कुमार अग्रवाल के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्जलित करके किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर रेखा यादव ने बताया कि धौलपुर जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है। धौलपुर मुख्यालय पर 5 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें स्थायी लोक अदालत धौलपुर एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग धौलपुर के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 1, मोटर दुर्घटना दावा आधिकरण हेतु बैंच संख्या 2, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 3, प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 4 गठित की गई है, इसी प्रकार सैंपऊ मुख्यालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ की बैंच संख्या 5 गठित की गई है, बैंच संख्या 6 प्रो-बोनो न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1/2/3, जेजेबी धौलपुर के प्रकरणों की सुनवाई हेतु गठित की गई है। ताल्लुका बाड़ी मुख्यालय पर 4 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें बैंच संख्या 1 सेशन न्यायालय एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों हेतु, बैंच संख्या 2 मजिस्ट्रेट न्यायालयों बाड़ी हेतु गठित की गई है एवं बैंच संख्या 3 न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेडी के लिए गठित की गई है एवं बैंच संख्या 4 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सरमथुरा के लिए गठित की गई है। ताल्लुका राजाखेड़ा मुख्यालय हेतु बैंच संख्या 1 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा के लिए गठित की गई है। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु धौलपुर जिले में विभिन्न न्यायालयों में लंबित 5667 प्रकरणों को चिन्हित किया गया। जिले में स्थित विभिन्न न्यायालयों में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण 589 एन.आई.एक्ट के 34 राशि 3389860 धन वसूली के 8 राशि 347018 प्रकरण, अन्य सिविल मामले 20 राशि 71976 एम.ए.सी.टी के 54 राशि 38685854 वैवाहिक विवाद 21, भरण-पोषण 110, राशि 2948250 जनउपयोगी सेवाओ संबंधी विवाद 13, उपभोक्ता फोरम के 8 राशि 1825000 समस्त राजस्व मामले 2977 निरोधात्मक कार्यवाही के 657 इस प्रकार कुल 4491 लंबित मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाकर कुल 47267958/- रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन के बैंक ऋण, टेलिफोन बिल के विवाद व अन्य सिविल विवाद के कुल 2081 प्रकरण निस्तारित किये गये। पारिवारिक न्यायालय धौलपुर के एक प्रकरण के दोनों पक्षकारों (पति-पत्नि) के मध्य शादी के बाद ही मन-मुटाव चालू हो गया। दम्पत्ति के मध्य लोक अदालत की भावना से पक्षकारों के मध्य समझाइश कराई गई। समझाइश सफल रही जिसके फलस्वरूप दंपत्ति ने पुनः एक साथ रहने के लिए राजी हुए तथा उन्हें बैंच के समक्ष दम्पत्ति को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनके सुखमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई, जिसके लिए पक्षकारों ने लोक अदालत बैंच का आभार व्यक्त किया। एमएसीटी न्यायालय धौलपुर के एक प्रकरण में प्रकरण एमएसी नं. 227/2024 हेतराम बगैरा बनाम नितिन बगैरा था जिसमें मृतक हरेन्द्र सिंह मथुरिया की मृत्यु बाबत क्षतिपूर्ति राशि हेतु उसके परिवारीजन हेतराम द्वारा यह क्लेम याचिका दर्ज हुई। लोक अदालत के माध्यम से बीमा कंपनी व प्रार्थी के अधिवक्ता के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा किया जाकर प्रकरण में 40,00,000/- रूपए का अवार्ड पारित किया जाकर निस्तारण किया गया। जिसके लिए पक्षकारों ने लोक अदालत बैंच का आभार व्यक्त किया। लोक अदालत के दौरान न्यायिक अधिकारी स्थाई लोक अदालत धौलपुर सुरेश प्रकाश भट्ट, न्यायाधीश एमएसीटी धौलपुर सुश्री प्रीति नायक, शैला फौजदार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, सुमन मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, साधना शर्मा उपखंड अधिकारी धौलपुर, अध्यक्ष अभिभाषक संघ धौलपुर प्रशांत हुण्डावाल, अधिवक्तागण अरुण राणा, ममता गोस्वामी, रंजीत सिंह, मुकेश सिकरवार, सर्वेश मिश्रा, प्रमोद शर्मा, दीपक सिकरवार, स्थाई लोक अदालत के सदस्य अधिवक्तागण वीरेंद्र उपाध्याय, रामदत्त श्रोती आदि उपस्थित रहे।

## सीकेआरडीएम ब्लड सेंटर एवं हॉस्पिटल में हर दिन हो सकेगा स्वैच्छिक रक्तदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के इंदिरा नगर में स्थित सीकेआरडीएम ब्लड सेंटर में डॉ. अनिल महलावत एवं डॉ. लालचंद ढाका की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन के मध्यनजर रक्तदान शिविर लगाने एवं रक्तदान को बढ़ाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लॉयंस क्लब अध्यक्ष गोपालकृष्ण गुप्ता, शकुंतला पुरोहित, सूबेदार विद्याधर मांजू, सूबेदार करणीराम डूडी, डॉ. संतोष ढाका, हासिम अली, नरेंद्र माहिच, अनिल कृष्णियां, प्रताप राहड़, नेमीचंद भांबू आदि मौजद रहे। बैठक में आपदा प्रबंधन के समय ब्लड की प्रतिदिन आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि 15 मई तक प्रतिदिन स्वेच्छा से अधिकतम रक्तदान करने की अपील की गई। जिसमे आमजन के साथ स्कूल, कॉलेज एवं स्वयंसेवी संगठन शामिल हो। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनिल महलावत ने बताया कि ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान की सेवाएं 24 घंटे चालू रहेगी। आमजन किसी भी समय आपदा प्रबंधन के इस समय पर राष्ट्हित के लिए अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर पर सीकेआरडी ब्लड सेंटर से आपदा प्रबंधन के लिए ब्लड यूनिट भी रवाना की गई।

## लोक अदालत में कुल 103 प्रकरणों का किया निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तारानगर के न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दांडिक शमनीय के 30 प्रकरणों, 138 एन.आई. एक्ट के 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 29,52,595 रूपये की वसूली हुई। वैवाहिक मामलों के 07 प्रकरणों, भरण पोषण के 24 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 03,28,000 रूपये की वसूली हुई। सिविल व धन वसुली मामलों के 04 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल 16,75,938 रूपये की वसुली हुई। एमएसिटी के 08 प्रकरणों मे कुल राशि 21,85,000 के पंचाट पारित किये गये। बैंक तथा बीएसएनएल के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में 17 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 6,19,310 रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 103 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 60,84,905 रूपये की वसूली हुई। लोक अदालत में सदस्य के रूप में अधिवक्ता राजेंद्र सिंह राठौड़ का सहयोग रहा। इस मोके पर न्यायालय कर्मचारीगण व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा को हजारों घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ



**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा पूरे देश भर में एक साथ एक समय प्रातः बुद्ध पूर्णिमा, 12मई 2025, सोमवार को 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ किया जाएगा। इस यज्ञ का उद्देश्य देश को पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति से बचाने, लोकमंगल, विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, महामारी और दुर्घटनाओं से बचाव, सबके लिए सद्बुद्धि सबके लिए उज्जवल भविष्य का भाव रखना है। इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ के कार्यकर्ताओं द्वारा हवन सामग्री के पैकेट बनाकर घर घर में पहुंचाए जा रहे हैं ताकि लोग यज्ञ कर सकें। सभी से निवेदन किया जा रहा है कि आप कम से कम 24 गायत्री मंत्रों की व 5 महामृत्युजंय मंत्र की आहुतियां दें। अपने अपने ईष्ट को आहुतियां समर्पित कर सकते हैं। गत 5 वर्ष से यह प्रयोग बुद्ध पूर्णिमा पर चल रहा है। एक साथ व एक समय किए गए यज्ञ की ऊर्जा व शक्ति अत्यधिक प्रभावी होती है इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गायत्री परिवार की सभी शाखाओं पर यह तैयारियां पूरे देश में की जा रही है। चूरू शाखा में इसको सफ़ल बनाने हेतु पृथ्वी राज सैनी, व्यवस्थापक उम्मेद सिंह राठौड़, महेंद्र कुमार कश्यप, सीता राम कश्यप, तेजपाल सिंह राठौड़, काली चरण शर्मा, अर्जुन स्वामी, कुंदन सिंह, कमलेश कंवर, गायत्री गोरसिया, किशन कंवर, प्रेम कंवर, प्रकाश कंवर आदि राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में लगे हुए हैं। जिन लोगों को सोमवार को समय नहीं मिल पाता वे लोग रविवार 11 मई को भी यज्ञ कर सकते हैं।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक हुई




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शनिवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक लावरेश्वर मंदिर में प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम एवं प्रांत धर्माचार्य सह सम्पर्क प्रमुख रामानन्द पाठक के सानिध्य आयोजित की गई। बैठक का संचालन विभाग मंत्री सतीश मिश्रा ने की। राधेश्याम गौतम ने आगामी बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग 17 से 24 मई तक अलवर में, दुर्गावाहिनी का 23 से 30 मई तक चौमूं में एवं विश्व हिन्दू परिषद् का वर्ग 31 मई से 10 जून तक सीकर में आयोजित होगा। सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं में इस वर्ग में जाना अनिवार्य है। बैठक में नए दायित्व दिए गए। जिसमें बजरंग दल झुंझुनूं नगर सह संयोजक हितेश खीचड़, गुढागौड़जी प्रखंड सह संयोजक बंटी सैनी को बनाया गया। बैठक में प्रांत परियोजना सह प्रमुख योगेंद्र कुंडलवाल, जिला मंत्री जयराज जांगिड़, सह मंत्री मनोज सैनी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र केडिया, बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति, जिला गौरक्षा एवं गौ संवर्धन प्रमुख श्यामसुंदर, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सुनिल कुमार शर्मा, जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमावत, नगर अर्चकपुरोहित सम्पर्क प्रमुख मुकेश चौरासिया, रोहन सैनी, राकेश कुमार, प्रमेश्वर सैनी रहे।

## 'रक्तदान पुण्य का कार्य, भ्रांतियों से दूर रहें और रक्तदान करें'



**चूरू।** जिला मुख्यालय पर नई सड़क स्थित स्मॉल वंडर चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में शनिवार को चूरू के जानेमाने डॉक्टर सुशील शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। शिविर में युवाओं और महिलाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता जमील चौहान ने कहा कि डॉ सुशील शर्मा ने हमेशा गरीब को गणेश मानकर सेवा की। वे मिलनसार और 36 कौम के चहेते व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा महसूस होती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान दूसरों को जिंदगी देने वाला काम है। रक्तदान को लेकर प्रचलित भ्रांतियों से दूर रहें और अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान आदर्श नर्सिंग सेंटर के युवा और अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यक्रम आयोजक सचिन शर्मा ने आयोजन की जानकारी दी। अनीता शर्मा ने महिलाओं का उत्साह रक्तदान करने के लिया बढ़ाया। इस दौरान गौरव शर्मा, जाकिर झरियावाला, दिव्य शर्मा, अभिलाषा शर्मा, आशुतोष महर्षि, अख्तर तुगलक, शेख तजमुल, विशाल शर्मा, आभा शर्मा, सोनू सैनी, रेनू राठौड़, मोनिका, खुशबू, मीनू जागृति, निजामुद्दीन आदि ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। भरतिया अस्पताल की रक्तदान टीम में डॉ गोपाल ढाका, सुनीता इंदोरिया, महमूद खान, जयपाल सिंह, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार आदि शामिल रहे। डॉ सुशील शर्मा की धर्मपत्नी कृष्णा शर्मा ने रक्तदान शिविर में सभी का आभार व्यक्त किया।

## पंचायत भवन में जय राष्ट्र भारत कमेटी का निर्माण करते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में भारत की सीमा पर चल रहे तनाव के मद्देनजर आपातकालीन स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी की गई दिशा-निर्देश की पालना करने हेतु सरपंच सविता राठी ने पंचायत भवन में जय राष्ट्र भारत कमेटी का निर्माण करते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया, जिसके अध्यक्ष प्रशासक सविता राठी उपाध्यक्ष गणपत दास स्वामी एवं समस्त पंच के साथ 51 राष्ट्र मित्रों को शामिल किया गया, आज कमेटी की मीटिंग करते हुए राठी ने प्रशासन द्वारा दी गई गाइड लाइन को अक्षरशः बताते हुए कहा कि गांव के प्रत्येक मोहल्ले बाणिया बास, तालाब मोहल्ला, सदर बाजार बस स्टेंड,गढ़,राठी चौक एवं नायक बस्ती तथा राजस्व गांव सूरवास एवं डूंगर बालाजी तथा झलाई तलाई में सायरन की व्यवस्था तथा जागरूकता हेतु छोटी कमेटियों को हर परिवार से दवाई,टार्च तथा इमरजेंसी की वस्तुओं सहित किट तैयार करवाना है,क्योंकि सतर्कता आवश्यक है। प्रहलाद दर्जी एवं नानूराम गुर्जर ने देश की सेना के लिए रक्त दान शिविर लगाने का प्रस्ताव रखा। रक्त वीरों की सूची भी बनाई गई,विनोद प्रजापत ने कहा कि हमें तनाव ग्रस्त नहीं होना है,बल्कि जागरूकता के साथ आपातकालीन परिस्थिति से निपटना है,गंगासिंह राठौड़ ने कहा कि सोशियल मीडिया पर बहुत जरूरत होने पर ही पोस्ट करे,तिलोकाराम ने कहा कि आतिशबाजी तथा ड्रोन सभी बंद है,,रेड अलर्ट में लाइट बंद रखे,टिंकू शर्मा तथा दुर्गादत्त शर्मा ने तनाव रहने तक मंदिर में हमेशा 3 से 5 तक कीर्तन करने की जिम्मेदारी ली। इस समय प्रकाश स्वामी, महावीर जेतुंग, नेमीचंद,राजेंद्र, बाबूलाल, भंवर लाल,राकेश सोनी,मुरारी माली,मोहन ,ओमप्रकाश प्रजापत, राजेश, भरत सारण,बजरंग सारण,भागीरथ बांसुड़ा,रवि,रघुवीर आदि बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे,पंचायत में सफाई व्यवस्था,पानी एवं बिजली की भी चर्चा की गई।

## भाकरां में नामांकन वृद्धि के लिए शिक्षकों का प्रयास



**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के हरियाणा निकटवर्ती शहीद होशियार सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भाकरां के शिक्षक विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए गांव में अभिभावक एवं बच्चों से संपर्क कर रहे हैं। शिक्षकों का उद्देश्य ग्रामीणों को राजकीय विद्यालय में नामांकन कराने और विद्यालय में मिलने वाली पालनहार योजना, पोषाहार एवं निशुल्क शिक्षा के बारे में जागरूक कर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया वरिष्ठ अध्यापिका मंजू बाला ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि गांव के स्कूल को बढ़ावा देना और बच्चों की प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल में ही कराना हम सब का फर्ज है इससे बच्चों को मां-बाप और ग्रामीण सभ्यता के संस्कार मिलेंगे शिक्षक धर्मराज शर्मा ने भी राजकीय विद्यालय शिक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

# न्यूज ब्रीफ

## राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा के चुनाव सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सदेव शिक्षकों, कर्मचारियों के हित में अपनी भागीदारी निभाने वाले शिक्षक नेता ने सोहनलाल गोदारा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उप शाखा श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) का वार्षिक अधिवेशन व चुनाव श्री वीर तेजाजी मंदिर में जिला मंत्री महेन्द्र भवरिया के देखरेख व निर्वाचन अधिकारी व प्रदेश प्रतिनिधि बाला राम मेघवाल ने नयी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष पद पर हरिराम सहु व मंत्री दाना राम डेलू कोषाध्यक्ष नोरंग राम जाखड़ सहित 14 सदस्य कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। संघ के वरिष्ठ नेता सोहन गोदारा ने शपथ-ग्रहण करवाई ओर लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद की सोच से संघर्ष कर कर्मचारियों, मजदूर किसान व छात्र हितों के लिए हमेशा संघर्ष किया जाय।

## गांव भाकरां में घर में निकला कोबरा सांप, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा सीमावर्ती गांव भाकरां में एक कोबरा सांप घर में घुस गया पोस्टमैन ओमप्रकाश के परिवार सदस्यों व स्थानीय



लोगों द्वारा सांप को पकड़ने का प्रयास किया पर असफल रहे। इस पर घर वालों ने घर का दरवाजा बंद कर दिया शनिवार को जब परिवार के सदस्यों ने सांप को घर में गेहूं के कट्टों के नीचे होने की आशंका जाहिर की तो यकीन हो गया कि सांप घर के अंदर ही है। पोस्टमैन ओमप्रकाश ने तुरंत पास में स्नेक केचर पुजारी संतलाल बीराण को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे स्थानीय स्नेक केचर पुजारी संतलाल बीराण ने कोबरा सांप को अपने हाथों से रेस्क्यू किया, बाद में इसे वन खंड के जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। स्नेक केचर संतलाल द्वारा बिना किसी आवश्यक संसाधन के हाथ से सांप पकड़ने की इस कला को देखने के लिए ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठी हो गई।

## कुशालगढ़ में जल जीवन मिशन योजना में लापरवाही, ग्रामीणों में गहरा आक्रोश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत कुशालगढ़ गांव में चल रहे कार्यों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी, पाइपलाइन, नल कनेक्शन और घर-घर जल आपूर्ति व्यवस्था में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 82 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही पानी की टंकी में बहरोड़ मार्का सीमेंट, जंग लगे लोहे और बजरी की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य अभी अधूरा है, लेकिन उसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब ठेकेदार और जलदाय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है और जमीनी स्तर पर योजना का उद्देश्य पूरी तरह विफल हो रहा है। गांववासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन से इस कार्य की तत्काल निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## डिफेंस पब्लिक स्कूल में मनाया मातृत्व दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के न्यू कॉलानी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में मातृत्व दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के डॉ. जीएल कालेर, मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग से ममता, प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर एवं श्री चरणों में पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद कार्यक्रम में आमंत्रित सभी माताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कविताएं, गायन भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किए। विभिन्न कविताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मां के महत्व तथा उसका समाज में क्या स्थान है, के बारे में संदेश दिया। कार्यक्रम में आगंतुक माताओं के लिए एक प्रश्नोत्तरी कार्यकम रखा गया। जिसमें आगंतुक माताओं ने बढचढ कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ममता ने बताया कि हमारी पहली शिक्षक अपनी मां होती है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने आमंत्रित 51 माताओं को विद्यालय का स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया तथा समस्त माताओं का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विकास नीतड़, शीशराम जाखल, राकेश बेनीवाल, सुरेंद्रसिंह शेखावत, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश, ममता रानी, संतोष, देवीदत्त, दलीप सिंह, ओमप्रकाश सैनी, आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन कैलाशचंद्र ने किया।

## विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन

**चिड़ावा।** देश सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण भाव से पीपीजीएन एकेडमी द्वारा एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मंगलवार 13 मई 2025 को सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक ज्ञान सिंधु सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुराना वर्मा टॉकीज मुख्य बाजार चिड़ावा में आयोजित होगा। इस शिविर में रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी डीएसएम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चिड़ावा द्वारा निभाई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक युवाओं एवं नागरिकों से इस पुनीत कार्य में भाग लेकर रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने की अपील की है। रक्तदान के इच्छुक प्रतिभागी 9992120218, 9887251337 पर कॉल कर आवश्यक जानकारी ले सकते है।

# आपसी सहमति से निपटाए 31000 मामले

## लोक अदालत में चिन्हित किए गए करीब 37653 प्रकरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिरोही रूपा गुप्ता के निर्देशन में जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण की सचिव सावित्री आनन्द निर्भीक ने बताया कि लोक अदालत में करीब 37653 मामलों को चिन्हित कर आपसी राजीनामा के आधार पर निस्तारण हेतु रखा गया। चिन्हित किये गये मामलों में न केवल न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण बल्कि भारी संख्या में प्रि-लिटिगेशन व राजस्व संबंधी मामलें भी रखे गये। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में न्यायिक अधिकारीगण, न्यायालय के स्टाफ, अधिवक्तागण, पक्षकारान् ने बढ़-चढ़कर बडे उत्साह के साथ भाग लिया।

इस कारण सम्पूर्ण जिले में 31000 प्रकरणों के निस्तारण में सफलता प्राप्त हुई, जिसमें से 5591 प्रकरण न्यायालयों में लंबित होकर विचाराधीन थे तथा 25409 प्रकरण प्रि-लिटिगेशन श्रेणी के थे। निस्तारित प्रकरणों में चेक अनादरण के मामले, बैंक की बकाया राशि के मामले, मोटर दुर्घटना प्रकरण, पारिवारिक विवाद के मामले, विद्युत अधिनियम के मामले प्रमुख रूप से फैसल हुए। विभिन्न बैंकों के मैनेजर्स तथा भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने भी लोक अदालत में भाग लिया। लगभग पांच करोड़ इक्यासी लाख रूपए की राशि के संबंध में समझौता किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, सिरोही सुरेन्द्र सिंह सांदू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश चावला द्वारा जिला मुख्यालय पर गठित विभिन्न लोक अदालत बेंचो की अध्यक्षता की गई। इस लोक अदालत में उपखण्ड अधिकारी सिरोही हरि सिंह देवल, अधिवक्ता बसन्त कुमार भाटी, लक्ष्मण दादरिया तथा भैरूपाल सिंह बालावत द्वारा बैंचों में सदस्य की भूमिका निभाई।







## राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निपटे

### 728 में से 46 प्रकरणों का निस्तारण

रेवदर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई को अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, सोनल शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 116 प्रकरणों का निस्तारण किया एवं रुपये 9598038 की राशि वसूल की गई। प्रि-लिटिगेशन के 728 प्रकरणों में से कुल 46 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं रुपए 3853908 का अवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार इस तालुका द्वारा कुल 162 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर रुपए 13451946 रुपये की वसूली किया गया। इस अवसर पर रीडर सुरेशदान चरण, तालुका सचिव इंद्राज, चंद्रप्रकाश मीणा, विजय पर्वत, हरीश वारडे, राजाराम सारण, पीएलवी प्रकाश राम कोली, संजय मेघवाल, सदस्य अधिवक्ता राजेंद्र सिंह देवड़ा, सुरेश मैनन, उदयसिंह सोलंकी, दिनेश गर्ग, हरिसिंह राव, लक्ष्मण सिंह नाथावत, सुरेंद्र सिंह देवड़ा, भागीरथ सिंह देवड़ा, प्रवीणदान चारण, रविन्द्र सिंह तंवर, प्रवीण मेघवाल, विनोद सिंह एवं बैंक प्रतिनिधि दशरथ सिंह, बृजेश, भरत, नीरज इत्यादि उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में 61 यूनिट ब्लड एकत्रित, युवाओं में जोश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** भाजपा नगर मंडल ने देशसेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। नगर मंडल के तत्वावधान में आयोजित आपातकालीन रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो सैनिकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में आम जनता की जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल ने शिविर के दौरान कहा, "देश में युद्ध जैसे हालात हैं, और ऐसे समय में रक्त की कमी बड़ी चुनौती बन सकती है। हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा और रक्तदान करके देश की सेवा करनी चाहिए।" वहीं नगर पालिका अध्यक्ष मगनदान चारण ने जनता से अपील की, "हर नागरिक को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। यह समय केवल भावनात्मक समर्थन का नहीं, बल्कि सक्रिय योगदान का है। हमारे जवान सीमाओं पर हैं, हम रक्तदान करके उनके साथ खड़े हो सकते हैं।" ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा, "रक्त की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से रक्त की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में हम सभी से अपील करते हैं कि आगे आएं और अधिक से अधिक रक्तदान करें। यह हमारा कर्तव्य है, और यही समय है जब देश को हमारी जरूरत है।" इस शिविर में ब्रह्माकुमारी संस्था एवं नगर के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सतीश सेठी, भगवान अग्रवाल, रमन बंसल, पार्षद रितेशसिंह चौहान, देवेन्द्र निगम, मुकेश मोदी दिनेश कुमार, मुकेश कहार, तरूण कुमार, राजु भाई धोबी, राहुल प्रजापत, संजय चौहान, रमेश कुमार लोधा, सुनिल कटारिया, उमेश कुमार, वैभव सेठी, आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नगर मंडल ने किया आयोजन




# मौके पर ही मामूली चोटों का इलाज करने सीखा गुर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सिरोही जिले में प्रशासन ने आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल की। जिला मुख्यालय के अनादरा चौराहा स्थित स्वामीनारायण मंदिर में एक हादसे की सूचना पर प्रशासनिक अमला पहुंचा। मौके पर पुलिस, अग्निशमन वाहन, एनसीसी, गाइड कैडेट्स और एंबुलेंस की टीमें तैनात की गईं। एक गंभीर रूप से घायल लड़की को प्राथमिक इलाज के बाद एंबुलेंस 108 से सिरोही ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। मामूली चोट वालों का मौके पर ही इलाज किया गया। मॉक ड्रिल में उपखंड अधिकारी हरि सिंह देवल, डीएसपी मुकेश चौधरी, तहसीलदार जगदीश बिश्नोई और कोतवाली थाने के इंस्पेक्टर दलपत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी देवल ने राहत कार्य के दौरान पाई गई कमियों को रेखांकित किया। उन्होंने आपातकालीन स्थिति में प्राथमिकताएं तय करने के निर्देश दिए। गंभीर घायलों को पहले अस्पताल पहुंचाने की हिदायत दी। उपखंड अधिकारी ने व्यापारियों से रात में दुकानों के साइन बोर्ड की लाइट बंद रखने और वाहन ड्राइवरों से आपातकाल में हेडलाइट बंद कर सड़क किनारे खड़े होने की अपील की। उन्होंने कुछ दुपहिया वाहन सवारों द्वारा लाइट जलाकर और हॉर्न बजाते हुए तेज गति से वाहन चलाने पर नाराजगी जताई। ट्रॉमा सेंटर में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जहां डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने आपातकालीन स्थिति में मरीजों के इलाज की तैयारियों का प्रदर्शन किया। इधर पिंडवाड़ा में एयर स्ट्राइक की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा।

### स्वामीनारायण मंदिर में आपातकालीन स्थिति से निपटने प्रशासन ने तैयारियों को परखा



## मॉडल विद्यालय के छात्रों का सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना में चयन

**रेवदर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय रेवदर के होनहार छात्र दक्ष कुमार एवं भूमिका राजपूत का मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयन पर शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य केशर सिंह राव ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अब ये छात्र नीट परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग व हॉस्टल सुविधा प्राप्त करेंगे। इसके लिए इनका चयन रेजोनेंस, कोटा तथा फिजिक्स वालाह, सीकर प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है। यह सफलता छात्रों की मेहनत और विद्यालय की प्रतिबद्धता का परिणाम है। इससे पूर्व में भी इस योजना के तहत हो चुका है।

# आपदा से निपटने तैयार युवा शक्ति

### माधव विश्वविद्यालय में नागरिकों की सुरक्षा को परखा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड ।** आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा और जीवन रक्षक उपायों की व्यवहारिक जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह परमार ने नागरिक सुरक्षा अधिनियम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए युवाओं को जागरूक और उत्तरदायी बनने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने मॉक ड्रिल के दौरान नियमों और निर्देशों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि वे समाज के लिए एक सुरक्षा कवच का कार्य भी करते हैं। इंजीनियरिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. प्रिनोन बागची ने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने के तरीके बताए, साथ ही संभावित समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीता सिंह ने मंच संचालन करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहें।

## सिरोही में 6 दिनों से हल्की बारिश

सिरोही। शुक्रवार को लगातार छठे दिन भी मौसम बदला हुआ रहा। जिला मुख्यालय पर हल्की बारिश हुई। जिले का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। शुक्रवार को सिरोही का अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन में बादल छाए रहा। मौसम विभाग ने 12 मई तक जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार शाम 6 बजे हल्की बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा। हिल स्टेशन माउंट आबू में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# परिंड़ा सजाओ-लगाओ प्रतियोगिता आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अजित विद्या मंदिर में इंटेक सिरोही अध्याय की यंग इंटेक इकाई के तत्वावधान में हेरिटेज क्लब बनाया गया है। प्रभारी जयराज रावल के अनुसार गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे व दाना- पानी की व्यवस्था की गई, जिसमें इन मुक पक्षियों को दाना-पानी सुगमता से प्राप्त हो सके। इसके तहत परिंड़ा सजाओ-लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके जरिए छात्रों को पर्यावरण व पशु पक्षियों के प्रति सदभाव रखने सीख दी गई। इस स्पर्धा में कक्षा तृतीय से पंचमी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सबसे सुंदर परिंड़ा सजाने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान कक्षा चतुर्थ के आहिल, द्वितीय स्थान कक्षा पंचमी के वेदांशा एवं तृतीय स्थान कक्षा चतुर्थी से वाम्या एवं दिव्या ने प्राप्त किया। इस मौके को-ऑर्डिनेटर अनिता पालीवाल, ममता कुंवर, मैनेजर सुरेंद्र सिंह डाबी, महिमा जैन, योगेश सुथार, कुंतेश रावल, भवरेश लोहार, एवं स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।



## प्रजापति कुंभकार सेवा समिति की बैठक आज

**आबूरोड।** प्रजापति कुंभकार सेवा समिति जिला सिरोही के निर्देश पर तहसील शाखा आबूरोड की कार्यकारिणी की 3 वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी गठित करने को लेकर चुनाव करवाए जाएंगे। जिसको लेकर ने जानकारी देकर बताया कि रविवार सुबह 9 बजे मावल स्थित वासडा गांव में मगनलाल मारोठिया के निवास स्थान पर बैठक रखी गई है। जिसमें तहसील कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त प्रजापति समाज बंधुओ मौजूद रहेंगे। तहसील शाखा अध्यक्ष छगन कुवाडिया और सचिव जेठाराम मंडावरा ने चुनाव को सपन्न करवाने को लेकर समाज के सभी लोग को इस बैठक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# सिरोही से बाड़मेर भेजी गई 8 एंबुलेंस



### आपदा प्रबंधन के लिए की गई तैनात, सिरोही में 12 एंबुलेंस को किया गया रवाना

**सिरोही।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जयपुर के निर्देशालय से मिले आदेश के बाद सिरोही से 8 एंबुलेंस-108 को बाड़मेर भेजा गया है। ये एंबुलेंस बाड़मेर में आमजन की सेवा में तैनात रहेंगी। सिरोही जिले में कुल 21 आपातकालीन एंबुलेंस-108 थीं। इनमें से दो एंबुलेंस हाल ही में शामिल की गई थीं। शनिवार को 8 एंबुलेंस को कोतवाली के पास से बाड़मेर के लिए रवाना किया गया। एंबुलेंस के पायलट और मेल नर्स ने रवाना होने से पहले भारत माता और भारतीय सैनिकों के जयकारे लगाए। ये एंबुलेंस जावाल और जालोर होते हुए बाड़मेर पहुंचेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित ने एक पत्र जारी किया था। इसमें भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन के लिए एंबुलेंस भेजने के निर्देश दिए गए थे। एक साथ 8 एंबुलेंस को जाते देख शहर के लोग चिंतित हो गए। उन्होंने एक-दूसरे से इस बारे में पूछताछ की। अस्पताल परिसर में भी लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी। सिरोही जिले में अब 12 एंबुलेंस सेवाएं देती रहेंगी।

## मॉक ड्रिलः प्रशासन सतर्क

**पिण्डवाड़ा।** सिरोही कन्ट्रोल रूम से रेल्वे स्टेशन पिण्डवाड़ा पर बम मिलने की सूचना मिलने पर उपखण्ड अधिकारी मनसुखराम डामोर सुबह 9:03 बजे, पुलिस उपधीक्षक भंवर लाल चौधरी 9:06 बजे, एम्बुलेन्स 9:07 बजे, तहसीलदार शंकर परिहार 9:08 बजे, अधिशाषी नगर पालिका अधिकारी महेंद्र सिंह राजपुरोहित 9:11 बजे तथा फायर ब्रिगेड 9:25 बजे पहुंची। मॉक ड्रिल में दो व्यक्ति घायल हुए जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार दिया गया तथा दूसरे को एंबुलेंस से पिण्डवाड़ा के राजकीय अस्पताल में रेफर किया गया। निजी सहायक सुरेन्द्र खाटीवाल द्वारा रेल्वे स्टेशन पर माईक द्वारा जनमानस को सुरक्षित स्थान पर जाने व आस-पास के शहर वासियों को घरों में जाने के लिए सूचित किया गया। मॉक ट्रायल सफल बनाने में पुलिस विभाग से पुलिस वृताधिकारी भवानी सिंह राजावत, थानाधिकारी कमल सिंह, थानाधिकारी प्रभुराम, का सहयोग रहा।




## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल कमर्शियल प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेलवे प्रबंधक, कमर्शियल विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल मंडल, मुंबई 400008
कार्यः मुंबई मंडल में विविध एनएफआर मीडिया माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-9 | 21-05-25 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VLP-BS-69-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | विले पारले स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। | 1096 | 21-05-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-STC-BS-68-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | सांताक्रूज स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। | 1096 | 21-05-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-GMN-BS-71-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | गोरेगांव स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। | 1096 | 21-05-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-ADH-BS-67-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | अंधेरी स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। | 1096 | 21-05-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-KILE-BS-72-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | कांदिवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। | 1096 | 21-05-25 15:10:00 |
| 6 | MSS-BCT-BVI-BS-70-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | बोरीवली पारले स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। | 1096 | 21-05-25 15:20:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-10 | 21-05-25 15:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-25-1 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्ष की अवधि हेतु 20' x 20' (1) = 400 वर्ग फीट साइज के गांजावाला स्ट्रीट से आने वाले तथा पश्चिमी मुख, एसएसई (पी.वे) बीवीआई के कंपाउंड में बोरीवली पश्चिम स्टेशन पर नए होर्डिंग संरचना की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 2557 | 21-05-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-BVI-OH-364-25-2 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्ष की अवधि हेतु 30' x 30'(1) = 900 वर्ग फीट साइज के दक्षिण मुख पर पूर्व दिशा के वर्तमान होर्डिंग संरचना, बोरीवली स्टेशन उत्तर पूर्व सरक्यूलेटींग एरिया में नए होर्डिंग संरचना की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 2557 | 21-05-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-25-1 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्ष की अवधि हेतु कुल 1600 वर्ग फीट क्षेत्रफल एरिया के 20' x 20'(2) वी शेप के साइज नायगांव आरओबी - 02 होर्डिंग संरचना पर नए होर्डिंग संरचना की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 2557 | 21-05-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (Advertising - Out of Home) | रोड साइड की ओर चर्चगेट स्टेशन, पश्चिम दिशा के प्लेटफॉर्म नं. 1 की पिलर वॉल्स पर वॉल पेंटींग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 730 | 21-05-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु अंधेरी स्टेशन के फुट ओवर ब्रिजेस तथा उतार की सीढीयों के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-05-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लिफटस के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-05-25 16:20:00 |

नोटः भावी निविदाकारों से निवेदन है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग माड्यूल देखें। लॉटवार विवरण अंकित कैटलॉग अंतर्गत वहां उपलब्ध है।
0124

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल कमर्शियल प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेलवे प्रबंधक, कमर्शियल विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल मंडल, मुंबई 400008
कार्यः मुंबई मंडल में विविध एनएफआर मीडिया माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-11 | 22-05-25 15:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BA-OH-412-25-1 (Advertising - Out of Home) | बाउंड्री वॉल के पश्चिम में बांद्रा पश्चिम रेलवे कॉलोनी में कुल 480 वर्ग फीट एरिया के प्रदर्शन एरिया के क्षेत्र सहित 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौडाई के डायमेंशन की 05 नई एलसीडी/एलईडी युनिपोल स्ट्रक्चर्स की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 22-05-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-ST-OH-411-25-1 (Advertising - Out of Home) | सहारा दरवाजा के पास रोड साइड की ओर बाउंड्री वॉल पर सूरत स्टेशन में कुल 240 वर्ग फीट एरिया के प्रदर्शन एरिया के क्षेत्र सहित 6 फीट ऊंचाई x 4 फीट चौडाई के डायमेंशन की 10 नई ग्लो साइन युनिपोल स्ट्रक्चर्स की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 22-05-25 15:40:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-10 | 26-05-25 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्ष की अवधि हेतु वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रोडक्ट डिस्प्ले माध्यम से कमर्शियल विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी। | 1096 | 26-05-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्ष की अवधि हेतु वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रोडक्ट डिस्प्ले माध्यम से कमर्शियल विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी। | 1096 | 26-05-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्ष की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर इमरजंसी मेडिकल रूम के माध्यम से 24 घंटे चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान। | 1826 | 26-05-25 14:50:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-12 | 26-05-25 15:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-PL-OH-409-25-1 (Advertising - Out of Home) | लोअर परेल में कुल 180 वर्ग फीट एरिया के प्रदर्शन एरिया के क्षेत्र सहित 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौडाई के डायमेंशन की 03 नई एलसीडी/एलईडी युनिपोल स्ट्रक्चर्स की स्थापना से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 26-05-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-STC-OSN-300-25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | डिस्प्ले बोर्डस माध्यम से तीन वर्ष की अवधि हेतु सांताक्रूज (एसटीसी) स्टेशन पर पिलर्स के एस्केलेटर्स तथा उतार की सीढीयों पर वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 26-05-25 15:40:00 |

नोटः भावी निविदाकारों से निवेदन है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग माड्यूल देखें। लॉटवार विवरण अंकित कैटलॉग अंतर्गत वहां उपलब्ध है।
0138

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly


# जीवंत हो उठा मॉक ड्रिल



### जीरावल जैन मंदिर पर एयर स्ट्राइक की सूचना पर पहुंचा प्रशासन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** जीरावल जैन मंदिर पर सुबह एयर स्ट्राइक की सूचना के बाद आपदा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त विभागों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर प्रशासन की ओर से उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण, पुलिस वृत्ताधिकारी मनोज गुप्ता, तहसीलदार मंजू देवासी, नायब तहसीलदार पुखराज रावल, भू.अभिलेख निरीक्षक जगदीश रावल, पटवारी भवरलाल विश्नोई, चिकित्सा विभाग से मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी लॉग मोहम्मद मय स्टॉफ एंबुलेंस एवं पंचायत समिति स्तरीय आपदा प्रबंधन के समिति के सदस्य एवं स्वयं सेवक तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचे। मौके पर जैन मंदिर परिसर में एयर स्ट्राइक से दो व्यक्ति घायल पाये गये जिन्हें तुरंत प्रभाव से रेवदर सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां पर पहले से की गई व्यवस्था में तैनात पुलिस टीम, भू.अभिलेख निरीक्षक शंकरलाल प्रजापत, पटवारी अजय जोशी एवं चिकित्सा टीम तैयार थी। जिससे तत्तकाल घायलों का उपचार प्रांरभ किया गया। जैन मंदिर जीरावल सह घायलों को चिकित्सालय भेजने के पश्चात पुलिस विभाग द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें कोई नुकसान नहीं पाया गया। इस दौरान आबूरोड से अग्निशमन वाहन भी मौके पर पहुंचा। इस प्रकार मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक किया गया जिसमें सभी विभागों कर्तव्यों का निर्वहन किया।

# बीडीके अस्पताल झुंझुनूं मां योजना में टॉप पर, पीएमओ डॉ. भांबू ने पूरी टीम को दी बधाई

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सरकार की मा योजना में राजकीय जिला बीडीके अस्पताल टॉप पर आ गया है। मा योजना में 1658 का पैकेज बुक कर आमजन को सेवाएं प्रदान की गई। यह आंकड़ा अप्रेल माह का है। जो फरवरी माह से लगभग दोगुना है। इसके अलावा पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू के प्रयासों से अप्रेल माह में भामाशाहों ने भी 25 कूलर व 100 पंखे प्रदान कर आमजन को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने में सहयोग किया था। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजनान्तर्गत आमजन को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि अस्पताल में मा योजना की क्रियाशीलता बढ़ाने के लिए आरएमओ, विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, स्वास्थ्य प्रबंधक, मा योजना कार्मिकों की टीम को समग्र प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रत्येक केस की अनवरत मॉनिटिरिंग की गई। डे-केयर पैकेज के केसेस में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आपातकालीन रात्रिकालीन ऑपरेशन की सेवाएं भी सक्रिय की गई है। जिससे आमजन को सुलभ एवं सुगम सेवाएं मिल सकी है। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है।



**आंकड़े कुछ इस तरह है :** फरवरी माह में आईपीडी 2459 थी। जब टीआईडी की संख्या 877 थी। जो कुल 35 प्रतिशत रहा। वहीं मार्च माह में यह आंकड़ा बढ़ा जो 59.5 प्रतिशत तक पहुंचा। आईपीडी 2738 थी। जिसमें टीआईडी 1627 हुई। अप्रेल में यह आंकड़ा और बढा। कुल प्रतिशत 66 प्रतिशत आया। वहीं आईपीडी की संख्या 2514 रही। जो कम थी। लेकिन फिर भी टीआईडी 1658 रहा। जिला अस्पताल नवलगढ़, उप जिला अस्पताल चिड़ावा में चिकित्सकिय सेवाओं में परस्पर प्रतिस्पर्धा रही है। फरवरी माह में नवलगढ़ व चिड़ावा की आईपीडी क्रमश: 1059 व 705 रही है। जबकि टीआईडी क्रमश: 395 व 290 रही है। जिसमें संख्या में नवलगढ़ आगे रहा है। परंतु प्रतिशत में डीएच नवलगढ़ 37.30 एवं एसडीएच चिड़ावा 41.13 रहा है। मार्च माह में डीएच नवलगढ़ व एसडीएच चिड़ावा की आईपीडी क्रमश: 1261 व 1058 रही है। जबकि टीआईडी क्रमश: 1120 व 736 रही है। जो कि 88 व 69 प्रतिशत है। अप्रेल माह में डीएच नवलगढ़ व एसडीएच चिड़ावा की टीआईडी 910 व 712 रही है। गौरतलब है कि मा योजना में बीडीके अस्पताल झुंझुनूं विगत कई माह से पिछड़ता जा रहा था। योजना शुरू होने से लेकर फरवरी माह में पैकैज बुक 1000 से भी न्यून स्तर पर चला गया था। अप्रेल माह में ओपीडी, आईपीडी,टीआईडी में बढ़ोतरी आमजन का अस्पताल की सेवाओं में विश्वास का परिचायक है। चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों एवं मा योजना टीम द्वारा दिन-रात अनवरत कार्य करने से फरवरी माह से दुगुना कार्य, अप्रैल माह में किया गया है।

आमजन को मां योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक चिकित्सक को प्रत्येक केस पर पैकैज कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। विभागाध्यक्ष को प्रतिदिन मा योजना के केसेस के भर्ती होने, उपचार करने, आईसीयू उपचार करने, डिस्चार्ज करने की सघन मॉनिटिरिंग की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। आपातकालीन रात्रि ऑपरेशन आरंभ किए गए हैं। आगामी दिनों में सेवाओं में और विस्तार किया जाएगा।

**-डॉ. जितेंद्र भांबू, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पीएमओ, राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझुनूं**

# गौसेवकों ने जिला कलेक्टर का किया स्वागत



**झुंझुनूं।** बगड़ रोड पर स्थित नंदीशाला में शनिवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा पहुंचे। नंदीशाला में पहुंचने पर श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, समाजसेवी कमल केजड़ीवाल, नवल खंडेलिया, डॉ. भावना शर्मा, सपना राणासरिया, संगीता गुप्ता, अनिता सैनी, निर्मला ढंढारिया आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता पुरूषोत्तम खाजपुरिया व सुनिल पूनियां आदि भी मौजूद थे। सबसे पहले नंदीशाला पहुंचते ही भजनों के जरिए महिला गौसेवकों ने कलेक्टर का स्वागत किया। इसके बाद उन्हें दुपट्टा पहनाकर गाय माता का स्मृति चिह्न दिया गया। कलेक्टर ने गायों को अपने हाथों से सब्जियां और चारा आदि खिलाया। वहीं मंदिर में दर्शन किए। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि झुंझुनूं नंदीशाला में काफी अच्छे तरीके से गायों की सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में जो आपात स्थिति है। इसमें यही कामना गौमाता से और ईश्वर से की है कि आमजन और सेना का मनोबल ऊंचा रखे और भारत को विजयश्री दिलवाए। इस मौके पर कलेक्टर ने नंदीशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं भी देखी और कहा कि गर्मी के दिनों में गौवंश को पानी और चारे की कोई कमी ना रहे। यह व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं पर्याप्त छांव आदि का भी ध्यान रखा जाए।

# आईपीएस कर्मवीर का टैगोर में किया सम्मान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे में संचालित टैगोर शिक्षण संस्थान में शनिवार को हाल ही में यूपीएससी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 795वीं रैंक के साथ आईपीएस बने खेदड़ों की ढाणी तन गुढ़ागौड़जी के लाडले कर्मवीर नारवाड़िया पुत्र मनफूल सिंह नारवाड़िया का भव्य स्वागत किया गया और टैगोर शिक्षण संस्थान से उसके निवास स्थान खेदड़ों की ढाणी तक गाजे-बाजे के साथ रैली निकालकर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि आईपीएस कर्मवीर नारवाड़िया कक्षा एक से 12 तक टैगोर शिक्षण संस्थान का विद्यार्थी रहा है। इससे पूर्व टैगोर शिक्षण संस्थान के श्री पैलेस में ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्यालीराम पूर्व सरपंच टोडी ने की व मुख्य अतिथि जयसिंह मांठ भाजयुमो जिलाध्यक्ष झुंझुनूं थे। कार्यक्रम में कर्मवीर नारवाड़िया का टैगोर शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत, सीईओ इंजी. विश्वजीत सिंह शेखावत व प्रधानाचार्य नीलधर जांगिड़ ने माला पहनाकर, साफा बंधन कर, मोमेंटो व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। इसके साथ ही कर्मवीर के पिता मनफूल सिंह नारवाड़िया व माता परमेश्वरी देवी का भी माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व अन्य परिजनों का भी माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन में बताया कि लक्ष्य को ध्यान में रखकर कोई भी कार्य किया जाए तो असंभव कुछ भी नहीं है। बस कार्य में निरंतरता होनी चाहिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह मांठ ने अपने उद्बोधन में बताया कि टैगोर शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ संस्कारों की नींव भी मजबूत करता है और आज के युग में इसकी महत्ती आवश्यकता है। इस अवसर पर गुढ़ागौड़जी के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति, छात्र-छात्राएं व समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रेम सिंह शेखावत ने किया।

# जिले में पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप शुरू, 24 घंटे मिलेगी सुविधा

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** जिलेवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। शहर के चूरू बाईपास रोड स्थित शहीद जाकिर फिलिंग स्टेशन को अब सीधे गैस पाइपलाइन से जोड़ा गया है। इसके साथ ही यह जिले का पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप बन गया है, जहां 24 घंटे सीएनजी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शनिवार को पंप का उद्घाटन किया गया। पंप डीलर मोहम्मद सलीम चौहान ने बताया कि पहले सीएनजी सिलेंडरों के माध्यम से ट्रकों से सप्लाई होती थी। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी होती थी। केवल आठ घंटे ही सीएनजी उपलब्ध रहती थी, जिससे लंबी लाइनें लग जाती थीं और कई बार दो-दो घंटे इंतजार के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता था। उन्होंने बताया कि जनता की परेशानी को देखते हुए लगातार सीएनजी विभाग से संपर्क किया गया और अब पेट्रोल पंप को डायरेक्ट पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है। इससे न केवल 24 घंटे सीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि शहर में प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और पंप प्रबंधन का प्रयास है कि अधिक से अधिक वाहन सीएनजी पर संचालित हों, जिससे पर्यावरण को लाभ मिले। इस अवसर पर सीएनजी अधिकारी दुष्यंत मणि, सीएनजी झुंझुनूं एरिया मैनेजर सीताराम मीणा, पेट्रोल डीजल एरिया मैनेजर धिकशान चोपड़ा, रोहित, बिजली विभाग के एक्सईएन मुमताज अली, शरीफ चौहान, एपेक्स हॉस्पिटल इंचार्ज अल्ताफ कछावा मुराद खां, मुबारिक चौहान, कादर अलीरजा, चौहान आरिफ उर्फ मथरा, डॉ. अब्दुल करीम, फारूक, आरिफ, रमजान, आरीफ, विजय, विक्रम सिंह, आसिफ, रूवरूप सुरेंद्र समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# आदर्श बाल निकेतन स्कूल में मदर्स डे मनाया



**झुंझुनूं।** झुंझुनू प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मदर्स डे का सफलतम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सोनिया शर्मा रही व विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीषा गाडिया व शिवानी गोयल उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। स्वागत भाषण स्कूल सचिव परमेश्वरलाल हलवाई ने प्रस्तुत किया। आए हुए अतिथियों का स्कूल सचिव द्वारा दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा शानदार रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही मदर्स के लिए विभिन्न तरह के फनी गेम्स व एक्टिविटी रखी गई। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में सुपर मॉम कांटेस्ट रविना गुप्ता ने जीता व उन्हें दुपट्टा, क्राउन व गिफ्ट से सम्मानित किया गया।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, हरे चारे की रखवाली कर रहा था, टूट कर गिरा था हाई टेंशन लाइन का तार

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**बाड़ी।** धौलपुर जिले में कंचनपुर थाना क्षेत्र के गांव छोटा सोंहा में शुक्रवार रात्रि को 40 साल के युवा किसान के ऊपर खेतों में हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में मातम पसर गया। परिजनों ने डेड बॉडी को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा कर मामले से पुलिस को अवगत कराया। जानकारी के मुताबिक किसान भगवानदास पुत्र रघुवीर गुर्जर शुक्रवार रात्रि को खेतों में हरे चारे की रखवाली करने गया था। मृतक के चचेरे भाई हंसराम ने बताया कि ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तार में फाल्ट होकर किसान के ऊपर गिर गया। जिससे किसान की मौके पर ही चीख पुकार निकल गई। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण किसान को लेकर बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया।चिकित्सालय पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा दिया है। कंचनपुर थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल शैलेंद्र ने बताया कि करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। उधर परिजन विद्युत निगम पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों ने बताया विद्युत निगम के जर्जर हो रहे तार आए दिन टूटकर गिरते रहते हैं। जिस वजह से हादसे हो रहे है। परिजन और ग्रामीण किसान के परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे है।

# लोक अदालत में बिजली बिल के मामलों का निस्तारण कराने उमड़ी भीड़

## पांच घंटे में जमा हुआ पचास लाख का केश, निस्तारण का काम लगातार जारी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में विधिक सेवा के तहत शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में शहर की विभिन्न अदालतों में चल रहे विभिन्न लंबित मामलों का जहां आपसी राजीनामा से निस्तारण किया गया। वहीं विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा भी अपने उपभोक्ताओं के बकाया को लेकर भी आपसी राजीनामे से निस्तारण कराने के लिए मामले रखे गए। जिसमें कटे हुए कनेक्शन,लंबित बिल कनेक्शन सहित चोरी के वीसीआर के मामलों का निस्तारण किया गया। लगातार जागरूकता के चलते अब इसे लोक अदालत के प्रति लोगों की बढ़ती मानसिकता कहें या बिजली निगम के प्रयास,5 घंटे में 50 लाख का कैश जमा हो गया। जिसमें कितने केसों का निस्तारण हुआ है, यह अभी संख्या खुलकर सामने नहीं आई है,लेकिन पांच बजे बाद भी शहर के बिजली घर के केश काउंटर की खिड़की पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई है। डिस्कॉम सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तारण को लेकर पिछले एक पखबाड़े से डिस्कॉम के कर्मचारियों की टीमें लगातार उपभोक्ताओं के घरों और दुकानों पर जाकर नोटिस देने और लोक अदालत में मामले के निस्तारण कराने को लेकर प्रयास कर रही थी। जिसमें कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा और कुलदीप शर्मा के साथ अलग-अलग क्षेत्र के लाइनमेन और अन्य कर्मचारी जुटे हुए थे, ऐसे में शनिवार को लोक अदालत में उपभोक्ता लगातार सुबह 10 बजे से एडीजे कोर्ट पहुंच राजीनामे से विवादों का निस्तारण कराने पहुंचे और निस्तारण होने पर बिजली विभाग के किला गेट स्थित कार्यालय पहुंच बकाया राशि जमा कराई। निस्तारण के दौरान बिजली बिल बकाया राशि पर ना केवल पेनल्टी बल्कि ब्याज सहित तमाम छूट दी गई है। डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता गोविन्द सिंह के साथ एईएन आरडी मीणा और डिस्कॉम के कई कनिष्ठ अभियंता विवादों के निस्तारण में जुटे रहे। उपभोक्ताओं के विवादों का निस्तारण लगातार जारी रहेगा।



# राष्ट्रीय रक्षा कोष में दिए 51-51 हजार रूपए के दो चैक

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के निवास पर पहुंचकर राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिए डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन व मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनू की ओर से 51-51 हजार रूपए के दो चैक देकर आर्थिक सहयोग दिया गया। इस मौके पर मदरसा बोर्ड के चेयरमैन और डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फांडेशन के डायरेक्टर एमडी चोपदार ने कहा कि आज जब हमारे जवान सीमाओं पर दिन-रात एक करके देश की रक्षा कर रहे हैं तो हमारा भी दायित्व है कि हम वीर जवानों के परिवारों के प्रति सहयोग करने के लिए आगे आएं। आप सभी से भी अपील है कि इस मुहिम को आगे बढ़ाएं। डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन व मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनू की ओर से जल्द ही जिला मुख्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हम तैयार रहें। इस अवसर पर डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन के डायरेक्टर एमडी चोपदार, मुस्लिम न्याय मंच के

# न्यूज ब्रीफ

## जीवनी स्कूल में मनाया मदर्स डे

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** शनिवार को जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील, सचिव भगवती मील, निदेशक रितेश मील ने की।




प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मां के लिए जितना वर्णन किया जाए, उतना कम है। प्रधानाचार्य ने बताया कि मदर्स डे पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुंदर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों द्वारा सबको अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कॉर्डिनेटर पुष्पा वर्मा एवं अध्यापिका रंजू ने विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव भगवती मील को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन सांवरमल मील ने मां की भूमिका का वर्णन करते हुए कहा कि मां जीवन का आधार है, मां शब्द अपने आप में पूर्ण है। निदेशक रितेश मील ने मदर्स डे विशेष पर समस्त महिला शक्ति को नमन करने की बात को स्पष्ट करते हुए स्त्रियों के आदर एवं गौरवपूर्ण स्थान की बात को महत्व दिया। इस अवसर पर समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

## लोहिया स्कूल में मनाया मातृ दिवस



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** लोहिया स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय निदेशक जगपाल यादव, रामसिंह नेहरा, सचिव प्रदीप नेहरा, पूरणसिंह गजराज, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कार्ड मेकिंग अध्यापिका माया जांगिड़ के निर्देशन में बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। बंटी, भूमिका, अन्वी, इनाया, मानवी, प्रियल, लावण्या, सुरभि, दिव्यांशी, नव्या, दिया, तरुण, मिलन, भव्य ने कविता के माध्यम से माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अध्यापक दीपक शर्मा द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक मां का विकल्प नहीं का आयोजन हुआ। जिसमें प्रियांशी, हर्षिता, नीतिका, नव्या रोहिल्ला, नव्या सोनी, हर्षिता, दिव्या, यशु, अनुष्का, पलक, निहारिका, रुचिका, कुसुम, लक्ष्य, शौर्य, तुषार, विशाल, प्रतीक आदि कलाकारों ने मां के प्रति सम्मान एवं उसके महत्व को दर्शाया गया। निदेशक जगपाल यादव ने अपने विचार व्यक्त कर कहा कि मां जीवन का मूल आधार है और मां न केवल परिवार की रीढ़ होती है। बल्कि वह बच्चों की नैतिक नींव भी मजबूत करती हैं। रामसिंह नेहरा, प्रदीप नेहरा, ममता नेहरा, प्रमोदिनी दुबे, प्रमिला झाझड़िया ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन काजल शर्मा व विशाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 46 डिप्लोमा स्टूडेंट्स को मिला 2.4 लाख का पैकेज



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 46 डिप्लोमा स्टूडेंट्स का रेनम कंपनी में चयन हुआ है। महाविद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि रेनम कंपनी पुणे, महाराष्ट्र के एचआर प्रमुख क्रूष्णा स्वैन, टेक्निकल प्रमुख श्रीनाथ शेरेगर एवं रेनम गुजरात हैड मनोज सिंह ने लिखित परीक्षा, टेक्निकल राउंड एवं एचआर राउंड के बाद 46 स्टूडेंट्स का चयन करते हुए उन्हे अंतिम सैमेस्टर की परीक्षा खत्म होने के बाद कंपनी के पुणे प्लांट पर बुलाया है। जहां इन स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद इन्हे कंपनी की विभिन्न राज्यों में स्थित साइटों पर नियुक्त किया जाएगा। प्लेसमेंट सेल अधिकारी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस स्टूडेंट्स को सालाना 2.4 लाख का पैकेज ऑफर किया गया है। इसके साथ-साथ रहने, खाने व मेडिकल सुविधाएं भी कंपनी की तरफ से दी जाएगी। संस्थान निदेशक डॉ. बीके राउत ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उप प्राचार्य निरंजन शर्मा, एचओडी शेरसिंह व नितेश कोठारी, मुकेश कौशिक, महेंद्र कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## समान परीक्षा का समापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** कक्षा नौ और 11 की राज्य समान परीक्षा का शनिवार को समापन हो गया। एडीईओ माध्यमिक एवं सदस्य सचिव राज्य समान परीक्षा उम्मेद सिंह महला ने बताया कि झुंझुनूं जिले में परीक्षा का आयोजन विभागीय निर्देशानुसार किया गया। परीक्षा की गोपनीयता माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप रखी गई। सभी पेपर्स संबंधित ब्लॉक के थानों में पीईईओ स्तर के अनुसार निदेशक के दिशा-निर्देश के अनुसार रखवाए गए। एक जिला स्तरीय तीन सदस्यीय उड़न दस्ते का गठन डीईओ माध्यमिक के नेतृत्व में गठित किया गया। उड़नदस्ते नें जिले में लगातार औचक निरीक्षण किया। शनिवार को अंतिम दिन 11वीं कक्षा का गृह-विज्ञान का पेपर था। ध्यान रहे पहली बार इसी शैक्षणिक सत्र से राज्य स्तरीय समान परीक्षा का आयोजन किया गया है। दोनों कक्षाओं के बोर्ड पैटर्न के अनुसार पूरे राजस्थान में एकसमान पेपर्स रहे हैं। अब विभागीय आदेशानुसार घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। जिससे नव-सत्र में सरकारी विधालयों में नामांकन वृद्धि की जा सके।

## न्यू राजस्थान में मदर्स डे मनाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में माताएं अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुंची। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ आई उनकी माताओं का स्वागत सम्मान पुष्प देकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति कुमावत एवं विशिष्ट अतिथि नीतू न्यौला रहे। कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने अपनी मातृ शक्ति के साथ मदर्स डे पर डांस किया एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। कक्षा छह से कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने मदर्स डे कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें अनुष्का कक्षा छह प्रथम, यशिका कक्षा सात द्वितीय एवं विधि कक्षा छह तृतीय स्थान पर रहे।

# सेना की विजय और दीर्घायु को मंत्री ने यज्ञ में दी आहुतियां

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखामाता मंदिर परिसर में शुक्रवार शाम भाजपा की ओर से विशेष प्रार्थना सभा, पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य भारतीय सेना की कुशलता, दीर्घायु और विजय की कामना करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया। उनके साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। जोराराम कुमावत ने यज्ञ में आहुतियां दीं। उन्होंने कहा कि यह यज्ञ सीमा पर मातृभूमि की रक्षा में जुटे तीनों सेनाओं के जवानों को समर्पित है। पूर्व नपा उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने कहा कि सैनिकों के शौर्य और पराक्रम के कारण ही हम सुरक्षित हैं। यज्ञ में भाजपाइयों ने आहुतियां देकर जवानों की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगे। मौके पर पूर्व बांकली भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराजसिंह बीठिया, पूनमसिंह परमार, दलपत देवड़ा, अमृत परिहार, इंदर राव, गौरव राजपुरोहित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खिवांदी में घांची समाज की बैठक आज

सुमेरपुर। श्री सताविया पारा क्षत्रिय घांची समाज सेवा संस्थान बांकली की जनरल बैठक 11 मई को होगी। यह बैठक श्री घांची समाज भवन, खिवांदी में रखी गई है। रविवार सुबह 10 बजे बैठक शुरू होगी। इसकी अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष भंवरलाल परमार करेंगे। बैठक में समाज सुधार और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। जरूरी निर्णय लिए जाएंगे। सताविया पारा के सभी पंचगण और समाज के लोग बैठक में शामिल होंगे।

# पाली जिले के ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त भंडारण के प्रयास : जोराराम

- कैबिनेट मंत्री कुमावत के जन्मदिवस पर 251 यूनिट रक्तदान
- कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मंत्री के दीर्घायु की कामना की





**सुमेरपुर।** देश व समाज की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले सुमेरपुर से भाजपा विधायक व राजस्थान सरकार के पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने जन्मदिवस को एक बार फिर खास बना दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में आपात स्थितियों से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के चिकित्सा व्यवस्थाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका अदा की है। उन्होंने अपने 61 वें जन्मदिवस पर शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 251 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। इस दौरान मंत्री कुमावत ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। साथ ही जोराराम कुमावत ने अस्पताल परिसर में ब्लड सेंटर का फीता काटकर उदघाटन किया। इस दौरान जोराराम कुमावत ने कहा कि आपातकालीन परिस्थिति में पाली जिले के अस्पतालों के ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त भंडारण सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में समय पर इलाज और रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। मंत्री कुमावत ने कहा कि यह शिविर वर्तमान में देश के हालातों और सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों को समर्पित भाव से आयोजित किया गया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता, युवा एवं समाजसेवी संगठनों का जोश देखने लायक रहा। गौरतलब है कि जोराराम कुमावत ने अपने जन्मदिवस पर कोई भी साफा या माला स्वीकार न करने का निर्णय लिया है, जो उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण और गंभीरता को दर्शाता है।

### इमरजेंसी में काम आएगा ब्लड

शिविर संयोजक डॉ. देवल पटेल ने कहा कि हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। डॉ. पटेल ने कहा कि भारत-पाक युद्ध के दौरान हर इमरजेंसी के लिए हॉस्पिटल सेवाएं देने को तैयार हैं। ब्लड सेंटर में डोनेट किया गया खून जरूरत पड़ने पर इमरजेंसी में लोगों की जान बचाने में काम आएगा।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, पाली पंचायत समिति की प्रधान मोहिनी देवी पुखराज पटेल, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जवेंद्र सिंह, कानपुरा के सरपंच परबत सिंह, सोनाईमांझी के सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह, गुंदोज के सरपंच दिनेश कुमार, पोमावा के सरपंच प्रतिनिधि गोविंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मंछाराम परमार, किसान दुग्ध डेयरी समिति पाली के अध्यक्ष प्रताप सिंह बिठिया, बांकली मंडल के अध्यक्ष हड़मत सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिवराज सिंह बिठिया, सुमेरपुर के मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, जिलामंत्री पूनम सिंह परमार, सांसद प्रतिनिधि अनोप सिंह राठौड़, तख्तगढ नगरपालिका के अध्यक्ष ललित राकांवत, तख्तगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज नामा, सुमेर सिंह राणावत, महिपाल सिंह राजपुरोहित, घांची समाज सुमेरपुर अध्यक्ष रमेश कुमार राठौड़, एसडीएम कालूराम कुम्हार, ईओ नरपतसिंह राजपुरोहित, बीडीओ प्रमोद दवे, डीवाईएसपी जितेंद्र सिंह, सीआई रविंद्र सिंह, . देवल पटेल, डॉ. आशीष मोदी, डॉ. रौनक सुराणा, डॉ. राजलक्ष्मी सिंह,सहित अनेक प्रबुद्धजनों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।



▪ भारतीय सेना की कुशलता एवं दीर्घायु और विजय अभियान के लिए विशेष प्रार्थना

# भारतीय सेना के विजय अभियान को विशेष प्रार्थना सभा

**बाली।** भारतीय सेना की कुशलता एवं दीर्घायु और विजय अभियान हेतु विशेष प्रार्थना सभा शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल खुडाला फालना के तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम नगर स्थित चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर एवं झट पटिया बालाजी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती करके सैनिकों एवं भारतीय सेना के विजय होने की भगवान से कामना की।

इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत, नगर पालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर गोयल, भाजपा नेता भोपाल सिंह गुर्जर, अमित मेहता, रुपाराम चौधरी, रमेश शाह, कुलदीप सिंह बग्गा, सुमेर सिंह मेड़तिया, प्रितपाल सिंह छाबड़ा, जितेंद्र सिद्धावत, गुरमुख दरयानी, छोग सिंह पवार, हरीश सोनी,कैलाश जोशी, शंकर मेघवाल, पुजारी सकापूरी, नरसिंग पूरी, केशव पूरी, जितेंद्र कलावंत, अमित नागर, हेमंत सोलंकी, बंसीलाल मालवीय आदि कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# चामुंडा माता मंदिर में भूमिपूजन

**देसूरी।** राव भुणा समाज संस्थान द्वारा चामुंडा माताजी मंदिर, नगर मुंडारा में भव्य भूमि (शिला) पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी एवं स्थानीय सरपंच प्रवीण वैष्णव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भूमि पूजन लाभार्थी शंकरलाल नारायणलाल केलवा (मेवाड़) के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन प्रकाश चंद नारायणलाल मुंडारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही 71 से अधिक बालिकाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा, जो पूरे गांव में गाजे-बाजे के साथ निकली और श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सराबोर कर गई। इससे पूर्व रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के भामाशाहों एवं अतिथियों का शॉल, साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। समारोह में राव भुणा समाज संस्थान एवं निर्माण कमेटी के अध्यक्ष मांगीलाल कवराडा, विकास समिति अध्यक्ष जसराज मुंडारा, प्रवीण कुमार, युवराज केलवा, नरपत सिंह जुना, नारायणलाल, हरिशंकर, महेन्द्र कुमार (सादड़ी), थानमल, राजाराम, अमृतलाल, सोहनलाल मुंडारा, सुरेश बाली, महेश कुमार (मेवाड़), मदनलाल, राकेश कुमार सहित महिला मंडल एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाज की एकजुटता और धार्मिक आस्था को समर्पित यह आयोजन हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक बन गया।

▶▶ 71 बालिकाओं ने निकाली कलश यात्रा



# सांडेराव गांव में गंदगी का आलम



▶▶ जगह-जगह कचरे के ढेर
▶▶ रास्तों पर भरा गंदा पानी

**सांडेराव।** सुमेरपुर पंचायत समिति के अधीनस्थ सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सांडेराव में प्रशासन की अनदेखी के चलते गांव में चारों तरफ गंदगी का आलम छाया हुआ है, जिससे हर आमजन परेशान है। एक तरफ ग्राम पंचायत दीवारों पर स्वच्छ भारत का संदेश दे रही है, वहीं दुसरी तरफ उन्ही संदेश लगी दीवारों के आस-पास गंदगी का आलम छाया हुआ है।

यहां सांडेराव गांव के बस स्टैंड से अस्पताल व ग्राम पंचायत तक मुख्य मार्गों सहित आम रास्ते में व्याप्त गंदगी के चलते इन दिनों छोटे-बड़े वाहनों के साथ हर आमजन का चलना मुश्किल हो गया है। इधर से निकलने वाले स्कुली नन्हे मुन्ने बच्चों के विद्यार्थी कई बार रास्ते में व्याप्त गंदगी व कीचड़ में गिर जाते है, वहीं इधर से निकलने वाले छोटे-बड़े वाहन तथा बाइकों से रास्ते का गंदा पानी उछल कर राहगीरों के कपड़े खराब करते है। एक तरफ स्वच्छ भारत के तहत ग्राम पंचायत लाखों का बजट उठा रही है जबकि गांव में नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से नालियों का गंदा पानी आम रास्ते में फैल कर कीचड़ का रूप धारण कर रहा है। और तो और यहां तो ग्राम पंचायत मुख्यालय के बाहर इतनी गंदगी व कीचड़ फैला हुआ है कि महिलाओं को अपने कपड़े ऊपर कर पंचायत में जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत साफ-सफाई के नाम खाना पूर्ती कर रही है। गांव के जागरूक लोगों ने गंदगी के आलम की विडियो तथा फोटो के साथ एक लिखित ज्ञापन राज्य के मुख्यमंत्री तथा पाली जिला कलेक्टर को भेज कर शीघ्र समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। इन्होंने बताया कि "गांव में अभी कुछ दिनों पहले ही सफाई करवाई गई है, ग्रामीण के बीच रास्ते में ही कचरा डालने से परेशानी होती है।

■ **दाखु देवी भील सरपंच ग्राम पंचायत सांडेराव**
"मैंने अभी एक सप्ताह भर पहले ही सांडेराव ग्राम में पदभार ग्रहण किया हैं और फिलहाल चार-पांच दिनों से बैमौसम की बारिश व तेज हवाओं के कारण पुरी व्यवस्था बिगड़ी हुई है। आज ही सड़क ठेकेदार को बुलाकर मुख्य मार्गों को सही करवाने की कार्यवाही शुरू करवाया जाएगा।

■ **जगदीश सुथार ग्राम पंचायत पदेन सचिव सांडेराव**
"सांडेराव गांव में आने-जाने वाला मुख्य मार्ग पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल है जबकि पिछले 15 वर्षों से जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते आज हर आमजन दुखी हैं।

# सामाजिक कार्यक्रमों में भी पहुंचे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पूर्व ऊर्जा मंत्री और विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने बाली किसान बस्ती का दौरा किया। उन्होंने सेसली रोड सहित विभिन्न स्थानों पर किसानों की समस्याएं सुनीं। राणावत ने बिजली विभाग से संबंधित कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इनमें बिजली के खंभों पर ढीले तार और अंग्रेजी बबूल के अतिक्रमण की समस्याएं प्रमुख थीं। इस दौरान वे क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। उन्होंने शादी समारोह में शिरकत की और शोक सभाओं में लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रतन सिंह पुनाडिया, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष चेनाराम चौधरी और सीरवी समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी मौजूद रहे। इसके अलावा जमादार कानाराम काग, पूर्व चेयरमैन जगाराम चौधरी और स्थानीय मंदिरों के पुजारी भी उपस्थित थे। सीरवी समाज के मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने यह जानकारी दी।

# दरगाह हजरत मदार शहीद बाबा लाठी जोड़ का उर्स



▶▶ सैकड़ों अकीदतमंदों ने लिया भाग, मांगी दुआ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** दरगाह हजरत मदार शहीद बाबा लाठी जोड़ का उर्स शानो शौकत के साथ मनाया गया। उर्स में पाली जालौर सिरोही सहित विभिन्न क्षेत्रों के जायरिनों ने भाग लिया। बाबा की चौखट पर माथा टेक खुशहाली की मंगल कामनाएं की। उर्स का शुभारंभ चन्दल व गुस्ल की रस्म अदा कर साथ ही कुरआन ख्वानी की शुरुआत के साथ किया गया। जिसमें बाली और फालना के मदरसों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके बाद बाली और फालना के पेश इमाम, आलिम और मौलानाओं ने देश में अमन-चैन और सबकी सलामती के लिए दुआ की। उर्स के दौरान दो बहिनों ऊषा परिहार व रेखा माली ने अपने मां पिता नर्बदा देवी पत्नी जोधाराम गहलोत माली की याद में बाबा के डेढ़ किलो चांदी का मुकुट चढ़ाया साथ में 11 किलो के फूल हार व 21 किलो की प्रसाद भी चढ़ाई। इससे पूर्व दरगाह कमेटी के सदस्यों ने ढोल थाली के वादन के साथ इनका स्वागत किया। इनके पिता ने पूर्व में यहां हॉल का निर्माण करवाया था। इस मौके पर कृष्णा माली, प्रेषिता परिहार, हर्षिता परिहार, अभिरिषी परिहार, ईश्वर माली, कृष्णा माली सहित परिवार के सदस्य व दरगाह सदर अब्दुल साबीर उर्फ कालू भाई, दरगाह मुजाविर रुस्तम शाह, नायब सदर इलियास खान नायक, वसीम कुरैशी, कोषाध्यक्ष अख्तर टांक, जावेद कुरैशी सहित दरगाह कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। उर्स में लगे बाजार में महिलाओं व पुरुषों ने खरीददारी की। बच्चों ने झूले झूलने का आनंद लिया। वही रात्रि में दिल्ली से आए कव्वाल मेराज वारसी ने कव्वाली पेश की लेकिन सरकारी गाइड लाइन और बारिश की वजह से रात्रि 11 बजे मेले का समापन किया गया।

**पश्चिम रेलवे**

**चर्चगेट स्वास्थ्य केंद्र का पुर्नविकास**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा क्र. बीसीटी/ 25-26/36 दि. 06.05.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** चर्चगेट-जीएलओ बिल्डींग- चर्चगेट स्वास्थ्य केंद्र का पुर्नविकास। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 83,45,062.76, **ईएमडी:** रु. 1,66,900/-, **ई-जमा करने की दिनांक व समय:** 30.05.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 30.05. 2025 को 15.30 बजे। **आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें।** 0125

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**केंटर पिवोट फिक्सींग अरेंजमेंट का नवीनीकरण**

सीडब्ल्यूएम/ईएमयू/एमएक्स द्वारा **निविदा सूचना क्र. ईएल90-एमएक्स- 2024-25-10-एम** आमंत्रित है। **कार्य के नाम सहित उसका स्थान:** ईएमयू वर्कशॉप महालक्ष्मी में आईसीएफ-सीएआई-नं. बी2020-01 अनुसार 3 फेस ईएमयू कोचेस में केंटर पिवोट फिक्सींग अरेंजमेंट का नवीनीकरण। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 92,18,160/-, **ईएमडी:** रु. 1,84,400/-, **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम दिनांक व समय एवं ई-निविदाएं खुलना:** 02.06.2025 को 14.00 बजे तथा 02.06.2025 को 14.30 बजे। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 06.06.2025 को 15.30 बजे। बोली प्रपत्र एवं अन्य विवरण जैसे शुद्धि पत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त कर सकते है। **0130**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/21 dated 08-May-25**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विविरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 36255001 | लार्ज स्पान तार 130 वर्गमिमी (37/2.10 मिमी) | 13.75 कि.मी. | 29-मई-25 |
| 2 | 38253499 | उन्नत उच्च तन्यता सीबीसी एआर के लिए नकल | 8087 नग | 29-मई-25 |
| 3 | 71245074B | रीढ़ की सर्जरी के लिए जैक्सन टाइप मॉड्यूलर ओटी टेबल | 01 नग | 09-जून-25 |
| 4 | 50255105A | पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड अनस्क्रीन कॉपर कंडक्टर भूमिगत रेलवे सिग्नलिंग केबल (12 कोर x1.5 वर्ग मिमी) | 5465.79 कि.मी. | 02-जून-25 |
| 5 | 51256029 | इलास्टिक रेल क्लिप्स MK-V, RDSO ड्रा.क्र.T-5919 Alt-2 | 15063905 नग | 26-मई-25 |

**नोट :** उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां **IREPS** वेबसाइट : **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया **IREPS** वेबसाइट पर जाएं।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

Download UTS App for Tickets 91

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न संकेतक कार्य**

वरिष्ठ मंडल संकेतक एवं दूरसंचार अभियंता (दक्षिण), 2 रा तल, मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **निविदा क्र. एसजी-217-2-309-डब्ल्यूए दिनांक 09.05. 2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के चर्चगेट-विरार खंड में एमएसडीएसी प्रतिस्थापन तथा पॉइंट मशीन कार्य हेतु विभिन्न आउटडोर कार्य तथा रिले वायरिंग सहित विश्वसहार्यता उन्नयन हेतु विभिन्न स्थानों पर संकेतक गियर्स की आपूर्ति, स्थापना, नवीनीकरण, परिक्षण एवं प्रारंभीकरण। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 3,97,34,158.25, **धरोहर राशि:** रु. 3,48,700/-, **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक तथा समय:** 30.05.2025 को 15.00 बजे तक। **ई-निविदा खुलने की दिनांक तथा समय:** 30.05.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0143**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

▶▶ जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल
▶▶ रात 8:30 बजे के बाद दुकानें बंद करने के आदेश

**पश्चिम रेलवे**

**ऑक्जिलरी ट्रांसफार्मर का प्रावधान**

डीईई/टीआरडी/बीएल द्वारा **निविदा सूचना क्र. ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-25-26-2 दिनांक 09. 05.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** मुंबई मंडल के विरार-सूरत खंड में ड्यूएल डिजिटल एक्सेल काउंटर द्वारा कालातीत अल्स्टोम मेक एएफटीसी के प्रतिस्थापन के संबंध में ऑक्जिलरी ट्रांसफार्मर का प्रावधान। **विज्ञापित लागत:** रु. 3,81, 88,283/-, **ईएमडी:** रु. 3,41,000/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 02.06.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 02.06.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0139**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**अग्निशमन प्रणाली का संचालन**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **निविदा क्र. बीसीटी/ 25-26/41 दि. 09.05.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** दादर (स्कायस्क्रैपर): 1825 दिनों के लिए दादर बहुमंजिला भवन में स्थापित अग्निशमन प्रणाली का संचालन। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 1,26,57,094.97, **ईएमडी:** रु. 2,13,300/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 03.06.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 03.06.2025 को 15.30 बजे। **नोट:** निविदा दस्तावेज, शुद्धि पत्र एवं आगामी जानकारी डाउनलोड करने हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0135**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**दिव्यांगजन हेतु विविध एक्सेसिबिलिटी सुविधाओं का प्रावधान**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा क्र. बीसीटी/ 25-26/42 दि. 09.05.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** विरार-जोरावासन खंड: वरि. डीईएन/एन/एमएमसीटी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत दिव्यांगजन हेतु विविध एक्सेसिबिलिटी सुविधाओं का प्रावधान। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 15,14,99,879.93, **ईएमडी:** रु. 9,07,500/- , **जमा करने की दिनांक व समय:** 06.06.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 06.06.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0137**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# बाली में आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारी

**बाली।** बाली उपखंड प्रशासन ने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। तहसीलदार जितेंद्रसिंह ने मरीजों को आपातकालीन स्थिति से बचने के उपाय बताए। मॉक ड्रिल में उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई और अतिरिक्त जिला कलक्टर शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। चिकित्सालय में लाइटों का उचित उपयोग और खिड़कियों पर पर्दों का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगाई गई। एंबुलेंस चालकों को हर समय तैनात रहने की हिदायत दी गई। चिकित्सकों को मोबाइल फोन चालू रखने और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बाली ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हितेन्द्र वागोरिया ,डा. राजदे और पुलिसकर्मी अशोक कुमार भी मौजूद रहे। बाली कोट बालियान स्थित आईओसी का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी ने आदेश जारी कर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और संस्थाओं को रात 8:30 बजे से बंद करने का निर्देश दिया है। यह आदेश अगली सूचना तक प्रभावी रहेगा।



# शहीदों को श्रद्धांजलि देने व राष्ट्र सेवा के हित में रक्तदान कल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना के खुडाला स्थित आदर्श विद्या मंदिर में 12 मई सोमवार को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाज सेवी व आयोजक नरेंद्र परमार ने बताया कि सेवा भारती की प्रेरणा से श्री वैष्णो देवी माता मंडल मुंबई-फालना, भारत विकास परिषद फालना-बाली, मारवाड़ एकता परिषद मुंबई-राजस्थान सहित सार्वजनिक सेवा समिति खुडाला-फालना के तत्वाधान में पहलगाम कश्मीर में आतंकी हमला एवं पाक आतंकवादी विरोधी युद्ध के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि देने व राष्ट्र सेवा के हित में प्रेरित करने हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। परमार ने कहा कि रक्तदान महादान और जीवनदान है इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को राष्ट्रहित में रक्तदान करने का आह्वान किया।

▶▶ फालना : आदर्श विद्या मंदिर में होगा आयोजन

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत (ऊर्जा) कार्य**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्र. ईएल-81-886-डब्ल्यूए-67 (आर) दि. 07. 05.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** विरार-सूरत खंड: एडीईएन/डीआरडी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत वर्तमान स्टाफ क्वार्टर्स के उन्नयन के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 23,00,508/-, **बोली प्रतिभूति ईएमडी:** रु. 46,000/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 05.06.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 05.06.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0131**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया जवाई बांध का निरीक्षण

**सुमेरपुर।** वर्तमान में राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जवाई बांध पर आंशाकित खतरे को देखते हुए शनिवार दोपहर 2 बजे जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री एवं पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने जवाई बांध का निरीक्षण किया। जवाई नहर खण्ड सुमेरपुर अधिशाषी अभियंता राज भंवरायत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक बाली चैनसिंह महेचा, सुमेरपुर एसडीएम कालुराम कुम्हार व सुमरेपुर पुलिस उपाधीक्षक जितेन्द्रसिंह राठौड़ भी मौजूद रहें। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान सहायक अभियंता अक्षय कुमावत, तहसीलदार दिनेश आचार्य, ब्लॉक विकास अधिकारी प्रमोद दवे, अधिशाषी अधिकारी सुमेरपुर नरपतसिंह राजपुरोहित, कनिष्ठ अभियंता अशोक पुनिया एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।





# कोहली भी टेस्ट को कहेंगे अलविदा?

## बीसीसीआई ने फैसले पर विचार करने को कहा,मनाने में जुटी

**नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार क्रिकेटर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले ही इस फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर देंगे। हाल ही में रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर फैंस को झटका दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने उनसे इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है।**

### एक्शन मोड में बीसीसीआई

अब बीसीसीआई एक्शन मोड में है। बोर्ड विराट कोहली से कथित फैसले को लेकर चर्चा कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट में एक बेहद प्रभावशाली व्यक्ति को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वो कोहली को टेस्ट फॉर्मेट में बने रहने के लिए मनाएं। कोहली के साथ ये मीटिंग टेस्ट टीम के सेलेक्शन से ठीक पहले होने की उम्मीद है। टेस्ट टीम का ऐलान 23 मई (शुक्रवार) को संभावित है। सेलेक्शन पैनल की बैठक कहां होगी, ये अभी तय नहीं हुआ है। बीसीसीआई ने नए टेस्ट कप्तान का ऐलान करने लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भी योजना बनाई है। बता दें कि रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट करियर से संन्यास ले लिया था। बीसीसीआई विराट कोहली को मनाने में सफल होगी या नहीं, यह अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। इस बात की उम्मीद है कि कोहली से बात करने के लिए चुना गया व्यक्ति कुछ हद तक उनपर प्रभाव डाल सकता है।

### शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली

इस समय विराट कोहली शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। आईपीएल 2025 में आरसीबी के स्टार बल्लेबाज ने 500 से अधिक रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में भी कोहली ऑरेंज कैप की रेस में चौथे नंबर पर हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि कहीं विराट कोहली टेस्ट से रिटायरमेंट लेने में जल्दी तो नहीं कर रहे हैं? हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए सीरीज में वो बुरी तरह से संघर्ष करते दिखे थे। सबसे बड़ी दिक्कत ये थी कि विराट कोहली लगातार एक ही तरीके से आउट हो रहे थे।

### विराट कोहली का टेस्ट करियर

विराट कोहली की गिनती दुनिया के टॉप बल्लेबाजों में होती है। स्टार खिलाड़ी ने 2011 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था। क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में कोहली ने अब तक 123 मैच खेले हैं और 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। बता दें कि अगर विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो इंग्लैंड सीरीज से पहले फैंस के लिए ये डबल झटका होगा। इससे पहले रोहित शर्मा ने इस फॉर्मेट से रिटायर होने का फैसला लिया।

# बीसीसीआई को तगड़ा झटका

## आईपीएल मैच रद्द होने से प्रति मैच 125 करोड़ का लग रहा फटका

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच आईपीएल हफ्ते भर के लिए स्थगित हो चुका है। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब देश युद्ध में हो तो क्रिकेट अच्छा नहीं लगता। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि आईपीएल के स्थगित होने से बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा है। यह झटका सिर्फ बीसीसीआई या आईपीएल ही नहीं, बल्कि इससे जुड़े तमाम लोगों को नुकसान हुआ है। इसमें तमाम वेंडर्स, आईपीएल मैच वाले शहरों और अन्य कई छोटे-बड़े व्यापारी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि अभी आईपीएल के 16 मैच बाकी हैं, जिनमें चार प्लेऑफ के मैच भी शामिल हैं। हालांकि देश जिन हालात से गुजर रहा है, उसके सामने किसी भी नुकसान की कोई वैल्यू नहीं है। इसके बावजूद अनुमान के मुताबिक आईपीएल के इस तरह से स्थगित होने से बीसीसीआई को प्रति मैच तकरीबन 100 से 125 करोड़ रुपए का फटका लग सकता है।




### विदेशी खिलाड़ियों व स्टाफ की चिंता

- वैसे तो आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरी कोशिश में है आईपीएल को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। हालांकि फिर से शुरू होने के बाद आईपीएल किस तरह से आगे बढ़ेगा यह देखने वाली बात होगी। इसकी वजह यह है कि सभी फ्रेंचाइजियों में विदेशी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ की संख्या काफी ज्यादा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद से ही सभी विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौटने लगे हैं। हालांकि इनमें से तमाम खिलाड़ी बोर्ड पर काफी ज्यादा भरोसा है। ऐसे में अगर उनकी नेशनल ड्यूटी आड़े नहीं आती है तो वह आईपीएल के बचे हुए मैचों के लिए भारत जरूर लौटना चाहेंगे। गौरतलब है कि बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता मई में ही आईपीएल को पूरा कराने पर है। अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर भारत के पास अगस्त और सितंबर की विंडो है। हालांकि इसके लिए भारत के बांग्लादेश टूर और टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है।

### आईपीएल पूरी तरह रद्द हो गया तो...

- एक आशंका यह भी है कि अगर हालात नियंत्रण में नहीं आए और आईपीएल 2025 पूरी तरह से रद्द हो गया तो क्या होगा? ऐसी स्थिति में अनुमान के मुताबिक मेजबान प्रसारकों को अनुमानित 5,500 करोड़ के विज्ञापन राजस्व का एक तिहाई से अधिक छोड़ना पड़ेगा। सभी दसों फ्रेंचाइजी पर भी इसका असर होगा। इसमें भी जो आईपीएल के सेंट्रल रेवेन्यू पूल पर निर्भर हैं, जिसमें ब्रॉडकास्ट और स्पांसरशिप राइट्स हैं, उन्हें ज्यादा चपत लगेगी। इसके अलावा गेट कलेक्शन का मामला भी है। चार प्लेऑफ मैचों का गेट कलेक्शन आईपीएल/बीसीसीआई की प्रॉपर्टी होगा, वहीं सात होम लीग मैचों के गेट कलेक्शन का पैसा उस शहर की फेंचाइजी के पास जाना है। इसमें आरसीबी के होम ग्राउंड पर दो मैच होने हैं। इसके मैच टिकट की फीस अन्य जगहों के मुकाबले महंगे हैं। ऐसे में आईपीएल थमने का असर सिर्फ आरसीबी के प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि उनकी जेब पर भी होगा।

# इसलिए रोहित शर्मा ने लिया संन्यास

- वीरेंद्र सहवाग ने बताई वजह कहा, शायद उनकी छिन जाती कप्तानी

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको हैरान कर दिया। रोहित के रिटायरमेंट पर पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने बड़ा बयान दिया है। जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था तब कप्तान रोहित शर्मा की आलोचना हुई थी। उनका बल्ला बिल्कुल खामोश था और यही वजह थी कि उन्होंने खुद को सिडनी में हुए आखिरी टेस्ट में प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर लिया था। हालांकि, कयास था कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रोहित ही टीम की कप्तानी करेंगे। सहवाग ने कहा कि हो सकता में रोहित को टीम से बाहर कर दिया जाता या कप्तानी चली जाती और शायद इसलिए उन्होंने टेस्ट से रिटायरमेंट लेने का फैसला किया।



### रोहित के रिटायरमेंट पर सहवाग का बयान

सहवाग ने कहा, ''यह आश्चर्यजनक है, क्योंकि मैंने भी ऐसी बातें सुनी थीं- जैसे कि वो इंग्लैंड दौरे की तैयारी कैसे कर रहे थे, या ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जब उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेला था, तब भी उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि मैं कहीं नहीं जा रहा, मैं यही हूं। ऐसा नहीं लगा था कि वो संन्यास के बारे में सोच रहे हैं।''

# न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ने पाक की उतारी इज्जत

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच पाकिस्तान में खेले जा रहे पीएसएल के विदेशी खिलाड़ी जल्द पाकिस्तान छोड़ अपने देश रवाना होना चाहते हैं। इस बीच न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी डेरिल मिशेल एक बयान दे दिया जिससे पाकिस्तान की इज्जत तार-तार हो गई। डेरिल मिशेल ने कसम खाते हुए कहा कि अब वे कभी पाकिस्तान नहीं आना चाहेंगे।

### डेरिल मिशेल ने कहा, अब वे कभी पाकिस्तान नहीं आएंगे



### पीएसएल एक हफ्ते के लिए पोस्टपोन

- पीएसएल के मैच जिन स्टेडियम में खेले जा रहे थे उनमें से रावलपिंडी स्टेडियम पर ड्रोन हमला हुआ था, जिसके बाद 8 मई को होने वाले मैच को रद्द कर दिया था।

### दुबई शिफ्ट किया

- पीएसएल खेल रहे विदेशी खिलाड़ी काफी दहशत में हैं। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सभी विदेशी खिलाड़ियों को दुबई शिफ्ट कर दिया।

### मिशेल ने खाई कसम

- पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी जो इस वक्त पीएसएल का हिस्सा हैं, उन्होंने कसम खाई है कि वे कम से कम इन दिनों में तो पाकिस्तान नहीं लौटेंगे।

मिशेल पीएसएल 2025 में लाहौर कलंदर्स की ओर से खेल रहे थे। डेरिल मिशेल ने कसम खाई कि जब तक पाक भारत के तनाव कम नहीं हो जाते तब तक वो पाक नहीं लौटेंगे।

# पाकिस्तान को यूएई ने दिखाया ठेंगा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी बचे मैचों को दुबई में शिफ्ट करने का फैसला किया था। लेकिन अब यूएई ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दे दिया है। यूएई ने पाकिस्तान सुपर लीग की मेजबानी से इनकार कर दिया है। अब पीएसएल के बाकी मैच दुबई में नहीं खेले जाएंगे। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 8 मई, को आपातकालीन बैठक के बाद लीग को दुबई में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। इस बैठक में फ्रेंचाइजी मालिक और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया था। पीसीबी ने पीएसएल को शिफ्ट करने का फैसला रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम सहित कई पाकिस्तानी शहरों पर हुए भारतीय ड्रोन हमलों के बाद लिया था। भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पारिस्तान में डर का माहौल है।

# मनोरंजन




## 'ऑपरेशन सिंदूर' बनने से पहले डायरेक्टर ने मांगी माफी


बीते कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर टाइटल रजिस्टर करवाने के लिए होड़ मची हुई है। कई सितारे इससे जुड़े टाइटल पाने की होड़ में लगे हुए हैं। 2 दिन में टाइटल रजिस्ट्रेशन के लिए 50 से ज्यादा आवेदन दिए गए हैं। इन सबके बीच 9 मई को ऑपरेशन सिंदूर पर एक फिल्म का ऐलान हो भी गया है। हालांकि, अब उस फिल्म के डायरेक्टर ने माफी मांगी है। फिल्म को उत्तम महेश्वरी और नितिन कुमार गुप्ता डायरेक्ट करने वाले हैं। इस फिल्म का ऐलान भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के समय किया गया। ऐसे में लोगों ने मेकर्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया, जिसके बाद उत्तम ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा।

उत्तम महेश्वरी ने लिखा, "ऑपरेशन सिंदूर पर हाल ही में अनाउंस की गई फिल्म के लिए मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं, जो भारतीय सशस्त्र बलों के हाल ही में की गई बहादुरी से भरे प्रयासों से प्रेरित है। मेरा मकसद किसी को दुख पहुंचाना या किसी की भावनाएं आहत करना नहीं था।"उन्होंने आगे लिखा, "एक फिल्ममेकर के तौर मैं हमारे जवानों के साहस, बलिदान और शक्ति से काफी प्रभावित हुआ हूं और इस मजबूत कहानी को सबके सामने पेश करना चाह रहा हूं। फेम या पैसा कमाने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए गहरे सम्मान के साथ ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ है। हालांकि, मैं समझता हूं कि समय और संवेदनशीलता की वजह से कई लोगों को गलत लग सकता है, उस चीज के लिए मुझे दुख है।"उत्तम महेश्वरी ने ये भी कहा कि ये सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि इमोशन है, जो पूरी दुनिया के लिए हमारे देश की सामाजिक छवि है।

## 'भूल चूक माफ' के मेकर्स को 60 करोड़ का नोटिस

### ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने पर भड़के पीवीआर सीईओ

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज टाल दी। जिसके बाद 'भूल चूक माफ' को डायरेक्ट ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज करने का फैसला लिया। लेकिन मेकर्स का ये फैसला पीवीआर को नागवार गुजरा। पीवीआर के सीईओ कमल ज्ञानचंदानी ने नुकसान का दावा किया है। उनके मुताबिक 'भूल चूक माफ' के मेकर्स के फिल्म को बड़े पर्दे पर ना लाने के फैसले के चलते पीवीआर को भारी नुकसान हुआ है। मैडॉक फिल्म्स पर आरोप है कि 'भूल चूक माफ' के बॉक्स ऑफिस पर ना चलने के डर से प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म को बड़े पर्दे पर ना रिलीज करने का फैसला लिया। ऐसे में पीवीआर ने प्रोडक्शन हाउस पर 60 करोड़ रुपए का मुकदमा किया है। पीवीआर ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अपना मामला पेश किया है। मामला गंभीर हो गया क्योंकि सभी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन हो चुके थे और फिर अचानक मैडॉक पीछे हट गया। इसलिए ये कॉन्ट्रैक्ट ऑफ ब्रीच का मामला है।' बता दें कि 'भूल चूक माफ' के प्रोडक्शन हाउस ने मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के थिएटर में ना रिलीज होने की जानकारी




दी थी। पोस्ट में लिखा था- 'हाल की घटनाओं और पूरे देश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर, हमने मैडॉक फिल्म्स और अमेजॉन एमजीएम स्टूडियोज में अपने फैमिली एंटरटेनर, 'भूल चूक माफ' को 16 मई को सीधे आपके घरों में लाने का फैसला किया है। सिर्फ प्राइम वीडियो पर, दुनिया भर में। जबकि हम सिनेमाघरों में आपके साथ इस फिल्म का जश्न मनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन राष्ट्र की भावना पहले आती है। जय हिंद।'

## दोस्ताना 2: श्रीलीला करेंगी जाह्नवी को रिप्लेस



कार्तिक आर्यन, जाह्नवी कपूर और नए एक्टर लक्ष्य को लेकर जब करण जौहर ने दोस्ताना 2 की घोषणा की थी, तब यह फिल्म काफी चर्चा में थी। लेकिन कुछ विवादों और रचनात्मक मतभेदों के कारण यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया था।

अब खबरें हैं कि यह बहुप्रतीक्षित फिल्म दोबारा शुरू होने जा रही है, लेकिन इस बार पूरी तरह नए कास्ट और डायरेक्टर के साथ।एक रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ की मशहूर एक्ट्रेस श्रीलीला, जो फिलहाल कार्तिक आर्यन के साथ अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, अब दोस्ताना 2 में जाह्नवी कपूर की जगह ले सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, निर्माता अब ऐसी कास्टिंग करना चाहते हैं जिन्होंने पहले स्क्रीन शेयर न किया हो, ताकि दर्शकों को एक नया अनुभव मिल सके। श्रीलीला और उनके को-स्टार्स के बीच की केमिस्ट्री देखना दिलचस्प होगा।

पहले जहां कार्तिक आर्यन इस फिल्म का हिस्सा थे, अब रिपोर्ट्स के अनुसार छपाक और 12 वीं फेल जैसे फिल्मों से प्रशंसा बटोरने वाले विक्रांत मैसी को इस फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए फाइनल किया जा रहा है। साथ ही, लक्ष्य को पहले की तरह ही फिल्म में बरकरार रखा गया है। यह कास्टिंग का नया कॉम्बिनेशन दर्शकों को ताजगी दे सकता है। पहले इस फिल्म को कॉलिन डी'कुन्हा डायरेक्ट करने वाले थे, लेकिन अब रिपोर्ट्स का कहना है कि अद्वैत चंदन इस प्रोजेक्ट को सम्भाल सकते हैं।



## सीआईडी 2 को अलविदा कहेंगे पार्थ

सीआईडी 2 में एसीपी आयुष्मान का किरदार निभाने वाले टीवी एक्टर पार्थ समथान जल्द ही शो को अलविदा कहने वाले हैं। पार्थ ने एक महीने पहले ही शो में एंट्री ली थी। शो में शिवाजी साटम के किरदार एसीपी प्रद्युमन की मौत के बाद पार्थ की एंट्री हुई थी। अब शिवाजी साटम की फिर से शो में एंट्री हो गई है। उनकी एंट्री के बाद अब पार्थ शो को अलविदा कहेंगे। पार्थ ने खुद इस बात को कंफर्म किया है। पार्थ ने कहा, "सीआईडी जैसे कल्ट शो का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है, भले ही वो थोड़े समय के लिए ही क्यों ना हो। मैं केवल कुछ एपिसोड्स के लिए ही शो में शामिल हुआ था, गेस्ट अपीयरेंस, लेकिन बाद में अवधि को कुछ महीनों के लिए बढ़ा दिया गया।"पार्थ ने बताया कि वर्क कमिटमेंट्स की वजह से वो शो का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि दर्शकों से मिले प्यार के लिए वो आभारी हैं। पार्थ ने कहा, "शुरुआत में वो इस चीज का कंफर्मेशन नहीं दे सकते थे क्योंकि इससे उत्सुकता मर जाती। और अब जब शिवाजी सर वापस आ गए हैं तो शो में जल्द ही पता चलेगा कि सीआईडी में कौन गद्दार है।"

## हर्षवर्धन राणे ने मावरा को सुनाई खरी-खोटी



भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में आई तल्खी का असर सरहद पर ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर भी पड़ा है। 'सनम तेरी कसम' स्टार हर्षवर्धन राणे ने स्पष्ट किया कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे 'न' कह देंगे। इतना ही नहीं उन्होंन मावरा हुसैन के ट्वीट पर रिएक्शन दिया है, इंस्टाग्राम पर हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा, "मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं 'सनम तेरी कसम' भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा।" बता दें, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तानी कलाकारों ने तल्ख टिप्पणी दी थी। हर्षवर्धन के साथ काम कर चुकीं पाक अभिनेत्री मावरा ने भारतीय सशस्त्र बल के शौर्य पर नाराजगी जताई थी।

मुख्यमंत्री की पहल पर सर्वदलीय बैठक

# प्रदेशवासियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता : शर्मा

**जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम परिस्थितियों का विश्लेषण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अहम निर्णय ले रहे हैं। इसमें सरकार को सभी दलों का भी सहयोग मिलना बेहद आवश्यक है। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी दलों से एकजुटता और आपसी सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रदेश हित में सरकार के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं।**



### पुलिस प्रशासन की टीमें मुस्तैद

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत के मुताबिक आरएसी, आपदा राहत बलों, सिविल डिफेंस की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती इलाकों में सहयोग को लगाई है। सीमावर्ती जिलों के प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव अपने क्षेत्रों में सतत संपर्क एवं प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाए हुए हैं। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें कोई भी सूचना मिलने पर पहुंचकर मुस्तैदी से आवश्यक कार्रवाई कर रही हैं।

### साइबर अटैक से बचने के प्रबंध

- मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्थल, बाजार, पर्यटन स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे बांध, बिजलीघर, रिफाइनरी इत्यादि की सुरक्षा एवं सतत निगरानी की जा रही है। साइबर अटैक से बचने के लिए भी आवश्यक उपाय किए गए हैं।

### अफवाह फैलाने से बचें

- शर्मा ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और वॉलेंटियर्स के साथ संपर्क में रहें और राज्य सरकार द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन, रेस्क्यू कार्यक्रमों, ब्लैक आउट और अन्य व्यवस्था से जुड़े मामलों में सहयोग करें। हम सब की सावधानी और सतर्कता प्रदेश की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अफवाहों को फैलने से रोकें।

### सायरन सिस्टम को किया सुदृढ़

- शर्मा ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में प्रशासन सुरक्षा एजेन्सियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप ब्लैकआउट एवं आवागमन प्रतिबंधों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करवा रहा है, जिसमें नागरिकों का भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। शादियों व अन्य समारोहों में तेज रोशनी, चकाचौंध एवं आतिशबाजी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी ड्रोन को उड़ाने पर भी पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

### सीमावर्ती जिलों को आर्थिक सहायता

सीमावर्ती जिलों में सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने की कार्यवाही की जा रही है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में परिवहन, शिविर, दवाईयां, उपकरण, प्रभावितों के लिए भोजन सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर, हनुमानगढ़ एवं फलौदी जिलों के लिए रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध करवाया गया है।

# आज योगी करेंगे ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

**लखनऊ।** यू पी की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है. उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर कल दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से इस समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री के साथ मिलकर इस परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह टाइटेनियम एंड सुपर एलॉयस मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन करेंगे। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामग्रियों का उत्पादन करेगा, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। इसके साथ ही, ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण होगा, जो मिसाइलों के परीक्षण और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में की थी। जिसके बाद ये कॉरिडोर योगी सरकार की प्राथमिकता में रहा है। इस कॉरिडोर के छह नोड्स हैं जिसमें लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी, और चित्रकूट हैं। इन जगहों पर रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक निवेश हो रहा है।







**नीरज दवे @ जागरूक टाइम्स**

दुनिया के अनेकानेक पड़ोसी मुल्कों की आपस में फूटी आंख नहीं बनती। कमोबेश ऐसी ही हालत भारत और पाकिस्तान की भी है। बंटवारे के बाद से दोनों मुल्कों के रिश्तों में दरार वक्त के साथ और गहरी होती रही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह दरार और गहरा गई। धर्म पूछकर निहत्थे और बेकसूर पर्यटकों को बेहद करीब से गोली मारना हर देशवासी के दिल पर लग गया। 22 अप्रैल के बाद तकरीबन एक पखवाड़े तक का इंतजार पूरे मुल्क को खासा अखरा। हर कोई 'बदला' चाहने लगा। इधर, सरकार ताबड़तोड़ बैठकों पर बैठकें करती रही। कई तरह के कूटनीतिक फैसलों के बाद भी कलेजों को ठंडक नहीं मिली। फिर आई 6 और 7 मई की दरम्यानी रात। मतलब 'बदले की रात'। देश की तीनों सेनाओं ने मिलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम को ऐसा चरितार्थ किया कि सूरज की पहली किरण के साथ देशवासियों की बांछें खिल गईं। तब से लेकर रोज शाम ढलती है और आकाश एकाएक रोशन होने लगता है। पड़ौसी मुल्क की फौज अपने नापाक इरादों के साथ सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन हमले कर अपनी हसरत पूरी कर लेती है। पाकिस्तान ने अब तक सीमा पार हर बार आम नागरिक को ही निशाने पर लिया है। जबकि ठीक उलट भारत ने हर बार दुश्मन के आतंकी ठिकानों के बाद सैन्य ठिकानों पर ही हमले साधे हैं। जब तब हमले की नौबत आई है, भारत के सीमावर्ती इलाकों में ब्लैकआउट हो जाता है। क्या गांव और क्या शहर। सब कुछ स्याह अंधेरे की आगोश में समा जाता है। मकसद सिर्फ यही कि कहीं दुश्मन देश को उजाले में 'टारगेट' साफ न दिख जाए। दिन भर रणनीतियों की गहमागहमी के बाद शाम को आसमान की रंगत मानो बदल जाती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले चरण में जहां दुश्मन देश की देखरेख में आबाद करीब नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया। भारत की सरकार ने दिन में मॉकड्रिल की गाइडलाइन बताकर आधी रात को पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर और सीमा पार मौजूद आतंकियों के ठोर-ठिकानों का सेना के अचूक निशानों ने नामोनिशान मिटा दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के अगले चरण में सिर्फ पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों और खासकर एयर डिफेंस सिस्टम पर करारी चोट की जाने लगी। स्याह अंधेरों में दुश्मन को इन चोट की गूंज सालों याद रहेगी, तय है।

# 400 करोड़ की साइबर ठगी का पर्दाफाश



- मास्टरमाइंड सहित तीन गिरफ्तार
- एक आरोपी अभी भी फरार

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में साइबर क्राइम का बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें एक फिनटेक कंपनी से जुड़े तीन लोगों को 400 करोड़ रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गैंग फर्जी स्टॉक मार्केट निवेश का झांसा देकर लोगों से पैसे ठगता था और उन्हें फर्जी लिंक भेजकर उनके खातों से रकम उड़ा लेता था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह गैंग फर्जी लिंक भेजकर हजारों लोगों के खातों से करोड़ों रुपए उड़ा चुका है, और ठगी की कुल रकम 1000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। खबर के अनुसार, भरतपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 54 वर्षीय रवींद्र सिंह, 49 वर्षीय दिनेश सिंह और उनकी पत्नी कुमकुम के रूप में हुई है। यह सभी एक फिनटेक कंपनी से जुड़े हुए हैं और पिछले चार महीनों में लोगों को स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। पूरा मामला उस वक्त सामने आया, जब धौलपुर साइबर थाना में हरी सिंह नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता से लिए गए 35 लाख रुपए चार अलग-अलग कंपनियों के खातों में ट्रांसफर किए गए हैं- इनमें रुकानेक इंटरप्राइजेज प्रा.लि., सेल्वा कृष्णा आईटी सोल्यूशन प्रा. लि., एसकेआरसी इंफोटेक प्रा. लि., नित्याश्री मैन पावर एंड कॉन्ट्रेक्ट वर्क्स शामिल हैं। राज्य साइबर अपराध निदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि यह गिरोह फर्जी लिंक भेजकर लोगों को निवेश के नाम पर लुभाता था और फिर उनके बैंक खातों से बड़ी रकम निकाल लेता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि इन कंपनियों के खातों से 400 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हो चुकी है, और यह आंकड़ा 1,000 करोड़ रुपए तक भी पहुंच सकता है। इस बैंक के खिलाफ पहले ही करीब 3,000 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज थीं, जो अब बढ़कर 4,000 से ज्यादा हो चुकी हैं। पुलिस को शक है कि रवींद्र सिंह इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड है।

# बाड़मेर में मिली संदिग्ध वस्तु



- लोग बोले-आसमान में दीपक जैसे उड़े, फिर धमाके के साथ गिरे
- बालोतरा में मिसाइलनुमा मलबा, रेंज आईजी बोले-लोग दूर रहें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा के गिड़ा क्षेत्र में मिसाइल जैसी चीज मिली है। इसे लेकर जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने कहा कि बालोतरा में संदिग्ध वस्तु गिरी है। क्या है इसे जानने के लिए सेना और वायु सेना से संपर्क किया जा रहा है। लोगों को सावधानी के तौर पर दूर रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि यह 15 फीट लंबा और सॉलिड मलबा है। फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं। लोग बस दूर रहें। यह गिड़ा (बालोतरा) का क्षेत्र है। गांव का नाम नहीं बता पाएंगे। आबादी के पास ही है। यह खतरनाक हो सकता है। रेंज आईजी विकास कुमार ने कहा कि तनाव की स्थिति है। सुरक्षा बल निपट रहे हैं। कहीं नुकसान नहीं होने दिया जा रहा है। लोग निश्चिंत रहें।

### उत्तरलाई क्षेत्र में सुने धमाके

- बाड़मेर में तनाव के चौथे दिन शनिवार को अलसुबह फिर धमाके की आवाज सुनाई दी। अलसुबह 5:20 बजे एक बार फिर रेड अलर्ट जारी कर दिया गया। यह करीब 7 बजे तक जारी रहा। हालांकि सेना ने ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया। बाड़मेर शहर के बलदेव नगर मोहल्ले में संदिग्ध वस्तु मिली। यहां के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों का कहना है कि सुबह के समय आसमान में दीपक जैसी 10-12 लाइट उड़ती हुई देखी, फिर धमाके के साथ ये नीचे गिरने लगी। तलाश किया तो रोड पर संदिग्ध वस्तु नजर आई।

### धमाके सुने और रोशनी देखी

- स्थानीय निवासी देवराज ने बताया कि- हम छत पर सो रहे थे। तभी आसमान में धमाके सुने और रोशनी भी देखी। तभी घर के बाहर कोई वस्तु गिरी मिली। प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी किया है। राजू ने बताया कि- रात को 8 बजे के बाद आसमान में धमाके सुनाई दिए। सुबह करीब 5 बजे के बाद फिर धमाके हुए। आसमान में देखा तो दीपक की तरह आसमान में कुछ जा रहा था।

# जैसलमेर से नौ संदिग्ध गिरफ्तार

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर पुलिस ने सदर, कोतवाली और पोकरण थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थानों से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कई से एजेंसियों द्वारा पूछताछ की जा रही है। राजस्थान के जैसलमेर पुलिस ने सदर, कोतवाली और पोकरण थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान "संदिग्ध गतिविधि" में शामिल होने के आरोप में 9 लोगों को गिरफ्तार किया। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि नौ लोगों में से पांच जैसलमेर, तीन बाड़मेर और एक बिहार का है। हिरासत में लिए गए लोगों में धर्मनाथ जोगी (21), जीतू नाथ जोगी (27), रूपचंद ओड (44), लखूराम ओड (33), हरीश ओड (19), मनोहर राम ओड (19), उगाराम ओड (20), मोहम्मद रहमत (22) और खेताराम मेघवाल शामिल हैं। हालांकि खेताराम मेघवाल की उम्र नहीं बताई गई है। बताया गया कि खेताराम एक अनुभवी चोर है और बाड़मेर जिले में उसके खिलाफ चोरी के करीब दो दर्जन मामले दर्ज हैं। एसपी ने



### एजेंसियां कर रहीं पूछताछ

लोगों से अपील की कि वे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों के पास न जाएं और सरकारी एजेंसियों की गतिविधियों की फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी न करें।

# राम मंदिर में विराजित होगी लक्ष्मण की प्रतिमा

**अयोध्या।** राम मंदिर में एक बार फिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी चल रही है। इस बार शेषावतार मंदिर, सप्त मंडपम व परकोटा के मंदिरों में विराजमान होने वाली मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन से पांच मार्च तक होगा। पांच मार्च को गंगा दशहरा पर सभी मंदिरों में एक साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। परकोटा और सप्त मंडपम की मूर्तियां मंदिरों के आसन पर विराजमान हो गई हैं। शेषावतार मंदिर की मूर्ति 30 मई को अयोध्या पहुंच जाएगी।

शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण की मूर्ति स्थापित होगी। मूर्ति करीब साढ़े चार फीट होगी। वनवासी वेष में लक्ष्मण की मूर्ति को संगमरमर के पत्थर पर आकार दिया गया है। राजस्थान के जयपुर से मूर्ति बनकर 30 मई को अयोध्या पहुंचेगी। मूर्ति निर्माण का



### 30 मई को होगी प्राण प्रतिष्ठा

काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। शेषावतार मंदिर की ऊंचाई करीब 30 फीट होगी। मंदिर में वंशीपहाड़पुर के 17500 घनफुट लाल पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिखर पर कलश स्थापित किया जाएगा।

राजभवन में सर्व धर्म सदभाव बैठक

# सर्व धर्म सदभाव भारत की संस्कृति : राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सर्व धर्म सद्भाव भारत की संस्कृति है। राष्ट्र के लिए यह समय संवेदनशील है। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बगैर नागरिक ठिकानों को केंद्र में रखते हुए वह बहुत संयमित ढंग से कार्यवाही कर रही है। उन्होंने सभी धर्म के अनुयायियों को सद्भाव बनाए रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बागडे ने कहा कि हमारी सेना संयमित और रक्षात्मक कार्यवाही कर रही है। संवेदनशीलता की इस घड़ी में परस्पर समन्वय जरूरी है। राजस्थान का बहुत बड़ा भू भाग सीमा से लगा हुआ है। उन्होंने सीमावर्ती जैसलमेर, फलोदी, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर आदि क्षेत्रों में हो रही कार्यवाही की चर्चा करते हुए कहा कि वहां सभी स्तरों पर सतर्कता और तालमेल रखा जाए। शनिवार को राजभवन में सर्व धर्म सद्भाव बैठक में संबोधित करते हुए बागड़े ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बहुत संवेदनशील होकर समयबद्ध प्रभावी कदम उठाए गए है। नागरिक सुरक्षा के प्रभावी प्रबंध किए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी रेस्क्यू बंदोबस्त किए हैं। उन्होंने सर्व धर्म सद्भाव के साथ विकास की भारतीय नीति को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र प्रथम की सोच से कार्य करने का आह्वान किया। इससे पहले विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सर्व धर्म सद्भाव की भारतीय संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि संवेदनशीलता के इस समय में वह अपने स्तर पर सभी तरह से सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। बैठक में मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा द्वारा और जैन समाज द्वारा मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में ग्यारह, ग्यारह लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की गई।



# सैन्य क्षेत्र की फोटो खींचने पर दो युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में सैन्य क्षेत्र की तस्वीरें खींचने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। अब पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इस कार्रवाई के बारे में शनिवार को जानकारी दी। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर देश भर में सैन्य क्षेत्र और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक जानकारी के अनुसार बताया गया कि पकड़े गए संदिग्धों की पहचान जुबेर (32) और इरफान (22) के तौर पर हुई है। जिन्हें शुक्रवार को सैन्य पुलिस ने उस वक्त हिरासत में लिया था, जब वे छावनी में सैन्य क्षेत्र की तस्वीरें ले रहे थे। पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे बिना किसी गुप्त मकसद के सामान्य तरीके से तस्वीरें खींच रहे थे।

## विभिन्न जिलों के उपायुक्तों को आदेश

# युद्ध विराम के बाद ब्लैक आउट खत्म

**चंडीगढ़।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में प्रशासन ने ब्लैकआउट किया था लेकिन अब दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध विराम की घोषणा हो गई है। दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की। भारतीय सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट पर आए पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। जालंधर में डीसी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले में सभी पाबंदियां हटा दी गई हैं और लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद। इसके अलावा मोगा जिले में भी सारी पाबंदी हटा दी गई है। वहीं, मुक्तसर में भी ब्लैकआउट खत्म कर दिया गया है। यहां अब आम दिनों की तरह बाजार खुले रहेंगे।

### अलर्ट पर भारतीय सेना

पंजाब में ब्लैकआउट खत्म होने से जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। हालांकि, सीमा पर तैनात भारतीय सेना अभी भी हाई अलर्ट पर है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है।

# बाड़मेर में हटाई गईं सभी पाबंदियां



## पाक से सीजफायर के ऐलान के बाद प्रशासन का फैसला




**जयपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की सहमति बन गई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी एवं सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ अडिग रुख कायम रखा है और आगे भी ऐसा ही करता रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की सहमति बन जाने का ऐलान होते ही राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में जनजीवन सामान्य होने लगा है। बाड़मेर जिले में जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों को वापस लिया है। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच हुई सीजफायर की आधिकारिक घोषणा के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों को वापस लिया गया है। सभी नागरिक अब सामान्य जन जीवन की ओर लौट सकते हैं। बता दें कि शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में पाकिस्तान ने ड्रोन से हमला किया था। हालांकि सेना ने इन हमलों को नाकाम कर दिया था। सीमा पर तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सीमावर्ती जैसलमेर और बाड़मेर में शनिवार को भी बाजार बंद कर दिए गए थे। यही नहीं केंद्र सरकार ने बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और बाड़मेर जिलों के एयरपोर्टों से 14 मई तक उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दिया था। उम्मीद है कि बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और बाड़मेर जिलों जल्द उड़ानों की बहाली कर दी जाएगी। तनाव बढ़ने के चलते सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर के अलावा जोधपुर में भी सतर्कता बरती जा रही थी। मुख्यमंत्री ने लोगों से भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली खबरे फैलाने से परहेज का सुझाव दिया था। सीजफायर के ऐलान से पहले जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जिले में शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट का ऐलान किया गया था।

# सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स बनने का उत्साह

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के युवाओं ने राष्ट्र सेवा में भागीदारी के लिए कदम बढ़ाया है। प्रशासन की ओर से युवाओं को सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में जुड़ने और आपातकालीन स्थिति में सहायता करने के लिए आमंत्रित किया गया था। डीसी ने बताया कि सिविल डिफेंस के लिए लगे कैंप में उम्मीद थी कि करीब 800 से 1000 लोग आएंगे। उन्होंने कहा कैंप में हमारी उम्मीद से काफी ज्यादा 3 हजार लोग पहुंचे थे। ऐसे में उनको सेक्टर-17 के तिरंगा पार्क में शिफ्ट कर वहां ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले तक चंडीगढ़ में 300 सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता थे लेकिन अब यह संख्या 3300 पहुंच गई है। डीसी ने बताया अब सभी आवेदन को सेक्टर के हिसाब से अलग किया जाएगा। उसके बाद उनकी सूची तैयार कर एक सप्ताह की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे की जंग के दौरान उनकी मदद ली जा सके। इस पहल के तहत शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में सिविल डिफेंस नामांकन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



- युवाओं में चरम पर दिखा जोश
- उम्मीद से तीन गुना पहुंचे भीड़

### लगे भारत माता के नारे

- युवाओं ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगाए। डिप्टी कमिश्नर ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे आगे आएं, प्रशिक्षित हों और जरूरत के समय देश सेवा के लिए तैयार रहें। टैगोर थिएटर में भीड़ इतनी बढ़ी कि वहां पहुंचे युवाओं को सेक्टर 17 जाने के लिए बोल दिया गया है। टैगोर थिएटर से सेक्टर 17 तिरंगा पार्क जाते हुए युवा भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।

### बाहरी युवा भी पहुंचे रजिस्ट्रेशन करवाने

- युवाओं में इतना जोश है कि चंडीगढ़ से बाहर के युवा भी पहुंच गए हैं। हालांकि चंडीगढ़ प्रशासन ने उनसे रजिस्ट्रेशन न करवाने की अपील की है। उनका कहना है कि जो लोकल होंगे उनसे ही मदद ली जा सकती है। बाहरी लोगों को तत्काल मौके पर पहुंचना संभव नहीं हो पाता है।